*
ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
22 जनवरी, 2023
माघ, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2079
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
आजाद सिपाही
रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 95

**एलएसी पर गरजेंगे राफेल और सुखोई**
पूर्वोत्तर में एक से पांच फरवरी तक चलेगा 'प्रलय' युद्धाभ्यास





FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
Admission OPEN 2023-24
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING: ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL: DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY: D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com


## बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री विवादित, केंद्र सरकार ने दिया आदेश

# डॉक्यूमेंट्री छवि बिगाड़ने वाली, ट्वीट शेयरिंग रोकें

- प्रधानमंत्री पर बनायी गयी है डॉक्यूमेंट्री
- सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने जारी किया निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर बनी बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री को शेयर करने वाले ट्वीट्स को ब्लॉक करने का आदेश दिया है। सूत्रों के मुताबिक डॉक्यूमेंट्री की जांच में पाया गया कि यह छवि बिगाड़ने की कोशिश है। डॉक्यूमेंट्री के यू-ट्यूब के लिंक जिन ट्वीट के जरिए शेयर किये गये हैं, उनको भी ब्लॉक कर दिया गया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की ओर से यह निर्देश जारी किये गये हैं।

वहीं, मंत्रालय ने कहा कि बीबीसी ने इसे भारत में उपलब्ध नहीं कराया। कुछ यू-ट्यूब चैनल ने इसे अपलोड किया। ऐसा लगता है कि भारत विरोधी एजेंडे को बढ़ावा देने के लिए इसे अपलोड किया गया है।



**यूट्यूब और ट्विटर का भी एक्शन :** बताया जा रहा है कि यूट्यूब ने भी वीडियो को फिर से अपने प्लेटफॉर्म पर अपलोड करने पर ब्लॉक करने का निर्देश दिया है। ट्विटर ने भी अन्य प्लेटफॉर्म पर वीडियो के लिंक वाले ट्वीट्स की पहचान करने और उन्हें ब्लॉक करने का निर्देश दिया है। यह निर्देश आइटी नियम, 2021 के तहत आपातकालीन शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी किये गये। यू-ट्यूब और ट्विटर दोनों ने इनका पालन किया है। गौरतलब है कि यह डॉक्यूमेंट्री ब्रिटेन के पब्लिक ब्रॉडकास्टर ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन की ओर से बनायी गयी है।

**सरकार ने देश के खिलाफ प्रोपेगैंडा बताया था :** भारत सरकार ने बीबीसी की गुजरात दंगों पर बनी डॉक्यूमेंट्री को प्रधानमंत्री मोदी और देश के खिलाफ प्रोपेगैंडा बताया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को मीडिया ब्रीफ्रिंग में कहा था कि हम नहीं जानते कि डॉक्यूमेंट्री के पीछे क्या एजेंडा है, लेकिन यह निष्पक्ष नहीं है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ दुष्प्रचार है। बागची ने यह भी कहा था कि यह डॉक्यूमेंट्री भारत के खिलाफ एक खास किस्म के दुष्प्रचार का नरेटिव चलाने की कोशिश है। डॉक्यूमेंट्री में दिखता है कि इससे जुड़े हुए लोग और संगठन खास किस्म की सोच रखते हैं, क्योंकि इसमें फैक्ट ही नहीं हैं। यह औपनिवेशिक यानी गुलामी की मानसिकता को दर्शाती है। हम नहीं जानते कि इसके पीछे का एजेंडा क्या है?

**ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने भी किया विरोध :** डॉक्यूमेंट्री पर ब्रिटिश संसद में चर्चा हुई थी। पाकिस्तानी मूल के सांसद इमरान हुसैन ने कहा कि गुजरात दंगों के लिए सीधे तौर पर नरेंद्र मोदी जिम्मेदार थे। अब भी दंगा पीड़ितों को इंसाफ नहीं मिला। उन्होंने ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से सवाल किया कि दंगे में मोदी की भूमिका पर आपका क्या कहना है? इस पर सुनक ने कहा कि बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री में जिस तरह से प्रधानमंत्री मोदी को दिखाया गया है, मैं उससे कतई सहमत नहीं हूं। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन सरकार की स्थिति स्पष्ट है। हम दुनिया के किसी भी हिस्से में होने वाली हिंसा को बर्दाश्त नहीं करते, लेकिन डॉक्यूमेंट्री में पीएम मोदी की जो इमेज पेश की गयी है, मैं उससे बिल्कुल भी सहमत नहीं हूं।

### 17 जनवरी को पहला एपिसोड टेलिकास्ट हुआ

बीबीसी ने 17 जनवरी को 'द मोदी क्वेश्चन' डॉक्यूमेंट्री का पहला एपिसोड यूट्यूब पर रिलीज किया था। दूसरा एपिसोड 24 जनवरी को रिलीज होना था। इससे पहले ही केंद्र सरकार ने पहले एपिसोड को यूट्यूब से हटा दिया। पहले एपिसोड के डिस्क्रिप्शन में लिखा था कि ये डॉक्यूमेंट्री भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुस्लिम अल्पसंख्यकों के बीच तनाव पर नजर डालती है। गुजरात में 2002 में हुए दंगों में नरेंद्र मोदी की भूमिका के दावों की जांच करती है। बता दें कि गुजरात दंगों की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर गठित समिति ने नरेंद्र मोदी को क्लीन चिट दी थी।

## कैश कांड में कांग्रेस के तीनों विधायकों को इडी का नोटिस

- छह को इरफान और सात फरवरी को राजेश कच्छप को बुलाया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कैश कांड में फंसे झारखंड कांग्रेस के तीनों विधायक को इडी ने एक बार फिर नोटिस जारी किया है। इस बार जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी को छह फरवरी को, खिजरी के विधायक राजेश कच्छप को सात फरवरी को और सिमडेगा के विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी को आठ फरवरी को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। इसके पहले तीनों विधायकों को पूछताछ के लिए इडी ने समन किया था, तब तीनों ने दो सप्ताह का समय मांगा था। उनके अनुरोध पर विचार करते हुए इडी ने फरवरी के प्रथम सप्ताह में तीनों को पूछताछ के लिए बुलाया है। इसके पहले उन्हें 13, 16 और 17 जनवरी को बुलाया गया था। इन तीनों पर आरोप है कि सरकार को अस्थिर करने के लिए पैसा लिया था, जिसे कोलकाता पुलिस ने 30 जुलाई को बरामद किया था। उस समय 48 लाख रुपये इनके वाहन से जब्त किये गये थे और तीनों विधायक को जेल भेज दिया गया था। इसी मामले में दर्ज केस को इडी ने टेकओवर किया है। इसी घटनाक्रम पर अरगोड़ा थाना में बेरमो के कांग्रेस विधायक अनूप सिंह ने जीरो एफआइआर दर्ज कराते हुए उन्होंने भी सरकार गिराने की साजिश रचने का आरोप लगाया था। इन तीनों विधायकों से इडी यह जानने की कोशिश करेगी कि बरामद पैसा किसका था और किसने दिया था। हालांकि इस मामले में कोलकाता सीआइडी के समक्ष तीनों विधायक यह स्वीकार कर चुके हैं कि पैसा उनका है और आदिवासियों के बीच धोती-साड़ी और फुटबॉल बांटने के लिए मार्केटिंग करने कोलकाता पहुंचे थे।

## झारखंड पंचायत सचिव का रिजल्ट जारी

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड पंचायत सचिव का रिजल्ट झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने जारी किया है। 1542 अभ्यर्थी पास हुए हैं। 15 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद शनिवार को रिजल्ट जारी कर दिया गया। इसमें पंचायत सचिव के पद पर 1542 और निम्नवर्गीय लिपिक के पद पर 667 उम्मीदवार पास हुए हैं। अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी उस वक्त रघुवर दास की सरकार थी, और अब हेमंत सोरेन सरकार में अभ्यर्थियों को नौकरी मिलेगी। यह मामला कई सालों से कोर्ट में विचाराधीन था।


नामांकन जारी सत्र : 2022–2023
उषा कॉलेज ऑफ फार्मेसी
D.C ऑफिस के पीछे, बड़ा कांकड़ा, सरायकेला
Regd. Under : Health Education & Family Welfare department Govt. of Jharkhand
Recognized by : Pharmacy Council of India (PCI) Govt. of India
Affiliated by : Kolhan University, Chaibasa, Jharkhand.
Course: B.PHARM
(Bachelor in Pharmacy)

Note : BUS & Hostel Facility
Duration : 4Yrs.
Eligibility: 10+2 With PCB/PCM
For more details Contact :
TATA NAGAR INSTITUTE OF PARA MEDICAL TECHNOLOGY
Shere Punjab Chowk, Main Road, Adityapur
Cont. 9334635208, 9472786354



KALINGA INSTITUTE OF INDUSTRIAL TECHNOLOGY (KIIT)
Deemed to be University (Established U/S 3 of UGC Act, 1956), Bhubaneswar, Odisha, India
Within a short span of 25 years, KIIT has joined the league of top higher education institutions in the world.
KIIT's standing in the prestigious global and national ranking of universities reflects its academic excellence.
25 Years Silver Jubilee 1997-2022
SOIL TO SILVER
20th nirf | Rank 1 ARIIA Among Self-Financing Institutes of India | Tier 1 Accreditation Washington Accord NBA | A++ NAAC | ABET (US) Accreditation | IET The Institution of Engineering and Technology
Continuous learning
KIITEE 2023
APPLY ONLINE NOW
Through KIIT Websites
www.kiitee.ac.in / www.kiit.ac.in
No Application / Examination Fee, Computer Based Online Test

THE World University Rankings 2023
301-400 Computer Science | 401-500 Engineering | 601-800 University Ranking
Schools of KIIT
School of Civil Engineering
School of Computer Engineering
School of Electrical Engineering
School of Electronics Engineering
School of Mechanical Engineering
School of Computer Application
School of Architecture
School of Applied Sciences
School of Law
School of Social, Financial & Human Sciences
School of Mass Communication
School of Management
School of Rural Management
School of Biotechnology
School of Chemical Technology
School of Public Health
School of Fashion Technology
School of Film & Media Sciences
School of Spiritualism & Yogic Sciences
School of Language
Kalinga Institute of Medical Sciences
Kalinga Institute of Dental Sciences
Kalinga Institute of Nursing Sciences
CAMPUS PLACEMENT 2022 HIGHLIGHTS
750 + companies | 6000 + job offers | 95% students already placed | ₹52Lakhs highest CTC offered* | 2000+ paid internship opportunities
Director, Admissions : Admission Cell, Koel Campus, Po- KIIT, Bhubaneswar-751024, Odisha, India
Ph: 8080 735 735, Fax : 0674 - 2741465, Email :admission@kiit.ac.in
Google play
KIIT (Deemed to be University) has only one permanent campus in Bhubaneswar, Odisha. It has no other campus / offcampus anywhere else in the country and globe.

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel



## गंभीर आरोप : पहलवानों के आंदोलन से उजागर हुआ खेलों में राजनीति का डर्टी गेम

# राजनीति में खेल जायज है, लेकिन खेल में राजनीति जायज नहीं

**■ कुश्ती तो बानगी है, अन्य स्पर्द्धाओं में भी फैली यही बीमारी है ■ खेल के मैदान में भारत के पिछड़ेपन का यह एक मुख्य कारण है**

**आजाद सिपाही विशेष**

भारतीय खेलों के हालिया इतिहास पर नजर डाली जाये, तो पिछले एक दशक में एक बार ऐसा मामला आया था, जब नामी खिलाड़ियों ने एकजुट होकर अपने खेल संघ के खिलाफ बड़े स्तर पर मोर्चा खोल दिया था। बीच-बीच में खिलाड़ियों के खेल संघों के साथ मतभेद सामने आते रहे हैं, चाहे वे बैडमिंटन खिलाड़ी हों, टेनिस प्लेयर हों या टेबल टेनिस प्लेयर। लेकिन इससे पहले बड़े स्तर पर 2013 में लड़ाई लड़ी गयी थी। उस समय भारत की चोटी के टेनिस खिलाड़ियों ने बुनियादी सुविधाओं के अभाव में दक्षिणी कोरिया के खिलाफ दिल्ली में डेविस कप मैच खेलने से मना कर दिया था। इसका नतीजा यह हुआ था कि भारतीय टेनिस महासंघ को मुकाबले में दोयम दर्जे की टीम उतारनी पड़ी और हार का सामना करना पड़ा। आखिरकार टेनिस महासंघ को खिलाड़ियों की लगभग सभी शर्तों को मानना पड़ा। लेकिन इसी सप्ताह दिल्ली के जंतर मंतर पर जो हुआ, वह कई मायनों में अभूतपूर्व था। ऐसा पहले कभी नहीं देखने को मिला था कि तीन ओलंपिक मेडलिस्ट और दो विश्व चैंपियनशिप मेडल विजेता पहलवान धरने पर बैठे हों। ये लोग ना केवल कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह पर तानाशाही रवैये का आरोप लगा रहे थे, बल्कि उनके खिलाफ यौन शोषण जैसे गंभीर आरोप भी लगाये। पहलवानों के इस आंदोलन ने भारतीय खेल जगत में राजनीति के उस डर्टी गेम का काला चेहरा सामने लाकर रख दिया, जिससे न केवल कुश्ती, बल्कि लगभग हर खेल प्रभावित है। और इससे भी बढ़ कर यह भी हकीकत है कि भारत के खेलों की दुनिया में पिछड़ने का यह एक प्रमुख कारण बन कर उभरा है। राजनीति में खेल को ही असल राजनीति कहते हैं, लेकिन खेल में राजनीति हो, तब वह खेल नहीं रह पाता। उससे खेल और खिलाड़ी सभी प्रभावित होते हैं। देश का नाम भी शर्मसार होता है। दिल्ली में मेडल विजेता पहलवानों के धरने की पृष्ठभूमि में इस पूरे विवाद का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

### बृजभूषण शरण सिंह का संक्षिप्त परिचय

बृजभूषण सिंह लगातार छह बार से सांसद का चुनाव जीत रहे हैं। 50 से ज्यादा स्कूल-कॉलेज के मालिक हैं। चुनावी हलफनामे के मुताबिक बृजभूषण सिंह के पास करीब 10 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति है। वहीं उनकी पत्नी के पास करीब छह करोड़ रुपये की संपत्ति है। उनके पास स्कॉर्पियो, फोर्ड और फॉर्च्यूनर जैसी कई गाड़ियां हैं। रसूख ऐसा कि पार्टी लाइन से अलग भी बयानबाजी करते हैं। दबदबा ऐसा कि 11 साल से भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष हैं। बृजभूषण सिंह ने एक बार एसपी ऑफिस में एसपी पर ही पिस्टल तान दी थी और 200 गालियां दीं। दिसंबर 2021 में बृजभूषण शरण सिंह रांची में अंडर-15 पहलवानी के मुकाबले में चीफ गेस्ट थे। उस प्रतियोगिता में अपनी आयु के सत्यापन को लेकर एक पहलवान मंच पर गया। वह बृजभूषण सिंह से अपनी बात कहने के लिए मंच पर चढ़ गया। उसका यह तरीका बृजभूषण को पसंद नहीं आया। बृजभूषण भड़क गये और पहलवान को एक-एक कर चार थप्पड़ जड़ दिये। इसका वीडियो भी वायरल हुआ था। बृजभूषण शरण सिंह हेलिकॉप्टर और घोड़ों की सवारी के लिए भी मशहूर हैं।

18 जनवरी, सुबह लगभग 30 पहलवानों ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन शुरू किया था। इसके बाद यह प्रदर्शन लगातार बढ़ता गया। ये पहलवान मामूली नहीं थे, बल्कि ओलिंपिक और विश्व चैंपियनशिप में भारत का परचम लहरानेवाले चैंपियन थे। इसलिए सरकार ने तीन दिन बाद समुचित आश्वासन दिया और फिर पहलवानों का आंदोलन खत्म हुआ। लेकिन इस आंदोलन ने जो सबसे बड़ा सवाल सामने रखा है, वह यह कि क्या खेलों में राजनीति के इस डर्टी गेम को इसी तरह जारी रखा जाना चाहिए।





**कभी पूछो तो खिलाड़ियों से, बतायेंगे अपनी पीड़ा**

### पहलवानों ने क्यों दिया धरना

इन 30 पहलवानों ने भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष और गोंडा के दबंग भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह के खिलाफ धरना शुरू किया था और उन पर कई गंभीर आरोप लगाये थे। हालांकि बृजभूषण ने इस आरोपों को सिरे से खारिज किया और पहलवानों पर आरोप लगा दिये। बृजभूषण के आरोपों का पहलवानों पर कोई असर नहीं पड़ा और प्रदर्शन जारी रहा। इस बीच खेल मंत्रालय और कुश्ती संघ ने बातचीत के जरिये मामला सुलझाने की कोशिश की, लेकिन सारी कोशिशें नाकाम रहीं। पहलवान अपनी मांग पर अड़े रहे। अंत में पहलवानों के सामने बृजभूषण के दांव पेंच कमजोर पड़ गये और उन्हें कुश्ती संघ के अध्यक्ष पद से अस्थायी रूप से हटा दिया गया। उनके ऊपर लगे आरोपों की जांच के लिए समिति बना दी गयी।

### कैसे बनी टकराव की स्थिति

यह तो सभी जानते हैं कि 2008 बीजिंग ओलिंपिक में सुशील कुमार की ऐतिहासिक कांस्य पदक जीत के बाद भारत में कुश्ती का स्तर लगातार बेहतर होता चला गया। फिर 2012 के लंदन खेलों में सुशील कुमार ने रजत और योगेश्वर दत्त ने कांस्य पदक जीता। इससे पहलवानों की छवि में काफी सुधार आया। अब पहलवानों को सम्मान की दृष्टि से देखा जाने लगा, क्योंकि कुश्ती ही ऐसा खेल था, जो ओलिंपिक स्तर पर लगातार भारत का परचम लहरा रहा था। 2016 में रियो ओलिंपिक में साक्षी मलिक ने कांस्य पदक जीत कर यह सिलसिला जारी रखा। फिर एक दौर आया, जब बजरंग पुनिया और विनेश फोगाट ने विश्व चैंपियनशिप जैसे बड़े टूर्नामेंट में मेडल जीतने शुरू किये। शायद ही कोई मुकाबला हो, जहां इन दो खिलाड़ियों ने मेडल ना जीते हों। पहलवानों की कामयाबी के साथ ही अब कॉरपोरेट जगत की भी इस खेल में रुचि बढ़ी। प्रो रेसलिंग लीग जैसी प्रतियोगिता भारत में आनी शुरू हुई। इससे खिलाड़ियों को आर्थिक मदद के अलावा विदेशों में जाकर तैयारी करने के रास्ते खुलने लगे और विदेशी कोचों के साथ ट्रेनिंग करने का मौका भी मिलने लगा। फिर कुछ गैर-सरकारी संगठन चुनिंदा पहलवानों को मदद करने लगे। इसके अच्छे नतीजे भी मिले, क्योंकि अब खिलाड़ी विदेशों में रह कर उन्हीं पहलवानों के साथ ट्रेनिंग करने लगे, जिनके साथ उनको टूर्नामेंट में भिड़ना होता था। इससे पहलवानों की झिझक भी कम हुई और विदेशों में बेहतर सुविधाओं के कारण उनका प्रदर्शन एक अच्छे लेवल पर रहने लगा। इधर सरकार ने भी टॉप्स स्कीम के जरिये खिलाड़ियों की मदद शुरू की। लेकिन भारतीय कुश्ती महासंघ को गैर-सरकारी संगठनों का पहलवानों के साथ 'डायरेक्ट कांटैक्ट' रास नहीं आया। महासंघ ने 2022 में इस तरह की सारी मदद पर रोक लगा दी और एलान कर दिया कि उसे गैर सरकारी संस्थानों का हस्तक्षेप पसंद नहीं और ये संस्थान अब पहलवानों की मदद महासंघ की अनुमति के बिना नहीं कर सकते। इसके बाद पहलवानों को मिलने वाली सुविधाएं, जैसे मनपसंद विदेशी कोच, फिजियो और विदेशों में ट्रेनिंग भी बंद हो गयी। पहलवानों और महासंघ का टकराव यहीं से शुरू हुआ। इसका नतीजा यह हुआ कि महासंघ ने 150 पहलवानों को बीसीसीआइ की तर्ज पर 2018 में जो कांट्रैक्ट बांटे थे, उनका भी सम्मान नहीं किया। उस कांट्रैक्ट के मुताबिक ए ग्रेड के पहलवानों को 30 लाख रुपये सालाना मिलने थे, लेकिन कुश्ती महासंघ ने दो-तीन त्रैमासिक किश्तों के बाद ये पैसा देना भी बंद कर दिया। अब खिलाड़ियों को ना तो प्राइवेट स्पांसरशिप से पैसे मिल रहे थे और ना ही महासंघ उन्हें अनुबंध के पैसे दे रहा था। लिहाजा पहलवानों के अंदर धीरे-धीरे आक्रोश भरता चला गया.

### भाजपा की परेशानी बढ़ सकती है

भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों के मामले ने सियासी गलियारे में भी खलबली मचा रखी है। भले ही केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से बातचीत के बाद पहलवानों ने फिलहाल प्रदर्शन स्थगित कर दिया है, लेकिन आने वाले दिनों में यह विवाद और तूल पकड़ सकता है। इस पूरे विवाद में भाजपा का सिरदर्द बढ़ सकता है। इस पूरे विवाद में नाटकीय मोड़ उस समय आया, जब प्रदर्शनकारी पहलवानों को कांग्रेस के साथ-साथ वाम दलों, आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी का भी समर्थन मिला। दिल्ली की पालम 360 खाप पंचायत के प्रधान सुरेंद्र सिंह सोलंकी ने भी पहलवानों का समर्थन किया। इसका सीधा असर राजनीतिक परिदृश्य पर पड़ सकता है।

### क्यों भाजपा का सिरदर्द बढ़ा सकती है ये लड़ाई

अगले साल देशभर में लोकसभा चुनाव होना है। इसके ठीक बाद हरियाणा में विधानसभा चुनाव भी है। बृजभूषण सिंह के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले ज्यादातर पहलवान हरियाणा से ही हैं। अब हरियाणा की खाप पंचायतों ने भी इन पहलवानों का समर्थन कर दिया है। किसान संगठन भी इनके समर्थन में उतर आये हैं। प्रदर्शनकारी ज्यादातर खिलाड़ी जाट समुदाय से आते हैं। यही कारण है कि अब भाजपा के खिलाफ यह राजनीतिक मुद्दा बनता जा रहा है। किसान आंदोलन के समय भी बड़ी संख्या में जाट समुदाय के लोगों ने केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया था। अब एक बार फिर से वही माहौल बनता दिख रहा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की खाप पंचायतें भी पहलवानों के समर्थन में उतर आयी हैं। ऐसे में अगर समय रहते इसे निस्तारित नहीं किया गया, तो आने वाले चुनावों में भाजपा के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। अगर हरियाणा की खाप पंचायतों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया, तो सबसे ज्यादा नुकसान भाजपा को ही उठाना पड़ेगा। तब ये जातिगत विवाद भी हो जायेगा।

बृजभूषण सिंह भी पूर्वांचल के बाहुबली नेता हैं। बृजभूषण ठाकुर बिरादरी से आते हैं और इस वर्ग के वोटरों के बीच इनकी अच्छी पैठ मानी जाती है। बृजभूषण खुद छह बार के सांसद रह चुके हैं। उनकी पत्नी भी सांसद रह चुकी हैं। उनके बेटे प्रतीक भी दो बार से विधायक हैं। ऐसे में अगर बृजभूषण पर कार्रवाई होती है, तो यूपी में ठाकुर वोटर नाराज हो सकते हैं। पूर्वांचल में समीकरण भी बिगड़ सकता है। वहीं, अगर कार्रवाई नहीं होती है तो हरियाणा और पश्चिमी यूपी के जाट नाराज हो सकते हैं।

कुल मिला कर पहलवानों का आंदोलन ऐसा डर्टी गेम बन गया है, जिसे खत्म करना भाजपा के लिए ही नहीं, बल्कि सभी के लिए जरूरी हो गया है। यह विवाद जितना जल्दी सुलझेगा, उतना ही अच्छा होगा।

---

## साहिबगंज पहुंचा गंगा विलास क्रूज सैलानियों का हुआ जोरदार स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** झारखंड के साहिबगंज में सबसे लंबा जलमार्ग तय करने वाला गंगा विलास क्रूज विदेशी सैलानियों को लेकर अपने निर्धारित तारीख से एक दिन पहले ही पहुंच गया। पहले इस क्रूज के 21 जनवरी को साहिबगंज आने की संभावना जतायी गयी थी। रात में यह क्रूज गंगा नदी के समदा घाट पर रुका है। विदेशी सैलानियों से भरे इस क्रूज की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने चाक चौबंद व्यवस्था की है। बनारस से डिब्रूगढ़ की सबसे लंबी नदी यात्रा पर निकला गंगा विलास क्रूज तय समय से पहले शुक्रवार की शाम को मनिहारी के रास्ते झारखंड की सीमा में प्रवेश करते हुए साहिबगंज के समदा गंगा घाट पहुंचा। गंगा विलास क्रूज गंगा नदी में ही लंगर डालकर रात्रि हॉल्ट किया। वहीं, डीसी रामनिवास यादव के नेतृत्व में जिला प्रशासन की पूरी टीम ने समदा घाट पर गंगा विलास क्रूज में सवार विदेशी मेहमानों का स्वागत किया। जैप और जिला बल के जवानों को मोटर बोट और यात्री जहाज एवं मालवाहक जहाज में लेकर सुरक्षा व्यवस्था में तैनात किया गया है। डीसी रामनिवास यादव ने बताया कि शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे गंगा विलास से आये मेहमानों का भव्य स्वागत किया जायेगा और कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जानकारी के अनुसार सुबह विदेशी मेहमान मल्टी मॉडल बंदरगाह घूमेंगे, वहीं लोगों से मिलेंगे। वहीं, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। गंगा और घाट को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। मौके पर एसपी अनुरंजन, डीएफओ मनीष तिवारी, आइडब्ल्यूएआइ निदेशक संजीव कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष गर्ग, जिला खनन पदाधिकारी विभूति कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सविता सिंह, एनडीसी मिथलेश झा, एसडीओ राहुल जी आनंद जी, एसडीपीओ सहित अन्य उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि गंगा विलास क्रूज 51 दिनों के सफर पर है। डिब्रूगढ़ उसका अंतिम पड़ाव होगा। एमवी गंगा विलास शिप 62 मीटर लंबा और 12 मीटर चौड़ा है। इसमें तीन डेक हैं और 36 पर्यटकों की क्षमता वाले 18 सुइट्स हैं। क्रूज में स्विट्जरलैंड के 32 पर्यटक वाराणसी से डिब्रूगढ़ की यात्रा का आनंद उठायेंगे। वाराणसी से चलकर क्रूज आठवें दिन झारखंड के साहिबगंज पहुंचा है।

**गंगा घाट को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है**

## दहेज के लिए महिला को जिंदा जलाने वाले पति और सास-ससुर को उम्रकैद

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोड्डा।** झारखंड के गोड्डा जिले में दहेज के लिए विवाहिता को केरोसिन छिड़क कर जला कर मार देने के मामले में मोतिया निवासी पति रमन कुमार, ससुर सुभाष हरिजन एवं सास सुशीला देवी को जिला जज तृतीय जनार्दन सिंह की अदालत ने उम्र कैद की सजा सुनायी है। न्यायालय ने तीनों दोषियों को 14 वर्ष सश्रम कारावास तथा 25000 रुपये जुर्माना भरने की सजा सुनायी। जुर्माना नहीं भरने पर एक साल अतिरिक्त कारावास की सजा काटनी होगी।

19 जुलाई 2014 की घटना को लेकर मोतिया ओपी पर की गयी शिकायत के आधार पर मुफस्सिल थाना में कांड अंकित कर पुलिस अनुसंधान शुरू किया गया था। प्राथमिकी की सूचक अरुणा देवी ने पुलिस को बताया था कि उनकी बेटी को दहेज के लिए जलाकर मार डाला गया। अरुणा देवी के अनुसार उनकी पुत्री सोनी देवी की शादी मोतिया के रमन कुमार के साथ वर्ष 2010 में हुई थी।

### पहले समझौता फिर दी मौत

यह मांग पूरी करने में वे सभी असमर्थता जताने लगे तो सोनी के साथ मारपीट कर पति और सास-ससुर ने उसे घर से भगा दिया। बाद में जब सुलह समझौता हुआ तो ससुराल वाले सोनी को अपने साथ ले गये। इस बीच 19 जुलाई 2014 को मोतियो गांव में ही सोनी को केरोसिन छिड़क कर जला डाला गया। गंभीर रूप से जख्मी सोनी को इलाज के लिए मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन वहां उसकी मौत हो गयी।

**केरोसिन छिड़क कर जला डाला गया**

### साहिबगंज में भी दहेज के लिए महिला से मारपीट

इधर साहिबगंज जिले में भी महिला से दहेज को लेकर मारपीट व जान से मारने की साजिश रचने का मामला सामने आया है। बोरियो क्षेत्र के कुम्हरिया गांव के नंदलाल ठाकुर की पुत्री सुनीता देवी ने अपने पति, सास, ससुर, देवर, जेठ एवं गोतनी के विरुद्ध दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट करने एवं जान से मारने की नियत से सोए अवस्था में किरोसिन डालकर आग लगाने की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। सुनीता देवी का कहना है कि उसकी शादी 2009 में तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के पिलघुट्ट में विकास ठाकुर के साथ हुई। शादी के तीन साल बाद से उसके पति का व्यवहार बदल गया। बिना वजह मारपीट करने लगा। दहेज के लिए दो लाख रुपया नकद एवं एक बाइक की मांग करने लगा।

## नाबालिग ने दिया बच्चे को जन्म: चाचा ही करता था रेप

**बच्ची के गर्भवती होने की किसी को नहीं थी जानकारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिला मुख्यालय के नजदीक मड़वा आंजन गांव के शादीशुदा चाचा ने 14 वर्षीय भतीजी के साथ अनैतिक संबंध बनाया, जिसके बाद किशोरी गर्भवती हो गयी और शुक्रवार की शाम सदर अस्पताल गुमला में एक बच्चे को जन्म दिया।

### आरोपी के विरुद्ध दर्ज हुई प्राथमिकी

बच्चे के जन्म के बाद आरोपी सत्यार्थी साय के विरुद्ध सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। किशोरी के पिता ने बताया कि उसके गांव में रहने वाला उसका भाई सत्यार्थी ने मेरी बेटी को प्रेम जाल में फंसाकर उसके साथ अनैतिक संबंध बनाया। जबकि आरोपी युवक पहले से ही शादीशुदा है और एक बच्चे का पिता भी है। जून 22 के आसपास से ही आरोपी ने उसकी बेटी के साथ शारीरिक संबंध बना लिया था। ऐसा भी बताया जा रहा है कि उसने लगभग चार बार अनैतिक संबंध बनाये थे। जिसका पता गांव वालों को चल गया था। जिसके बाद गांव में मामले को लेकर पंचायत भी हुई। पंचायत में निर्णय लिया गया कि दोनों को अलग अलग रखा जाये। पंचायत के मशविरे के बाद किशोरी को पढ़ने के लिए कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में भेज दिया गया। जहां वह अभी आठवीं कक्षा की छात्रा है। शुक्रवार की शाम लगभग 7:00 बजे छात्रा ने वार्डन से पेट में दर्द की शिकायत की।

इलाज के लिए छात्रा को सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया गया। स्कूल प्रबंधन के होश तब उड़े जब उसे जांच में गर्भवती बताया गया। साथ ही महिला चिकित्सकों ने बताया कि उसके गर्भ का समय भी पूरा हो चुका है। शनिवार की रात्री उसने एक बच्चे को जन्म दिया। मामला प्रकाश में आने के बाद सीडब्ल्यूसी के सदस्य अस्पताल पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की तथा छात्रा का फर्द बयान दर्ज किया। वहीं घटना की जानकारी के बाद परिजन पहुंचे सदर अस्पताल स्पताल आये। वहीं घटना का खुलासा होने के बाद जिला शिक्षा अधीक्षक और जिला शिक्षा पदाधिकारी अस्पताल आये और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। वहीं उच्च अधिकारियों के निर्देश पर विद्यालय की वार्डन ने देर रात गुमला थाना में आरोपी युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी। अब पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### किसी को नहीं पता था कि छात्रा गर्भवती है

छात्रा के पिता और विद्यालय के वार्डेन ने बताया कि छात्रा को देखकर पता ही नहीं चल पा रहा था कि वह गर्भवती है। छात्रा ने इस बात का किसी पास जिक्र भी नहीं किया। विद्यालय के वार्डेन ने बताया अगस्त 2022 में छात्रा का आठवीं क्लास में नामांकन कराया गया था और इससे पहले से ही वह गर्भवती हो गयी थी। विद्यालय की वार्डेन ने शुक्रवार की देर रात इस मामले में युवक के खिलाफ गुमला थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी। पिछले शनिवार को पीड़िता स्कूल से घर आयी थी और सोमवार को खुद उसके पिता ने उसे विद्यालय पहुंचाया था। लेकिन देखकर पता ही नहीं चलता था कि वह गर्भवती है।

### कोडरमा में दुष्कर्म की शिकार नाबालिग ने बच्ची को दिया जन्म

**कोडरमा।** जिले के नवलशाही में एक आदिवासी नाबालिग से दुष्कर्म के बाद पीड़िता ने शनिवार को बच्ची को जन्म दिया है। पीड़ित मानसिक रूप से कमजोर है और मां के साथ रह कर एक सरकारी स्कूल में पढ़ती है। पीड़ित की मां ने कहा कि नवलशाही के रंजीत कुमार ने बंदूक दिखा कर उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया। उसने डर से इस बारे में किसी को कुछ नहीं बताया। यह मामला तब सामने आया, जब उसकी बेटी गर्भवती हो गयी। प्रसव पीड़ा होने पर उसे कोडरमा सदर अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर उसका प्रसव कराया और उसने पुत्री को जन्म दिया। पीड़ित की मां ने आरोपित को सजा दिलवाने की बात कही है।

www.epaper.azadsipahi.in

22 जनवरी, 2023
माघ, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2079
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 95

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

मिस्र के राष्ट्रपति अल-सिसी गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे, मिस्र सेना की टुकड़ी भी परेड में भाग लेगी





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 22 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in


# राज्यपाल से मिला चेंबर का प्रतिनिधिमंडल, सौंपा ज्ञापन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस से शनिवार को राजभवन में झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। कृषि शुल्क विधेयक की अव्यवहारिकताओं का उल्लेख करते हुए राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपते हुए विस्तार से सारी चीजें बतायीं। विधेयक के प्रभावी होने से राज्य का व्यापार और किसान प्रभावित होंगे। बताया गया कि किस प्रकार इसकी अव्यवहारिकताओं को देखते हुए वर्ष 2015 में शुल्क को शून्य कर दिया गया था, जो झारखंड के कृषकों और व्यापारियों के हित में रहा। इस विधेयक के माध्यम से शुल्क की वापसी से पुनः अनियमितताएं बढ़ेंगी और पूर्व की दिक्कतें पुनः वापस आ जायेंगी। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि झारखंड में अधिकांश आयातित वस्तुओं का ही व्यापार होता है। ऐसी वस्तुओं के कृषि शुल्क में आने से यह किसी विपणन व्यवस्था की फीस न होकर सीधा सीधा एक टैक्स है, जो जीएसटी के अतिरिक्त डबल टैक्सेशन होगा। अन्य राज्य से आयातित वस्तु पर अधिकतम स्लैब में कृषि शुल्क लगाकर जिसपर बाजार समिति ने कोई सुविधा उपलब्ध नहीं करायी है, यह सीधा-सीधा आम उपभोक्ता पर महंगाई को बढ़ानेवाला है। यह आग्रह किया गया कि पुनर्विचार करते हुए राज्य के किसान और व्यवसाय हित में इस विधेयक को पूर्णरूप से समाप्त करने की पहल करें। राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल की सभी बातों को ध्यानपूर्वक सुना। प्रतिनिधिमंडल में उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, महासचिव डॉ अभिषेक रामाधीन, पूर्व अध्यक्ष प्रवीण जैन छाबडा, रांची चैंबर पंडरा के अध्यक्ष संजय माहुरी शामिल थे।

## जेल में बंद मुंगेरी यादव करता था मोबाइल का इस्तेमाल

# इडी के गवाह पर साहिबगंज पुलिस ने दर्ज की प्राथमिकी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की जेलों में मोबाइल फोन के खेल का खुलासा हुआ है। साहिबगंज जेल में बंद पत्थर माइनिंग करने वाले प्रकाश चंद्र यादव उर्फ मुंगेरी यादव मोबाइल फोन का इस्तेमाल करता था। साहिबगंज प्रशासन ने मुंगेरी के खिलाफ इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। मुंगेरी बीते साल 30 जुलाई से जेल में बंद है। उसे साहिबगंज

### 16 जनवरी को जब्त किया गया था फोन

पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज मामले में बिरसा मुंडा हवाई अड्डे के पास से गिरफ्तार किया था।

जानकारी के मुताबिक निरीक्षण के दौरान 16 जनवरी को एंड्रायड मोबाइल फोन जब्त किया गया। जेल प्रशासन ने दावा किया कि मोबाइल फोन एक सेल के पास मिला है। प्रशासन ने आगे दावा किया कि जांच में पता चला है कि प्रकाश चंद्र यादव और एक अन्य जेल कैदी शोभित यादव इस मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते थे। साहिबगंज जिले के जीरावारी थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) साहिबगंज में अवैध पत्थर खनन घोटाले की जांच कर रहा है। प्रकाश चंद्र यादव का बेटा अंकुश यादव एजेंसी का गवाह है। हालांकि प्रकाश चंद्र यादव ने क्राइम कंट्रोल एक्ट के तहत अपनी हिरासत को चुनौती दी है।

उधर, अवैध पत्थर खनन के आरोपी पंकज मिश्रा से जुड़े ऐसे ही एक मामले में रांची पुलिस और बिरसा मुंडा केंद्रीय जेल प्राधिकरण ने अभी तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की है। जबकि अदालत को सौंपे गये एक हलफनामे में इडी इसका खुलासा कर चुकी है।

# डीपीएस में प्रोजेक्ट मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन

### विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची के परिसर में शनिवार को प्रोजेक्ट मॉडल प्रदर्शनी एकेडएक्सपो का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में छिपी रचनात्मकता, जिज्ञासा और नवीन कौशल को उजागर करना था। विद्यालय परिसर में आयोजित इस प्रदर्शनी में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित शानदार प्रदर्शनों की श्रृंखला प्रदर्शित की गयी। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ राम सिंह ने किया। इसी के साथ ही विद्यार्थियों के अभिभावक भी इस प्रदर्शनी का हिस्सा बने और प्रदर्शनी की शोभा बढ़ायी।

इस कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से नवमी एवं ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्होंने अपनी उत्साहपूर्ण भागीदारी दिखाते हुए अपने रचनात्मक विचारों को प्रस्तुत किया। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा मैथमेटिकल साइंस, लाइफ साइंस, एनवायर्नमेंटल साइंस, सोशल साइंस, लैंग्वेज एंड लिटरेचर, टीचिंग एंड प्रिपरेशन, आर्ट एंड क्राफ्ट एवं स्पोर्ट्स एंड फिजिकल एजुकेशन जैसे विषयों पर लगभग 1000 परियोजनाओं और मॉडलों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की गयी। साथ ही, विद्यार्थियों द्वारा भौतिक विज्ञान, वायुगतिकी, जलगतिकी, कंप्यूटर साइंस, साइबर सिक्योरिटी, अर्थ एंड एनवायरनमेंट साइंस, बायोटेक्नोलॉजी, जेनेटिक्स, हेल्थ एंड हाइजीन, वाटर हार्वेस्टिंग, एनर्जी रिसोर्सेज एंड कंजर्वेशन, स्टार्टअप प्लान्स, बैंकिंग, स्टॉक मार्केट एवं फाइनेंस जैसे कांसेप्ट पर ज्ञान साझा किया गया।

विद्यार्थियों द्वारा बनाये गये प्रमुख मॉडल इस प्रदर्शनी के प्रमुख आकर्षण - स्मार्ट डस्टबिन, चैटबोट, ए आइ रोबोट, गार्बेज कलेक्टिंग रोबोट, वाटर कंजर्वेशन एप, 3 डी होलोग्राम प्रोजेक्टर, मोशन सेंसर का स्ट्रीट लाइट में उपयोग, मेकैनिकल हैंड फॉर डिसेबल्ड, दक्षिण भारत की वास्तुकला शैली, ड्रिप इरीगेशन, वाटर लेवल इंडिकेटर, अर्थक्वेक अलार्म आदि थे। अंग्रेजी भाषा में वोकैबुलरी, फिगर ऑफ स्पीच पर आधारित मॉडल प्रमुख आकर्षण थे। प्राइमरी विंग के छात्रों ने भी अद्वितीय विषयगत प्रदर्शन प्रस्तुत किये। अंग्रेजी के लिए यह रुडयार्ड किपलिंग की जंगल बुक, हिंदी के लिए कृष्ण की झांकी, विज्ञान के लिए यह स्कल्प्टिंग इंडिया, सामाजिक विज्ञान के लिए यह अतुल्य भारत और गणित के लिए यह दैनिक जीवन में गणित था। इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ राम सिंह ने कहा कि शिक्षण कक्षा की दीवारों के भीतर ही सीमित नहीं होना चाहिए एवं विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए उनकी रचनात्मकता और गुणों को हमेशा बढ़ावा देना चाहिए। डीपीएस रांची हमेशा विद्यार्थियों के समग्र विकास में विश्वास करता है, इसलिए प्रत्येक छात्र को उद्देश्यपूर्ण परिवेश प्रदान किया जाता है, जिसमें वे आसानी से कौशल और ज्ञान प्राप्त करते हैं।

# रघुवर दास ने पंचायत सचिव पद के लिए चयनित सभी अभ्यर्थियों को बधाई दी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने इंटरमीडिएट स्तरीय परीक्षा 2017 के परिणाम जारी होने पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने ट्वीट कर कहा कि पंचायत सचिव पद के लिए चयनित सभी अभ्यर्थियों को हार्दिक बधाई और उनके उज्जवल भविष्य की अनंत मंगलकामनाएं। लंबी लड़ाई के बाद यह सफलता हासिल हुई है। पूरी तन्मयता और इमानदारी के साथ कार्य कर राज्य की सेवा करें। हमारी सरकार में पंचायत सचिवालय में नियुक्ति के लिए सारी प्रक्रियाएं पूरी कर दी गयी थीं, लेकिन सरकार जाने के बाद यह मामला लटक गया। छात्रों ने लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी। उसके बाद उन्हें न्याय मिला। फिर से सभी को अपनी शुभकामनाएं देता हूं।

# डॉ अरविंद चरण मंगल को बेस्ट नेफ्रोलोजजिस्ट ऑफ द इयर झारखंड 2023 से सम्मानित किया गया




रांची (आजाद सिपाही)। डॉ अरविंद चरण मंगल को बेस्ट नेफ्रोलोजजिस्ट ऑफ द इयर झारखंड 2023 से सम्मानित किया गया। डॉ अरविंद को यह सम्मान चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट और स्वास्थ्य सेवा में बेहतरीन योगदान के लिए वर्ल्ड वाइड अचीवर की तरफ से 19 जनवरी को दिल्ली में आयोजित हेल्थकेयर लीडर्स समिट एंड अवार्ड 2023 के सम्मान समारोह में प्रेमजीभाई सोलंकी, लोकसभा सांसद एवं सिने अभिनेत्री भाग्यश्री के हाथों प्रदान किया गया। बता दें कि डॉ अरविंद चरण मंगल, झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिला के चक्रधरपुर प्रखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र सनाईकुटी गांव के निवासी हैं और हो जनजाति से संबंधित हैं। यह पहली दफा है कि चिकित्सा के क्षेत्र में किसी आदिवासी डॉ को इतनी बड़ी सम्मान मिली है। डॉ अरविंद वर्तमान में रांची के बरियातू स्थित मां रामप्यारी सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल में कार्यरत हैं।

# राहुल गांधी के खिलाफ वारंट जारी करने का किया अनुरोध

### अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में कोर्ट में हाजिर नहीं हुए राहुल गांधी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह पर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी की आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में शनिवार को एमपी-एमएलए की विशेष अदालत में सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट के समन के बावजूद राहुल गांधी के उपस्थित नहीं होने पर पर शिकायतकर्ता के वकील ने उनके खिलाफ वारंट जारी करने का अनुरोध किया।

कोर्ट में सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता के अधिवक्ता ने अदालत से अनुरोध किया कि समन के बावजूद राहुल गांधी पक्ष नहीं रख रहे हैं। इसलिए उनके खिलाफ वारंट जारी किया जाये। शिकायतकर्ता के वकील ने कहा कि मामले में अदालत ने पिछले महीने समन जारी किया था। इसके बावजूद अदालत में राहुल गांधी की ओर से पक्ष नहीं रखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली में आयोजित अधिवेशन में भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ता नवीन झा ने राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

# लोक सेवा समिति की वर्षगांठ पर होगा कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोक सेवा समिति की बैठक शनिवार को रांची के बरियातू जोड़ा तालाब में हुई। इसमें लोक सेवा समिति की 32 वीं वर्षगांठ पर भव्य कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया।

इस अवसर पर कवि सम्मेलन, मुशायरा, सेमिनार, प्रेरणा स्मारक का लोकार्पण और झारखंड रत्न, विशिष्ट सेवा सम्मान- 2023 से चयनित विभूतियों जिन्होंने ने समाजसेवा, शिक्षा, साहित्य, कला संस्कृति, खेलकूद, सीएसआर आदि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्था या व्यक्ति को चयन समिति द्वारा चयनित कर समारोह में सम्मानित किया जायेगा। इसके लिए 15 फरवरी तक समिति के मुख्यालय, एबीसी काम्प्लेक्स, मेन रोड रांची में, या व्हाट्सअप नंबरः 9934192072 में अपना प्रोफाइल भेज सकते हैं। बैठक में देश की आजादी में झारखंड में हुए शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों की पहचान और सम्मान हो इसके लिए चिह्नित आयोग का राज्य सरकार गठन करे। बैठक की अध्यक्षता कमल बोस ने की और धन्यवाद जावेद अख्तर ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से मो नौशाद खान, मुस्तफा अंसारी, सुजाता भाकात, पूनम कुमारी, लतीफ खान, तुषार कांति, मनपूर्ण नायक, एजाज अनवर, शुतरु नायक, मोनाजिर अंसारी और कुमार एस आदि मौजूद थे।

## हरमू मैदान में सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का समापन

# काम ऐसा करो कि संसार में शोर होने लगे : राजन महाराज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हरमू मैदान में चल रहे सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के अंतिम दिन कथा का रसपान कराते हुए कथावाचक राजन महाराज ने कहा कि एक-एक सदगुण यदि जीवन में उतारा जाये तो साधारण मनुष्य भी सज्जन बन सकता है। जीवन में कभी शोर मत करें, काम और कर्म ऐसा करें कि संसार में शोर होने लगे। महाराज श्री ने कहा कि कामना करें कि आपके जीवन में कोई न कोई अभाव बना रहे। क्योंकि अभाव में सदा स्वभाव बना रहता है और ईश्वर की याद बनी रहती है। कथा कहती है कि घर से बाहर जाते समय अपने से श्रेष्ठ का आशीर्वाद लेकर निकलें, सब मंगल होगा।

### फायदा देखकर जीवन में कभी कायदा नहीं बदलें

महाराज श्री ने कहा फायदा देखकर जीवन में कभी कायदा नहीं बदलना चाहिए। जीवन में कितना भी बड़ा लाभ दिख रहा हो और वह यदि अधर्म प्राप्त होनेवाला है तो उससे अच्छा निर्धन बनकर रहा जाये। बाली अधर्ममार्गी है। इसलिए



प्रभु ने सुग्रीव से मित्रता की। उन्होंने कहा सुंदरकांड रामचरित मानस के समस्त कांडों में श्रेष्ठ है। सुंदरकांड की शुरुआत किष्किंधाकांड पर्वत से होती है। प्रसंग को आगे बढाते हुए महाराज श्री ने हनुमान जी के जरिए समुद्र लांघकर लंका पहुंचने की कथा-उपकथाओं का रोचक वर्णन किया। कथा के मुख्य यजमान प्रेमचंद श्रीवास्तव, उर्मिला श्रीवास्तव प्रदीप वर्मा पत्नी, पुत्र, पुत्री इन सभी लोगों ने व्यास पूजन गुरु पूजन किया व अभिनंदन व स्वागत के साथ आरती की। शनिवार को कथा समाप्ति के उपरांत आयोजन समिति द्वारा महाराज का अभिनंदन संस्था की ओर से अंग वस्त्र देकर किया गया। कथा स्थल पर मुख्य संयोजक प्रकाश धेलिया, संयोजक मनीश साहू, प्रवक्ता प्रमोद सारस्वत, बसंत शर्मा, नेमीचंद अग्रवाल, आनंद माणिक, मुकेश काबरा, सज्जन पडिया, दीपक पाठक, श्रवण अग्रवाल, राजू यादव सहित काफी संख्या में सदस्य अपनी सेवा दी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### पारा शिक्षक-गैर पारा जेटेट सफल अभ्यर्थी संघ ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

रांची (आजाद सिपाही)। पारा शिक्षक-गैर पारा जेटेट सफल अभ्यर्थी संघ ने शनिवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने अभ्यर्थियों की बातों को गंभीरता से सुना। साथ ही कहा कि जल्द ही इस मामले पर मुख्यमंत्री, ग्रामीण विकास मंत्री एवं शिक्षा मंत्री से बात करेंगे। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रवक्ता आभा सिन्हा ने कहा कि संघ के अध्यक्ष कुणाल दास ने ज्ञापन के माध्यम से जेटेट सफल अभ्यर्थियों को शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2012 के तहत नियुक्त करवाने मांग किया है। साथ ही संघ ने प्रदेश अध्यक्ष से अनुरोध किया है कि हम झारखंडी युवाओं की भावनाओं के मद्देनजर हमारी मांग पर यथाशीघ्र त्वरित कार्रवाई अग्रसारित की जाये।

### कोकर में खेलकूद प्रतियोगिता का होगा आयोजन

रांची (आजाद सिपाही)। गणतंत्र दिवस के अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कोकर खेलकूद समिति द्वारा किया जा रहा है। समिति के संयोजक संतोष महतो ने बताया कि 21 वीं शताब्दी के स्वागत में खेलों के आयाम एवं इसके आयोजन के स्वरूप को भी विस्तृत किया गया है। कोकर भी राजधानी का एक प्रमुख क्रीड़ा स्थल बन सके इसका प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन राम लखन सिंह यादव कॉलेज प्रांगण में किया जायेगा। इसमें बतौर मुख्य अतिथि वित्त मंत्री झारखंड सरकार डॉ रामेश्वर उरांव शामिल होंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय करेंगे और झंडोत्तोलन डॉ करुणा झा करेंगी। इस आयोजन में बच्चे, बूढ़े, महिला और छात्र-छात्रों के लिए अलग-अलग तरह की खेलकूद का आयोजन किया जा रहा है।

### टूल्सी से फेक न्यूज को पहचानना आसान: भरत



रांची (आजाद सिपाही)। स्कूल ऑफ मास कम्यूनिकेशन आरयू के सभागार में फेक न्यूज विषय पर एक विशेष कक्षा आयोजित की गयी। इस विशेष कक्षा में गूगल के न्यूज इनिसियेटीव ट्रेनर भरत कुमार नायक ने छात्रों को बताया कि इंटरनेट युग में मीडिया का प्रभाव वैश्विक और बहुत ही तेज है। हर हाथ में स्मार्टफोन ने इंटरनेट पर वीडियो ऑडियो, इमेज युक्त सूचनाओं को वैश्विक तौर पर प्रसारित करने की क्षमता पैदा की हैं, पर इसके साथ ही भ्रामक और गलत सूचनाओं का संकट भी बढ़ा है। सोशल मीडिया से लेकर वेबपोर्टल तथा वायरल हो रहे सूचनाओं को युवा पत्रकारों को संयम और विवेक से चेक करना चाहिए। छोटी सी लापरवाही या बिना चेक किये सूचनाओं को प्रसारित करने में हम अक्सर फेक खबरों के वाहक बन जाते हैं और इसका दुष्प्रभाव हमारे समाज पर पड़ता है। इस मौके पर निदेशक डॉ. पीपी सिन्हा, उप निदेशक डॉ. वीसी महतो, शिक्षक संतोष उरांव, मनोज कुमार शर्मा, संकर्षण परिपूर्णन सहित छात्र-छात्राएं मौजूद थीं।

### झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ का जिला अधिवेशन सह सांगठनिक चुनाव संपन्न



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के तत्वावधान में जिला अधिवेशन सह सांगठनिक चुनाव रांची का जिला स्कूल रांची के सभागार में विद्यालय की प्राचार्या मंजुला एक्का की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हुईं। वहीं पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में संघ का सांगठनिक विस्तार हुआ। इसमें जिला अध्यक्ष के पद पर शिक्षक सफदर इमाम और जिला सचिव मुकेश कुमार सिंह सर्वसम्मति से चुने गये। उपाध्यक्ष अद्वैत चैतन्य, आनंद कुमार, भवेश चंद्र महतो, मिंज, महफिल अंसारी, सुनीला रोजी बाखला, प्रमंडलीय कार्यकारणी सदस्य कुर्बान अली,राज्य कार्यकारणी सदस्य यशवंत विजय, कोषाध्यक्ष मोहन लाल महतो, संयुक्त सचिव प्रेम साहू, अनिल नाथ शाहदेव, ज्योति कुमारी, डॉ समीर हजाम, परीक्षा अध्यक्ष अभिलाषा, जिला कार्यकारणी सदस्यों में राजेश नंद, अनिल कुमार, इफ्तेखार आलम, रंगेश शेखर, चंद्रशेखर पांडेय, विवेक कुमार, तरुण नाग, नीलाक्षी वाजपेयी , श्रीकांत शाहदेव चुने गये। सभा का प्रतिवेदन यशवंत विजय ने पढ़ा। मंच संचालन अद्वैत चैतन्य और नीलाक्षी वाजपेयी ने किया।

### नौजवान संघ और छात्र संघ का सेमिनार कल

रांची (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय नौजवान संघ और छात्र संघ के संयुक्त तत्वावधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया जायेगा। रोजगार विहीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बाद छात्र, युवाओं के समक्ष चुनौतियां के सवाल पर 23 जनवरी को भाकपा राज्य कार्यालय के सभागार के एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया है। इस सेमिनार में मुख्य रूप से अखिल भारतीय नौजवान संघ के राष्ट्रीय महासचिव कॉम आर त्रिमुलाई एवं पश्चिम बंगाल सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे एसपी मुखर्जी मुख्य रूप से शामिल होंगे।

### झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का पुनर्गठन



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजू महतो एवं केंद्रीय उपाध्यक्ष किशोर किस्कू ने झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का पुनर्गठन किया है। जिसमें झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का केंद्रीय कमेटी इस प्रकार होगा प्रधान संरक्षक दिशूम गुरु शिबू सोरेन, संरक्षक पूर्व सांसद शैलेंद्र महतो संरक्षक विधायक लोबिन हेंब्रम प्रधान संयोजक विधायक मथुरा महतो, संयोजक विधायक दीपक बिरुवा, संयोजक विधायक लंबोदर महतो, संयोजक विधायक विनोद सिंह, संयोजक विधायक विक्सल कोंगडी, संयोजक पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा, संयोजक पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा, प्रधान सलाहकार डॉ वीरेंद्र कुमार सिंह, सलाहकार प्रोफेसर खालिद अहमद, डॉ बीरेंद्र कुमार महतो, सलाहकार डॉ.वासवी किड़ो सलाहकार खिरोधर महतो, सलाहकार विष्णु प्रसाद (पत्रकार) सलाहकार मो.निसार अहमद, अध्यक्ष राजू महतो, उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर, किशोर किस्कू, प्रोफेसर विनोद भगत, प्रफुल्ल तत्वा, महासचिव अजीत मिंज, मो.कयूम खान, सचिव रूपलाल महतो, प्रेम मित्तल, भुनेश्वर केवट, प्रो. लाल अजय नाथ शाहदेव, प्रो. सुनील हांसदा, प्रो. अमीन अहमद, पार्वती चरण महतो, बाबूलाल गोराई, शिव शंकर शर्मा, भोला मांझी, कार्यकारिणी सदस्य लखन महतो, मो. इसरार अहमद, त्रिवेणी वर्मा, हरिबोल महतो, राजू गुप्ता सहित कई अन्य को मनोनीत किया गया है। केंद्रीय अध्यक्ष राजू महतो ने बताया कि 24 जनवरी को झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक विधानसभा सभागार में आयोजित की जायेगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel — Subscribe NOW — No. 1 Channel

**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.6 °c | 13.1 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 17.28 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 06.32 बजे |



### बादल ने 2133 तालाबों के जीर्णोद्धार और 2795 परकोलेशन निर्माण का किया शुभारंभ

# राज्य में जल संरक्षण की मजबूत बुनियाद रखी जा रही : कृषि मंत्री

**मंत्री ने 467 करोड़ 32 लाख 88 हजार 380 रुपये की योजनाओं का शुभारंभ किया**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिस्कानगड़ी।** राज्य के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने शनिवार को नगड़ी स्थित राज्यस्तरीय जल छाजन केंद्र में जल संरक्षण से जुड़ी 467 करोड़ 32 लाख 88 हजार 380 रुपये की योजनाओं का शुभारंभ किया। मंत्री ने कहा कि झारखंड के सभी जिलों के प्रखंडों में तालाब जीर्णोद्धार और परकोलेशन की योजना का शुभारंभ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 24 जिलों के सभी प्रखंडों में 2133 तालाबों का जीर्णोद्धार और 2795 परकोलेशन (टपकन) के निर्माण के शुभारंभ के साथ ही पूरे राज्य में जल संरक्षण की मजबूत बुनियाद रखने का प्रयास सरकार कर रही है। बादल ने कहा कि सुखाड़ से राहत मिले, इसके प्रयास लगातार सरकार द्वारा किये जा रहे हैं लेकिन गांव के स्तर पर भी इसके प्रयास होने चाहिए। गांव में बिजली की स्थिति बेहतर रहने से तालाब से सुचारू रूप से सिंचाई की व्यवस्था की जा सकती है। इसी कड़ी में हमने स्मार्ट विलेज की परिकल्पना साकार करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि पानी पंचायत के सदस्यों की संख्या बढ़ाकर एक सोसाइटी बनायी जा सकती है और उस समिति को ही तालाब में मछली पालन का जिम्मा दे दिया जाये, इस पर विचार किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सुखाड़ से प्रभावित किसानों को 3500 रुपये प्रति एकड़ प्रति व्यक्ति का अग्रिम भुगतान राज्य निधि के माध्यम से किया जा रहा है। कहा कि आज इंटीग्रेटेड फार्मिंग की जरूरत है और इसे देखते हुए सरकार से किसानों को जो भी सहयोग चाहिए, वह हम देने को तैयार हैं। विभाग के अधिकारी लगातार किसानों को फायदा पहुंचाने के मकसद से काम कर रहे हैं। हमारी सरकार ने बीते तीन साल में 1885 करोड़ रुपये किसानों के खाते में डाले हैं, जो यह दिखाने के लिए काफी है कि सरकार किसानों को लेकर काफी संवेदनशील हैं।

हमारी सरकार ने किसानों को लेकर गलत अवधारणा को खत्म करने का प्रयास किया है और हमने ही किसानों को बिरसा किसान के रूप में अधिसूचित किया है। सरकार का उद्देश्य है कि झारखंड की जीडीपी में 20 प्रतिशत किसानों का योगदान सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि झारखंड की जीडीपी को सिर्फ किसान ही सुधार सकते हैं और हर स्तर पर सरकार सहायता देने के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत जल्द ही किसानों को मजबूत किया जायेगा। दूध में हम दो रुपये प्रति लीटर किसानों को देने का प्रावधान कर चुके हैं। हमारा प्रयास है कि पंजाब और हरियाणा की तर्ज पर भी झारखंड का किसान समृद्धशाली हो, साथ ही राज्य को एश्योर इरिगेशन की ओर बढ़ाना है। अब तक सुखाड़ प्रभावित किसानों के करीब 31 लाख 33 हजार आवेदन प्राप्त किये गये हैं और 8.5 लाख लोगों का भुगतान भी किया जा चुका है। हमारा प्रयास है कि राज्य के 30 लाख किसानों को 12 सौ करोड़ रुपये की राशि दें और आने वाले दो सालों में सभी तालाब का निर्माण या जीर्णोद्धार कर सकें, ताकि खेतों को सिंचाई की सुविधा दी जा सके। कृषि विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी ने विभिन्न प्रखंडों से आये कृषकों से कहा कि समाज और जिंदगी के लिए पानी जरूरी है। पानी का सदुपयोग, संरक्षण को प्राथमिकता देना है, ताकि आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य दे सकें। सुखाड़ से अगर निपटना है तो हमें सुनिश्चित सिंचाई की ओर कदम बढ़ाने की जरूरत है। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य पूनम देवी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी अजय कुमार सिंह, बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के वीसी ओंकार नाथ सिंह, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित थे।

# आज भाजपा में शामिल होंगे कांग्रेस नेता सन्नी टोप्पो

**बंधु तिर्की के रवैये से नाराज होकर प्रदेश सचिव के पद से दिया इस्तीफा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मिशन 2024 को लेकर भाजपा प्रदेश में अपना कुनबा बढ़ाने में जुट गयी है। जिन विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा 2019 का चुनाव या उसके बाद हुए उपचुनाव हार चुकी है, वहां के विक्षुब्ध नेताओं से पार्टी के पदाधिकारी लगातार संपर्क में हैं। भाजपा को सफलता भी मिल रही है। एक हफ्ते के अंदर रांची लोकसभा क्षेत्र में दो नेता भाजपा में शामिल हो रहे हैं। रविवार को मांडर विधानसभा क्षेत्र के युवा कांग्रेस नेता सन्नी टोप्पो भाजपा में शामिल होंगे। वे 2019 के विधानसभा चुनाव में मांडर विधानसभा सीट से कांग्रेस की टिकट पर चुनाव भी लड़ चुके हैं। इससे पहले 14 जनवरी 2023 को भी भाजपा ने खिजरी विधानसभा क्षेत्र के उभरते नेता कर्नल बीके सिंह और कांग्रेस कार्यकर्ता हरीश तिवारी को भाजपा में शामिल कराया था। इन दोनों की लालगंज और टाटीसिल्वे इलाके में अच्छी पकड़ है।

**कांग्रेस में नहीं मिल रहा था उचित मान-सम्मान : सन्नी टोप्पो**

सन्नी टोप्पो ने कहा कि वे यूथ कांग्रेस से जुड़े थे। पार्टी में काफी एक्टिव रहे, लेकिन इन दिनों उनकी लगातार उपेक्षा की जा रही है। मांडर उपचुनाव में पार्टी के कैंडिडेट शिल्पी नेहा तिर्की को काफी सपोर्ट भी किया, लेकिन पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की का रवैया उनके प्रति अच्छा नहीं है। उचित मान-सम्मान नहीं मिलने के कारण उन्होंने 16 जनवरी को कांग्रेस के प्रदेश सचिव के पद से इस्तीफा दे दिया है और 22 जनवरी को मांडर में भाजपा की सदस्यता लेंगे।

**सोसई आश्रम में आयोजित है मिलन समारोह**

कांग्रेस नेता सन्नी टोप्पो ने बताया कि रविवार को मांडर के सोसई आश्रम में मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। इसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, सांसद सुदर्शन भगत, सांसद समीर उरांव, सांसद आदित्य साहू, विधायक नवीन जयसवाल, समरी लाल समेत कई नेताओं की मौजूदगी में वह भाजपा का दामन थामेंगे।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

- **मेष** — महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधान, व्यापार वृद्धि।
- **वृष** — संकल्पित काम पूरे होंगे, भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी, उद्योग-धंधे में सफलता.
- **मिथुन** — रुके हुए काम पूरे होंगे, आर्थिक स्थिति सुदृढ़, निर्माण कार्य में प्रगति।
- **कर्क** — नये लोगों से संपर्क, शुभ समाचार मिलेगा। सुख सम्मान की रक्षा होगी।
- **सिंह** — सामयिक-सामाजिक विकास, शत्रुओं पर विजय मिलेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा
- **कन्या** — धनागम के अवसर बढ़ेंगे, अवसरों का फायदा उठावें, सगे-संबंधियों का आवागमन बना रहेगा
- **तुला** — कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, नये वाहन खरीदने का संयोग बनेगा।
- **वृश्चिक** — नवीन व्यापारिक योजना सफल, आर्थिक लाभ होगा। धार्मिक कार्य में रुचि।
- **धनु** — निराशा दूर होगी, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास, प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मिलन होगा।
- **मकर** — थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे, वाहन सुख, संतान की उन्नति से उत्साह में वृद्धि होगी
- **कुंभ** — अव्यवस्थित दिनचर्या, किसी प्रकार की कोई नवीन समस्या आ सकती है।
- **मीन** — घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, दुष्ट लोगों की संगति कलहकारी सिद्ध होगी।

# तमाड़ विद्रोह सांस्कृतिक गौरव मेला का आयोजन आज

**तमाड़ विद्रोह और इसमें शहीद हुए लोगों को उचित सम्मान मिले : राजा ठाकुर महेंद्रनाथ शाहदेव**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**तमाड़।** शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले, वतन पर मरनेवालों का यही बाकी निशां होगा। तमाड़ विद्रोह में शहीद हुए लोगों की याद में रविवार को तमाड़ स्थित देवत्तर स्टेट औघेश्वर ग्लोबल स्कूल में तमाड़ विद्रोह सांस्कृतिक गौरव मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसकी पूरी तैयारी कर ली गयी है। इस संबंध में तमाड़ राजा ठाकुर महेंद्रनाथ शाहदेव ने बताया कि ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ तमाड़ क्षेत्र में सबसे लंबी लड़ाई लड़ी गयी। लेकिन इतिहास में ना तो इस विद्रोह को उचित स्थान मिला ना ही इसके शहीदों को।

इस लड़ाई में कितने लोगों ने अपनी प्राणों की आहूति दी थी। इन शहीदों के सम्मान में सांस्कृतिक गौरव मेला का आयोजन किया जा रहा है। शाहदेव ने बताया कि इसमें शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख शामिल होंगे। वहीं कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि कोरोना के चलते इस मेला का आयोजन नहीं किया गया था। इस बार इस मेले के आयोजन से यहां के लोगों में काफी उत्साह है। उन्होंने कहा कि इस गौरव मेले के आयोजन का उद्देश्य यही है कि तमाड़ विद्रोह और इसमें शहीद हुए लोगों को उचित सम्मान मिले। गौरव मेला आयोजन समिति इसकी तैयारी में जुटी हुई है। इसमें मुख्य रूप से कैलाश सेठ, विमल पातर, उमेश नायक, सुजीत सेठ, गोलक दास अधिकारी और छोटन सेठ सहित अन्य सदस्य लगे हैं।

## दुमका में पैसे के लेन-देन में चचेरे भाई को मारी गोली, भर्ती

**दुमका।** जिले के जरमुंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत बगिया कुसुमडीह गांव के एक शख्स पर उसके ही चचेरे भाई ने जानलेवा हमला कर दिया। युवक को चार गोली मारी गयी है। उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घायल शख्स का नाम अनिल ईश्वर है। उसके पिता ने बताया कि भतीजे कामदेव ने ही उनके बेटे अनिल कुमार पर जानलेवा हमला किया है। बेटे को चार गोली लगी है। दोनों में 10 हजार रुपये को लेकर विवाद हुआ था। घायल युवक को फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल दुमका में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

## झामुमो का कार्यकर्ता मिलन समारोह 23 को

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कांके प्रखंड समिति की ओर से 23 जनवरी को महाराजा मदरा मुंडा स्टेडियम रेंडो में कार्यकर्ता मिलन सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसमें मंत्री मिथिलेश ठाकुर, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक बसंत सोरेन, दीपक बीरूआ, सविता महतो, पूर्व मंत्री मथुरा महतो, केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय, सुप्रियो भट्टाचार्य सहित अन्य शामिल होंगे।

# डीसी और एसएसपी ने गणतंत्र दिवस परेड का निरीक्षण किया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के डीसी राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी किशोर कौशल ने शनिवार को गणतंत्र दिवस परेड के रिहर्सल का निरीक्षण किया। इस दौरान डीसी ने मार्च पास्ट की सलामी भी ली। एसएससी ने परेड में शामिल टुकड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि परेड में शामिल सभी लोगों की जिम्मेदारी है कि वो सर्वोत्तम दें। उन्होंने इस बात की जानकारी भी दी कि परेड के दौरान किन-किन बातों पर ध्यान देना है। डीसी और एसएसपी ने तैयारियों को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिये। इस दौरान उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक नगर नौशाद आलम एवं अन्य संबंधित पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अफरोज अंसारी नाबालिग से दुष्कर्म का दोषी करार

**रांची।** नाबालिग से दुष्कर्म करने के वाले अफरोज अंसारी को रांची सिविल कोर्ट ने दोषी करार दिया है. रांची पोक्सो की विशेष अदालत ने आइपीसी की धारा 366,376(3) और पास्को 4, 8 के तहत आरोपी को दोषी पाते हुए सजा की बिंदु पर सुनवाई के लिए 25 जनवरी की तारीख मुकर्रर की है। प्राथमिकी के मुताबिक 24 फरवरी 2021 को अफरोज अंसारी ने अपने ही गांव की नाबालिग को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर शारीरिक संबंध बनाया। बाद में शादी करने से किया इनकार कर दिया। पीड़िता की ओर से अदालत में कुल 6 गवाह पेश हुए। यह मामला रांची के मांडर थाना से जुड़ा हुआ है।

**देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें**
www.azadsipahi.in

# रांची नगर निगम कर्मचारी संघ का धरना 25 को

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम कर्मचारी संघ लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहा है। इसी क्रम में शनिवार को रांची नगर निगम कर्मचारी संघ ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर रांची नगर निगम के बाहर एक दिवसीय धरने पर बैठे। धरना के माध्यम से अनुकंपा के आधार पर नौकरी, मृतक कर्मचारियों के परिवारों को पारिवारिक पेंशन का लाभ और पदोन्नति की मांग की है। **2 फरवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल:** रांची नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नरेश राम ने आंदोलन की रूपरेखा की जानकारी देते हुए बताया है कि आगामी 25 जनवरी को प्रोजेक्ट भवन झारखंड के समक्ष धरना दिया जायेगा। साथ ही 1 फरवरी को मशाल जुलूस निकाला जायेगा और 2 फरवरी को मांगे नहीं पूरी होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जायेंगे।

**पूर्व मध्य रेल**

**पं0दीन दयाल उपाध्याय मंडल में पहलेजा हाल्ट पर अनारक्षित टिकटों की बिक्री हेतु हाल्ट ठेकेदार की चयन हेतु अधिसूचना।**

वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, पं0 दीन दयाल उपाध्याय कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से पं0 दीन दयाल उपाध्याय मंडल के पहलेजा हाल्ट पर टिकट बिक्री हेतु हाल्ट ठेकेदार की चयन हेतु 05 (पाँच) वर्षो के लिए आवेदन आमंत्रित की जाती है। अधिसूचना संख्या–काम/हाल्ट/पी.एच.ई./नोटिफिकेशन/डी.डी.यू./2022, दिनांक 19.01.2023 **कार्य का नाम क्र.सं..1 कार्य का विवरणः** पं0 दीन दयाल उपाध्याय मंडल के पहलेजा हाल्ट पर अनारक्षित टिकटों की बिक्री हेतु हाल्ट ठेकेदार की नियुक्ति **2. कार्य की अवधिः** (05) पाँच वर्ष। **3. आवेदन पत्र गिराने की तिथि, समय एवं स्थानः** आवेदन पत्र बंद लिफाफे में पंजीकृत डाक, कोरियर, साधारण डाक अथवा स्वयं हाथो हाथ जमा करने की अंतिम तिथि 30.01.2023 तक कार्यालय अवधि 11.00 बजे से 17.00 बजे तक मंडल रेल प्रबंधक/वाणिज्य, पूर्व मध्य रेल, पं0 दीन दयाल उपाध्याय के कार्यालय के प्राप्ति अनुभाग में दें। आवेदन निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जायेगा। **4. वेबसाईट का पता जिससे आवेदन का प्रारूप एवं संबंधित अन्य सभी विवरण प्राप्त किया जा सकताः** www.ecr.indianrailways.gov.in (Division -DDU, Department-commercial) पर उपलब्ध है। **नोटः**– सक्षम अधिकारी किसी भी आवेदन या सभी आवेदनो को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

मंडल रेल प्रबन्धक (वा0) पूर्व मध्य रेल,/डी.डी.यू.
पीआर/01953/डीडीयू/कॉम/एन/22–23/44

**CHANGE OF NAME**

As per affidavit Ref. No. 382 dated 20.01.2023, I, Mangita Kumari W/o Rajendra Sahu, resident of Village Purana Chatra, Post Tatisilwai, Dist. Ranchi-835103, Jharkhand do hereby Solemnly affirm & declare as follows:-

1. That my actual name as per Adhar Card 9763 3043 9199 is Mangita Kumari.
2. That in my Husband's Service Book my name is written as Mangita Devi, it is wrong it should be Mangita Kumari.
3. That Mangita Kumari and Mangita Devi both name is one and same person who is myself.
4. That this affidavit is sworn for correction of my name in my husband's service book from Mangita Devi to Mangita Kumari hence this affidavit.

**JAIHIND RESIDENTIAL SCHOOL**
AN ANCILLARY ACTIVITY OF
**SAINIK SCHOOL TILAIYA**
PO-TILAIYA DAM, DISTT-KODERMA PIN-825413 (JHARKHAND)
Contact No. 7370881883

**AUCTION SALE NOTICE**

1. The School Bus, Vehicle no: BR-13P/0193, Model 1996 will be open auctioned on 13 Feb 2023 (Monday) at 1100 hrs in front of School MT Garage.
2. The initial auction value of the vehicle has been fixed to **Rs. 2,00,000/- (Rupees Two Lakhs Only)**
3. All the participating bidders have to bring their valid identity card.
4. The intending bidders will have to deposit **Rs 5,000/- (Rupees Five Thousands only)** which is refundable to the unsuccessful bidders and adjustable for successful bidder with the final payment. Amount will be submitted as **Demand Draft** in favour of **KG SCHOOL ACCOUNT**, payable at **SBI Sainik School Tilaiya** (Branch code-3502).
5. The Chairman Jaihind Residential School reserves the right to reject/accept any bid without assigning any reason.

(Anant Shrivastava)
Sqn Ldr
Officer Incharge
For Chairman

No. : SST/JS/Adv/118/ 20 Jan 2023

**JHARKHAND STATE PHARMACY COUNCIL**
(Constituted Under the Pharmacy Act. 1948)
BARIATU, RANCHI-834009
Mob. : 94313 71283
E-mail Id - jharkhandstatepharmacycouncil@gmail.com|Website - www.jharkhandstatepharmacycouncil.com

निविदा संख्या–01/2023
अल्पकालीन निविदा

झारखण्ड स्टेट फार्मेसी कॉन्सिल, बरियातु, राँची–834009 में कार्य हेतु 11th Generation, i-5 processor, windows 11, 8GB RAM तथा 512 GB SSD configuration का HP अथवा DELL Vostro Laptop क्रय की जानी है। अतः इच्छुक प्रतिष्ठान अपना **मुहर बन्द (Seal)** कोटेशन **दिनांक– 10.02.2023 के संध्या 5:00 P.M. तक** अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निश्चित रूप से जमा करेंगे। कोटेशन के साथ कम्पनी अपना **पैन कार्ड**, **GSTIN Certificate** और पिछले **कार्य आदेश की प्रति** संलग्न करेंगे। **दिनांक–10.02.2023** के पश्चात् कोटेशन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

निविदा संबधी सभी अधिकार झारखण्ड स्टेट फार्मेसी कॉन्सिल के पास सुरक्षित रहेंगें।

ह./- निबंधक-सह-सचिव
झारखंड राज्य भैषज्य परिषद
बरियातु, रांची-9

Ref. No. : JSPC/81/2023 Dated : 20/01/2023

**JHARKHAND STATE FOOD & CIVIL SUPPLIES CORPORATION LTD.**
(A GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)
JSFC Bhawan, Kadru Main Road, Ranchi - 834002, Email-jsfcmonitoring@gmail.com

**1. Notice Inviting Tender (NIT)**

Jharkhand State Food & Civil Supplies Corporation Limited (JSFC) is a wholly owned Government of Jharkhand undertaking registered under Indian Companies Act, 2013. The Company (JSFC) is acting as a nodal agency for public distribution of Corporation and other essential products as per State Government policies. The company has its headquarter at Ranchi and has ten district offices wherefrom local administration for distribution/supply/sale of Corporation and other products is made to fair price shops and other agencies in the state.

Jharkhand State Food & Civil Supplies Corporation Limited (JSFC) hereby invites digitally signed e-tender in "Two-Bid System", (Part A: Technical-Bid followed by Part B: Reverse Auction) from Company, partnership/proprietorship firm, Co-operative Society meeting the minimum PQC (pre-qualification criteria) for award of contract for Transportation of terms & conditions at sole discretion of the Corporation (JSFC). The Tender Schedule is given below:

**1.1 TENDER SCHEDULE:**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Tender No. | 318, Date: 21/01/2023 |
| 2. | Name of the Work | TENDER FOR PROVIDING TRANSPORT & HANDLING SERVICES TO THE JHARKHAND STATE FOOD & CIVIL SUPPLIES CORPORATION LIMITED FOR THE DISTRICT OF RANCHI |
| 3. | NIT Publish Date | 22/01/2023 |
| 4. | End Date of Earnest Money Deposit (EMD) (Returnable with no interest) | 03/02/2023 at 03:00 P.M. |
| 5. | E-tender website (for Tender Submission & Purchase Tender Document) | https://jhtenders.eproc.in |
| 6. | a) Tender Download & Sale starts on | 23/01/2023 from 10:00 A.M. |
| | b) Tender Download & Sale Ends on | 03/02/2023 Till 05:00 P.M. |
| | c) Pre-Bid Meeting | 28/01/2023 at 03:00 P.M. Any clarification sought by the tenderer regarding the tender shall be addressed in the Virtual Pre Bid meeting. Hence, Bidders are advised to attend the Pre-Bid meeting online (at Web address mentioned below in NIT). The login Details of the meeting are as follows: Join Google meet Meeting |
| | d) Bid Submission start date | 23/01/2023 from 05:00 P.M. |
| | e) Last date & time for submission of completed E-tender documents online | 03/02/2023 at 05:00 P.M. |
| | f) Technical bid opening | 04/02/2023 at 01:00 P.M |
| 7. | Contact Person | For C1 India (P) Ltd. - Abhishek Tiwari Email: Jhsupport@c1india.com 9795046772, 9219516455 |
| 8. | Auction Type | Reverse Auction |
| 9. | Reverse Auction Schedule | Informed Later on the https://jhtenders.eproc.in |
| 10. | Tender Fee | Rs. 10000/-(Non Refundable) via RTGS/NEFT/Online |
| 11. | Tender Publish website | https://www.jharkhand.gov.in & https://jhtenders.eproc.in & sfcjharkhand.in |
| 12. | Tender Issuing Authority | Managing Director, Jharkhand State Food & Civil Supplies Corporation Limited, JSF&CSCL Bhawan, Kadru Main Road, Ranchi - 834002 |

* Bidders to note the following. Bidder to note that the Corporation reserves the right to revise/extend any date/time from the scheduled timelines of the tender.
* If the office happens to be closed on the date of opening of tenders, tenders will be opened on the next working day in the same time.
* Bidders are advised to check regular website for Corrigendum, Reverse Auction Schedule & other updates (https://jhtenders.eproc.in) & (https://www.jharkhand.gov.in)

Managing Director
(JSF&CSCL)






# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में 'परीक्षा पे चर्चा'

## रचनात्मक एवं कलात्मक प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में पीएमओ की पहल पर 'परीक्षा पे चर्चा' के अंतर्गत 21 जनवरी को विद्यार्थियों के लिए रचनात्मक एवं कलात्मक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। एकेडमी ऑफ म्युजिक एन आर्ट्स की डायरेक्टर रिम्पी रॉय के साथ जूरी के अन्य सदस्य इस प्रतियोगिता के जज थे। रांची के प्रतिष्ठित विद्यालयों के लगभग 1000 छात्रों के अतिरिक्त दीपशिखा के छात्रों ने भी इस प्रतियोगिता में भाग लिया। बच्चों को प्रेरित करने के साथ-साथ खुद को तनावमुक्त करने के लिए शिक्षकों और विद्यालय के स्टाफ ने भी सक्रिय रूप से इस गतिविधि में भाग लिया।




कलात्मक प्रतियोगिता परीक्षा के तनाव को दूर करने के उपायों 'बी अ वॉरियर नॉट अ वरियर' विषय पर आधारित थी। इस प्रतियोगिता में नीरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल के ग्यारहवीं कक्षा के रौशन कुमार को प्रथम पुरस्कार मिला। दूसरा पुरस्कार आर्मी पब्लिक स्कूल के 11वीं कक्षा के दिव्यम उरांव तथा तीसरा पुरस्कार सरला बिरला पब्लिक स्कूल के कक्षा नवीं के अर्पित जालान को मिला। इन्हें ट्रॉफी और सर्टिफिकेट प्रदान किये गये। 10 उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्रों को मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान किये गये। बेहतर प्रदर्शन के लिए 25 छात्रों को प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान किये गये। प्रतियोगिता के प्रत्येक प्रतिभागी को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

मुख्य अतिथि दीपक प्रकाश ने कहा कि बच्चों में भगवान बसते हैं। परीक्षा के समय तनाव रहित रहें, परीक्षा को बोझ ना समझें। नियमित अभ्यास करें, यही आपको आपकी मंजिल तक पहुंचाने में मदद करेगा। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए विद्यालय प्रबंधन की सराहना की एवं विजेताओं को बधाई दी। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों को उनकी रचनात्मकता की प्रसंषा की और कहा कि तनाव रहित होकर परीक्षा को त्यौहार की तरह मनाइये और एक बहादुर की तरह चुनौतियों को स्वीकार करें। सकारात्मक बातों को अपनाएं, तभी आप अपने लक्ष्य तक पहुंच सकते हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### रांची में सदानी झंडा का लोकार्पण आज राज्यभर से पहुंचेंगे सदान के प्रतिनिधि

**रांची (आजाद सिपाही)।** मूलवासी सदानों का आस्था और पहचान का प्रतीक सदानी झंडा का लोकार्पण 22 जनवरी को ग्रैंड ऑकेजन हॉल रांची में होगा। कार्यक्रम में राज्यभर से शिक्षाविद, युवा, और छात्र प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसमें राज्यभर से आये अतिथियों के द्वारा मूलवासी सदानों की दशा - दिशा पर विचार रखेंगे। इसके बाद विधिवत सदानी झंडा का लोकार्पण केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद के साथ राज्यभर से आये अतिथियों के द्वारा किया जायेगा। इसके बाद मोटरसाइकिल रैली ग्रैंड ऑकेजन हॉल से निकाली जायेगी। इसकी जानकारी मोर्चा के प्रवक्ता विशाल कुमार सिंह ने दी।

### एसआइपी अकादमी के मानसिक अंकगणितीय कौशल पर प्रतिस्पर्धा

**रांची (आजाद सिपाही)।** एसआइपी प्रोडिजी प्रतियोगिता ने लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में चार बार नाम दर्ज करवा चुकी संस्था एसआइपी अकादमी का शनिवार को रांची के प्रेस क्लब सभागार में प्रेस वार्ता आयोजित की गयी। इस एकेडमी की ओर से रविवार को रांची के टाना भगत स्टेडियम में झारखंड के दो हजार बच्चों के साथ एसआईपी अकादमी के द्वारा मानसिक अंकगणितीय कौशल पर प्रतिस्पर्धा आयोजित होगी। इस संस्था का मुख्य उद्देश्य बच्चों के बीच बौद्धिक और मानसिक विकास के साथ अंकगणित में उन्हें किस प्रकार से विकसित किया जाये। प्रेस वार्ता में उपस्थित बच्चों ने अपनी अंकगणितीय मानसिक विकास का डेमोंसट्रेशन भी दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महुआ माजी, और डॉ एम तमिलवनन और रोशन सिंह और विशेष अतिथि आचार्यकुलम स्कूल के प्रिंसिपल सुजाता कौर, परम शाह प्रबंध निदेशक एसआइपी अकादमी इंडिया एंड इंटरनेशनल दिनेश विक्टर, क्षेत्रीय प्रबंधक शुभजीत मलिक, प्रमुख फ्रेंचाइजी और कौशल विकास संजीव मेनन, प्रबंधक उत्पाद अरुण रामचंद्रन झारखंड राज्य प्रमुख इकबाल सिंह होरा, क्षेत्र प्रमुख सुरेंद्र सैनी थे।

### नयासराय में संत रामपाल का प्रवचन आज

**रांची (आजाद सिपाही)।** मुनिन्द्र धर्मार्थ ट्रस्ट के तत्वावधान में संत रामपाल महाराज के सानिध्य में राजधानी रांची के नया सराय स्थित कल्लू मैदान में रविवार को एक सत्संग का आयोजन किया जायेगा। इसमें दहेज मुक्त विवाह और निःशुल्क नामदीक्षा कार्यक्रम आयोजित होगा। इस संबंध में संस्था के राज्य सेवादार प्रवीण दास ने बताया की इसकी पूरी तैयारी कर ली गयी है। आयोजन को सफल बनाने में जिला सेवादार दिनेश दास, करुणा दास, सुरेन्द्र दास, मुनि दासी, अजीत दास, लक्ष्मी नारायण दास, तेतरी दासी और राधे कृष्णा दास सहित अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

### अखिल भारतवर्षीय प्रदेश यादव महासभा का एक दिवसीय धरना



**रांची (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतवर्षीय प्रदेश यादव महासभा रांची महानगर के द्वारा राजभवन रांची के समीप एक दिवसीय धरना दिया गया। इसमें प्रमुख रूप से भारतीय सेना में अहीर रेजिमेंट का गठन, जातिगत जनगणना, सामाजिक आर्थिक गणना को लेकर अपनी बातों को रखा। प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष यादव ने कहा कि झारखंड के 24 जिलों में सेना में अहीर रेजिमेंट की गठन जातिगत सामाजिक आर्थिक जनगणना को लेकर एक दिवसीय धरना दिया। भारतीय सेना में अहीरों के बलिदान और वीरता को ध्यान में रखते हुए सेना में अहीर रेजीमेंट का गठन किया जाए। रेजागंला युद्ध हो या फिर कारगिल युद्ध हो। दोनों ही युद्ध में भारत के अहीरों का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उनके सम्मान के लिए अहीर रेजीमेंट का गठन किया जाए। आज समाज की आर्थिक सामाजिक स्थिति क्या है इसके लिए भी मैं सीएम से मांग करता हूं कि गणना करा कर उपयोगी योजनाएं बनाने का काम करें। महासभा के प्रधान महासचिव इंद्रजीत यादव ने कहा कि अहीर रेजिमेंट हमारा हक है। अगर देश में कोई जाति सूचक रेजिमेंट हो तो अहीर रेजिमेंट भी हो अन्यथा सभी रेजिमेंट को खत्म किया जाए और सेना मे एक ही नाम भारतीय सेना रखा जाए। संरक्षण केएन भगत ने कहा कि जातिगत, सामाजिक जनगणना, आर्थिक गणना को कराने की सख्त जरूरत है। जब तक गणना नहीं होगी विकास के लिए योजनाएं नहीं बन पाएगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रंजन यादव, सुरेंद्र यादव, बीरबल यादव, बनारस यादव, जितेंद्र यादव, वीरेंद्र यादव, संतोष यादव, सरवन गोप, सुनील यादव, रोहित यादव, चंदन यादव, सिंटू यादव सहित अन्य मौजूद थे।

### बाबा विद्यापति स्मारक समिति ने दी श्रद्धांजलि



**रांची (आजाद सिपाही)।** बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कार्यालय में अंकित मिश्रा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। ज्ञात हो कि अंकित मिश्रा उम्र 17 वर्ष नौवीं कक्षा का होनहार विद्यार्थी था। अंकित मिश्रा के दादा सतन मिश्रा बाबा विद्यापति स्मारक समिति के वरिष्ठ एवं मार्गदर्शक की भूमिका विगत कई वर्षों से मार्गदर्शक की भूमिका निभाते आ रहे हैं। अंकित मिश्रा का ब्रेन हेमरेज 18 जनवरी को हो गया था। बहुत इलाज कराने के बावजूद भी उन्हें भगवान अपने श्री चरणों में स्थान दे दिया। शनिवार को समिति के कार्यालय में अंकित मिश्रा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। कार्यक्रम में समिति के कार्यकारी अध्यक्ष जयंत झा, रोहित चौरसिया, निर्भय कांत झा, शैलेन्द्र कुमार सिंह, रमेश भारती, जय बक्सी, दीपक जयसवाल, कोशी सीमावर्ती मिथिलांचल समाज के अध्यक्ष मृत्युंजय झा, प्रवीण मिश्रा राधेश्याम यादव, घनश्याम यादव, सनत कुमार झा, गोपाल ठाकुर आदि शामिल होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी।

## एक फरवरी को मारवाड़ी भवन में भव्य महोत्सव का आयोजन

# श्री श्याम बाबा, झुंझुनूवाली दादी और सालासर वाले बाबा का लगेगा दरबार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में एक फरवरी को एकदिवसीय त्रिशक्ति वंदना महोत्सव का आयोजन म्हारा श्याम धणी दातार रांची संस्था के सानिध्य में किया जा रहा है। मारवाड़ी भवन में खाटू वाले श्री श्याम बाबा, झुंझुनू वाली दादी जी, सालासर के बालाजी का भव्य, सुंदर, अलौकिक श्रृंगार युक्त दरबार एक ही स्थान पर लगाया जाएगा। एक दिवसीय महोत्सव सुबह नौ बजे श्री गणेश पूजन के साथ प्रारंभ होगा। महोत्सव में राजस्थान स्थित खाटू धाम मंदिर के महंत मोहन दास महाराज का आगमन होगा इस अवसर पर अखंड ज्योत, सवामणी भोग, छप्पन भोग, महा भोग, मेवा भोग भगवान को अर्पित किए जाएंगे। यह जानकारी सेवक मनोज बजाज ने स्थानीय होटल एलीट मे संवाददाता सम्मेलन में दी।




### भजनों की बहेगी गंगा

एक फरवरी को दिन के दो बजे से हमारे बीच अहमदाबाद से पधारे नंदकिशोर शर्मा नंदू भैया व कोलकाता से भजन सम्राट रवि बेरीवाल, रोहित शर्मा जिम्मी द्वारा भजनों की गंगा महोत्सव स्थल में प्रवाह की जाएगी। महोत्सव में झारखंड के कई जिलों से भक्त रांची पहुंचकर उत्सव में शामिल होंगे। इस अवसर पर श्री श्याम बाबा, झुंझुनू वाली दादी, सालासर वाले बालाजी महाराज को 171 भक्तों के द्वारा मेवा का भोग चढ़ाया जाएगा। महोत्सव की तैयारी में 100 से अधिक सदस्य कार्य कर रहे हैं सदस्यों के बीच विभागीय सेवा का वितरण किया जा चुका है। दिन भर चलने वाला उत्सव मध्यरात्रि 11:45 बजे भक्तो के द्वारा प्रभु की महाआरती के साथ संपन्न होगा।

आयोजन में मुख्य रूप सेकार्यक्रम को सफल बनाने में आनंद गोयल, गुड्डू माटोलिया, मनोज बजाज, किशन गोयल, कुणाल जालान, विकास सिंघानिया, रवि आनंद, संजय शर्मा, पवन शर्मा, विशाल सिंघानिया, दीपक अग्रवाल, जगदीश माटोलिया, प्रकाश अग्रवाल, दीपक सरावगी, मयंक जैन, राजेश गोयल, अनिल लोहिया, कन्हैया भरतिया, विशांत तोदी, राजेश गोयल, नवीन गाड़ौदिया, विक्रम खेतावत,प्रमोद सारस्वत सहित काफी संख्या में सेवक जुड़े हैं।

## मानव तन की उपादेयता ईश्वर भक्ति में है : प्रमोद महाराज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** महर्षि मेंही आश्रम में रांची जिला संतमत सत्संग समिति के तत्वावधान में दो दिवसीय संतमत सत्संग का शुभारंभ शनिवार को प्रातः कालीन स्तुति ग्रंथ पाठ के साथ हुआ। सत्संग में मेंही आश्रम कुप्पाघाट भागलपुर के आचार्य महर्षि हरिनंदन परमहंस महाराज के प्रतिनिधि स्वरूप पूज्य स्वामी प्रमोद महाराज ने उपस्थित भक्तों को कहा कि मनुष्य शरीर में सभी देवता तीर्थ एवं विधाये है। गुरु के शरण में जाने से सभी देवता तीर्थ एवं विधाये प्राप्त हो जाते हैं। अतः देव दुर्लभ तन से गुरु की भक्ति करनी चाहिए। आगे उन्होंने कहा कि मानव तन की उपादेयता प्रभु भक्ति में है विषयों का सुख क्षणिक और दुखदाई होता है। आश्रम के स्वामी पूज्य निर्मलानंद जी महाराज ने कहा कि हमें संसार में अनासक्त भाव से रहना चाहिए। लोगों को संसार में जल कमलवत रहना चाहिए। महापुरुषों के संग से ही जीव का कल्याण होता है। अतः हमें सत्संग से हमेशा जुड़कर रहना चाहिए और ईश्वर भक्ति करके मानव तन पाने के उद्देश्य को सफल करना चाहिए।

स्वामी परमानंद महाराज ने कहा कि ज्ञान का दान सर्वोत्तम होता है जीवन में दांत का बड़ा महत्व होता है जो दान करते हैं वह कभी निर्धन नहीं होते हैं। इस अवसर पर हजारों भक्तों के साथ-साथ रांची जिला संतमत सत्संग समिति के सदस्य पदाधिकारी एवं कई अतिथि विशिष्ट जन उपस्थित थे।

## श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट रांची के सदस्यों ने अल्पाहार और भोजन सामग्री बांटी




**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं और स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों ने शनिवार को जरूरतमंद लोगों के बीच अल्पाहार और भोजन सामग्री का वितरण किया। संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल की देखरेख संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगी एव बिष्णु सोनी ने लगभग 200 महिला -पुरुष और बच्चों के बीच अल्पहार मे मिक्चर, बिस्किट क्रिम बन एव तिलकुट का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य मे संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान,राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, ओमप्रकाश सरावगी, सज्जन पाडिया,बिष्णु सोनी, पवन पोद्दार, रमेंद्र पांडेय, धीरज गुप्ता, आलोक सिंह एवं संस्था के सदस्य उपस्थित थे।

## मुद्दों को को लेकर 28 फरवरी को राजभवन के समक्ष विशाल प्रदर्शन

**रांची (आजाद सिपाही)।** आदिवासी अधिकार मंच, दलित शोषण मुक्ति मंच, झारखंड राज्य किसान सभा और अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन के तत्वावधान में अभियान चलाया जायेगा। इसमें भाजपा राज में संविधान व लोकतंत्र और आदिवासियों, दलितों अल्पसंख्यकों व किसानों पर किये जा रहे हमले के खिलाफ साथ ही वन भूमि पट्टा देने सहित जमीन, भोजन, रोजगार से जुड़े मुद्दों को को लेकर राजभवन के समक्ष अभियान चलाया जायेगा। इसका समापन 28 फरवरी को राजभवन के समक्ष विशाल प्रदर्शन के साथ होगा। इस संबंध में शनिवार को आदिवासी अधिकार मंच के राज्य सचिव प्रफुल्ल लिंडा, कोषाध्यक्ष सुखनाथ लोहरा और ललित शोषण मुक्ति मंच के राज्य अध्यक्ष शिवबालक पासवान ने सफदर हाशमी सभागार मेन रोड, रांची में संयुक्त प्रेस वार्ता कर जानकारी दी। कहा कि प्रदर्शन के माध्यम से आदिवासियों के अलावे अन्य परंपरागत वन निवासियों विशेषकर दलितों को वन भूमि का पट्टा देने गैर मजरुआ जमीन पर बसे गरीबों को जमीन बंदोबस्त करने गैरमजरूआ जमीन का लगान रसीद निर्गत करने, जमीन के ऑनलाइन रिकार्ड पंजी, खतियान, लगान रसीद आदि में व्याप्त भारी गड़बड़ियों व अशुद्धियों को पंचायत स्तर पर कैंप लगा कर निराकरण करने। एसटी, एससी, ओबीसी , बैकलॉग सहित सभी रिक्त पदों पर अविलंब बहाली करने, निजी क्षेत्र में आरक्षण लागू करने सहित अन्य मांगे की जायेगी। इस मौके पर प्रकाश टोप्पो, गौर सोरेन, रोजेन सोरेन, दिनेश रविदास सहित अन्य मौजूद थे।

## स्कूल ऑफ लॉ डीएसपीएमयू में कई नये पाठ्यक्रम प्रारंभ होंगे : तपन कुमार शांडिल्य



**रांची (आजाद सिपाही)।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में जल्द ही लॉ से सबंधित कई नये पाठयक्रमों की शुरुआत की जायेगी। यह कहना था डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य का। मौका था विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ स्टडीज के नये सर्टिफिकेट कोर्स, लीगल ड्राफ्टिंग के प्रारंभ होने का। इस कोर्स की अवधि छह माह होगी और इस पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु विद्यार्थी का किसी भी संकाय में 12वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। शनिवार को कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि इस पाठ्यक्रम के उपरांत जल्द ही स्कूल ऑफ लॉ, डीएसपीएमयू के अंतर्गत डिप्लोमा कोर्स इन टैक्सेशन लॉ और कंज्यूमर लॉ से सबंधित पाठ्यक्रम शुरू किये जाने है। इस अवसर पर स्कूल ऑफ लॉ के निदेशक, डॉ पंकज कुमार ने कहा कि सर्टिफिकेट कोर्स इन लीगल ड्राफ्टिंग में नामांकन के लिए जल्द ही वेबसाइट पर सूचनाएं उपलब्ध होंगी। गौरतलब है कि पूर्व में रांची कॉलेज और अब डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में वर्ष 2004 में एलएलएम पाठ्यक्रम की शुरुआत की गयी थी। वर्तमान में इस दिशा में अनेक करियर विकल्पों के कारण इस पाठ्यक्रम की महत्ता काफी बड़ी है। इस मौके पर डॉ अशोक नाग, डॉ राजेश कुमार, सचिन इंदिवर और अभय सहाय उपस्थित थे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## झारखंड में निजी क्षेत्र में स्थानीयों को कितनी नौकरी मिली, विशेष कमेटी करेगी जांच

# 45 दिनों के अंदर विधानसभा अध्यक्ष को सौंपी जायेगी रिपोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची ।** झारखंड में 75 फीसदी निजी क्षेत्र की नौकरी स्थानीय को मिल रही है या नहीं इसकी जांच सरकार करेगी। झारखंड विधानसभा ने इसके लिए एक कमेटी तैयारी की है जिसमें पांच विधायक शामिल हैं। नलिन सोरेन कमेटी के संयोजक हैं। इसके साथ ही प्रदीप यादव, नारायण दास, सुदिव्य कुमार और भूषण बड़ा सदस्य हैं। यह टीम जांच करेगी कि सरकारी कार्यालय में कितने स्थानीय लोगों को नौकरी मिली है। कमेटी यह भी जांच करेगी कि सरकारी कार्यालय में निजी एजेंसियों द्वारा कितने स्थानीय लोगों को नौकरी दी गयी है।

**कमेटी 45 दिनों के अंदर सौंपेगी रिपोर्ट :** यह कमेटी 45 दिनों में रिपोर्ट तैयार करके विधानसभा के अध्यक्ष को सौंपेंगी। इस कमेटी का गठन विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान ध्यानाकर्षण के दौरान उठाये गये एक सवाल के आधार पर किया गया है। विधायक सुदिव्य कुमार और प्रदीप यादव ने पिछले साल 21 दिसंबर को सदन में ध्यानाकर्षण में इससे संबंधित मुद्दा उठाया था। विधायक ने सवाल किया था कि झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम-202 और इसकी नियमावली 2022 अधिसूचित है।

**झारखंड में चार हजार से अधिक निजी कंपनियां :** इसके तहत 40 हजार रुपये मासिक से कम की नौकरी करने वालों की सूची उपलब्ध करानी थी। इसके लिए सभी निजी क्षेत्र वालों को तीन माह के अंदर निबंधन कराना था। सदन को मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने जानकारी दी थी कि 404 नियोक्ता ने निबंधन कराया है। इसके लिए पोर्टल गठन की प्रक्रिया चल रही है। प्रदीप यादव का कहना था कि राज्य में 4000 से अधिक निजी कंपनियां काम कर रही हैं।

**क्या है सरकार की रणनीति :** विधायकों ने कहा इस कानून के तहत स्थानीय लोगों को लाभ मिल रहा है या नहीं। अगर लाभ नहीं मिल रहा तो इस कानून का कोई औचित्य नहीं है। मंत्री ने कहा, पोर्टल बनाने का जिम्मा जैप आइटी को दिया गया है। नियोजन निदेशक का भी पदस्थापन कर दिया गया है। पोर्टल तैयार होते ही ऑनलाइन निबंधन की प्रक्रिया शुरू कर दी जायेगी। इसके साथ ही सरकार यह भी जांच कर रही है कि कितने स्थानीय युवाओं को निजी कंपनियों में नौकरी मिली है।

बैठक : उपायुक्त ने की गणतंत्र दिवस पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा

# पूर्व संध्या पर मुख्य समारोह स्थल पर होगा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

26 जनवरी को प्रशासन बनाम आम नागरिक के बीच अपराह्न 1:00 बजे से क्रिकेट मैच का होगा आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस समारोह के सफल आयोजन की तैयारी से संबंधित बैठक समाहरणालय के सभाकक्ष में पदाधिकारियों के साथ की गई। बैठक में गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर सभी आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की गई।

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या दिनांक 25 जनवरी 2023 को मुख्य समारोह स्थल पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन सायं 5:00 से निर्धारित किया गया। दिनांक 26 जनवरी को प्रशासन बनाम आम नागरिक के बीच अपराह्न 1:00 बजे से क्रिकेट मैच का आयोजन स्थानीय गोविंद उच्च विद्यालय गढ़वा टाउन हॉल के मैदान में आयोजित करने की बात कही गई। झांकी की प्रस्तुति हेतु जेएसएलपीएस गढ़वा, पीएचइडी गढ़वा, स्वास्थ्य विभाग, जिला समाज कल्याण एवं कल्याण विभाग, जिला परिवहन कार्यालय, शिक्षा विभाग तथा डीआरडीए के द्वारा आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लेने की जानकारी दी गई। गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह स्थल पर राष्ट्रगान, परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने हेतु पूर्व से ही पूर्वाभ्यास कराने की जानकारी दी गई। मुख्य कार्यक्रम स्थल पर विधि व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति की समुचित व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, अग्निशमन की व्यवस्था को लेकर चर्चा की गयी।

### मुख्य समारोह स्थल पर प्रातः 9:05 बजे होगा झंडोत्तोलन

मुख्य समारोह स्थल पर सार्वजनिक झंडोत्तोलन प्रातः 9:05 बजे, समाहरणालय गढ़वा में 10:35 बजे, अनुमंडल कार्यालय गढ़वा में 11:00 बजे, जिला परिषद डाक बंगला में प्रातः 11:05 बजे, नगर परिषद कार्यालय में 11:15 बजे एवं पुलिस लाइन गढ़वा में पूर्वाह्न 11:40 बजे झंडोत्तोलन निर्धारित किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा प्रातः 6:00 बजे से प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा।

## कांडी प्रखंड में झंडोत्तोलन का समय निर्धारित

**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को गणतंत्र दिवस पर प्रखंड क्षेत्र के सभी सरकारी-गैर सरकारी संस्थानों में झंडोत्तोलन का समय सारणी निर्धारित हेतु बीडीओ मनोज कुमार तिवारी ने बैठक की। प्रखंड कार्यालय कांडी में प्रातः 8:30, कांडी थाना 8:45, प्रखंड संसाधन केन्द्र 8:55, रा. कृत उवि कांडी 9:05, हरिहरपुर ओपी 9:15, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र 9:20, कन्या मवि कांडी 9:25, उत्क्रमित उवि डुमरसोता 9:35, सभी पंचायत मुख्यालय 9:40, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक शाखा कांडी 9:45, एसबीआई कांडी 9:50, यूनियन बैंक कांडी 9:55, शंकर प्रताप देव उवि हरिहरपुर 10:00, पशु चिकित्सा केन्द्र कांडी 10:05, सोनभद्र आदर्श महाविद्यालय कांडी 10:10, लक्ष्मी चंद्रवंशी उवि कांडी 10:20, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कांडी 10:30 बजे का समय निर्धारण किया गया है। इस मौके पर अंचल अधिकारी कांडी अजय कुमार दास, प्रखंड प्रमुख सत्येंद्र पाण्डेय, बिससूत्री अध्यक्ष चंदशेखर उपाध्याय, डाक्टर अमित कुमार, उदय राम, सुमंत राम, रमेश ठाकुर, पंचायत सचिव परमानन्द राम, लखन प्रसाद चंद्रवंशी सहित कई संस्था प्रमुख मौजूद थे

ओड़िशा कैबिनेट की बैठक में 12 प्रस्तावों को दी मंजूरी

# सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेज कर्मचारियों के अनुदान में वृद्धि

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** शनिवार को राज्य कैबिनेट की अहम बैठक हुई। इसमें कैबिनेट ने 12 प्रस्तावों को मंजूरी दी है। सरकारी सहायता प्राप्त निजी महाविद्यालयों के कर्मचारियों के अनुदान में वृद्धि की गयी है। यह निर्णय लिखित रूप में जनवरी 2023 से लागू होगा। हालांकि राज्य सरकार के इस फैसले से कई वर्षों से इंतजार कर रहे कई कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। कैबिनेट की बैठक में ग्रामीण पाइप जलापूर्ति के लिए 2 परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी है। उसके लिए बरी व कोरेई प्रखंड में दो प्रोजेक्ट का निर्माण किया जायेगा, जो 5 साल के अंदर पूरा हो जायेगा। इसके साथ ही नयागड जिले के नुआगांव, गणीआ और दसपल्ला में 3 पेयजल परियोजनाएं स्थापित की जायेंगी, मालकानगीरी में खैरीपुट, मलकानगिरी के माथेली और कालीमेला में 4 परियोजनाएं स्थापित की जायेंगी। जलेश्वर गोबरी घाट में सुबर्णरेखा नदी पर पुल निर्माण के लिए बुलाए गए टेंडर को मंजूरी दे दी गयी है। बीएसएससीआरआई में कैंसर रोगियों के आवास के लिए 2 एक-ड़ जमीन उपलब्ध कराई जाएगी और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आयोग अधिनियम में संशोधन किया जायेगा। इसके साथ ही जीएसटी, ट्रेड टैक्स डाटाएंट्रीऑपरेटर भर्ती, खनन, भूतत्व सेवा निदेशालय 5 कैडर भर्ती, ओएसजेएस और ओजेएस सेवा अधिनियम, ओडिशा खाद्य प्रयोगशाला स्टाफ भर्ती, ओडिशा ग्रुप-बी स्टाफ भर्ती और सेवा शर्तों में संशोधन किया गया है।

## सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव अपूर्व चंद्र ओड़िशा के दौरे पर

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव अपूर्व चंद्र ने शनिवार को भुवनेश्वर स्थित दूरदर्शन केंद्र, नेशनल एकेडमी ऑफ ब्रॉडकास्टिंग एंड मल्टीमीडिया, पत्र सूचना कार्यालय (पीआइबी) और सेंट्रल ब्यूरो ऑफ कम्युनिकिसान का दौरा किया और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बाद में सचिव अपूर्व चंद्र ने कटक स्थित आकाशबाण केंद्र का दौरा किया और इसके कार्यक्रमों के बारे में समीक्षा की।

## बीजेपी की दो दिवसीय राज्य कार्यकारिणी की बैठक आज से

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बीजेपी की दो दिवसीय राज्य कार्यकारिणी की बैठक आज से भुवनेश्वर में शुरू हुआ। पार्टी कार्यालय में होने वाली बैठक में जिला सभापति, जिला प्रभारी व राज्य पदाधिकारी शामिल होंगे। इसी तरह राज्य कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक कल यानी राबीबार को चंद्रशेखरपुर के एक निजी होटल में होगी। इससे पहले पार्टी के राज्य संपादक गोलक महापात्र ने इस संबंध में जानकारी दी।

## रंका प्रखंड की काशीसोत नदी पर टूटे हुए पुल को बनवाने की स्वीकृति दिलाने पर मंत्री को दी बधाई



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड के बूढ़ापरास, बरवाही, बरदरी, चुतरू, बांदू, अनहर गांव के लगभग दस हजार लोगों के जीवनदायिनी पुल जो काशीसोत नदी पर अवस्थित है, उसे टूट जाने से आवागमन बाधित हो गया था। उस पुल को बनवाने के लिए जनता के बीच अपने वादा को निभाते हुए मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने पुल निर्माण की स्वीकृति दिलाकर एक ओर अपना वादा निभाया है वहीं दूसरी ओर लोगों का दिल भी जीत लिया है। ऐसे जनप्रतिनिधि मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को जनता ने कोटि-कोटि आभार व्यक्त किया है। वहीं झामुमो के रंका युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी एवं उपाध्यक्ष मुकेश कुमार तिवारी ने मंत्री को गुलदस्ता देकर बधाई दी है।

## झारखंड पुलिस आठ के जवान शिव कुमार साव के अंतिम संस्कार में उमड़ी भीड़



**कांडी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पतिला पंचायत अंतर्गत चोका गांव निवासी व झारखंड पुलिस आठ के जवान 40 वर्षीय शिव कुमार साव के अंतिम संस्कार में शनिवार को लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। उक्त जवान की मौत 19 जनवरी की रात में सदर अस्पताल मेदिनीनगर में हो गयी थी। शिव कुमार भंडरिया थाना के संगाली पिकेट में तैनात थे। वे वहां पर मेस मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। उक्त जवान का अंतिम संस्कार शनिवार को सोन नदी में किया गया। परिजनों ने बताया कि शिव कुमार 19 जनवरी को मेस का सामान खरीददारी के लिए भंडरिया बाजार गए थे। वे सामान लेकर वापस पिकेट लौटे ही थे कि गाड़ी से सामान उतारने के दौरान अचानक चक्कर खाकर गिर पड़े, जहां पत्थर से सिर में गंभीर चोट आयी थी। जवानों ने इलाज के लिए भंडरिया स्थित अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए मेदिनीनगर रेफर कर दिया। मेदिनीनगर अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने चेक कर मृत घोषित कर दिया। मृतक शिव कुमार साव 2005 में जैप में लेस्लीगंज में योगदान दिये थे। मृतक अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। अंतिम संस्कार में मुखिया अमित कु. दुबे, बीडीसी मनोज कुमार पासवान, एएसआई प्रबल मेहता, अशोक पासवान, धर्मेन्द्र राम, सत्यनारायण मेहता, विनोद मेहता, सरयू मेहता, रविन्द्र मेहता, मुकेश कुमार, बहादुर प्रजापति, परमेश्वर साव सहित काफी लोग उपस्थित थे।

## रंका के समाजसेवी स्व. विजय साव की पांचवीं पुण्य तिथि पर किया गया कंबल का वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका अनुमंडल मुख्यालय के समाजसेवी स्व. विजय साव की पांचवी पुण्य तिथि के अवसर पर उनके ज्येष्ठ पुत्र सुनील कुमार साहू, अनुज पुत्र विकास कुमार साहू, पत्नी शांति देवी, पुत्रियां क्रमशः सुनीता देवी, अनीता गुप्ता, ललिता गुप्ता, संगीता गुप्ता, रंजीता गुप्ता, बहु रंजना रानी, रानी रजनी, पोता विशिष्ट विराज, वीर विराज, वैभव विराज, पोती विनीता विराज ने गरीब असहाय वृद्ध महिला पुरुषों के बीच सैकड़ों कंबल का वितरण किया गया।

इस अवसर पर पूर्व मुखिया महिमा गुप्ता, समाजसेवी श्याम सुंदर प्रसाद, अनील साव, नंदलाल प्रसाद, जैकी गुप्ता, रूपेश कुमार, मदन लाल गुप्ता, परशु ठाकुर, छितिज आर्य, राजा रत्नेश, रौनक गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, बिरल बाबा तथा लक्ष्मी रानी उपस्थित थे। इस मौके पर स्व. विजय साहू के पुत्र एवं पुत्रियों ने बताया कि उनके पिता विजय साहू आजीवन गरीबों के कल्याण के कार्य किया करते थे। उन्हीं के पद चिन्हों पर चलते हुए परिवार के लोगों ने पिता की पुण्यतिथि पर गरीबों के बीच कंबल वितरण का कार्य करने का संकल्प लिया है। इसके तहत प्रत्येक वर्ष उनके बरखी के मौके पर यह कार्यक्रम किया जाता है। इस अवसर पर काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## जीएन कॉन्वेंट में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्थानीय स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर स्कूली छात्र छात्राओं के बीच परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नवीं, दशमी, ग्यारहवीं और बारहवीं के समस्त बच्चों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर मॉडल, पोस्टर मेकिंग, निबंध और ओजपूर्ण भाषण देकर अपनी अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम माही कुमारी वर्ग दशम, द्वितीय दिव्यांजली शुक्ला वर्ग द्वादश, तृतीय सृष्टी आनंद वर्ग एकादश एवं निलिमा कुमारी। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम विद्या कश्यप, द्वितीय सृष्टि आनंद एवं तृतीय आकाश पांडेय। वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम विद्या कश्यप, दिव्यादीप सोनी, तानुप्रिया एवं माही कुमारी का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। निबंध प्रतियोगिता में माही कुमारी, सिद्धि केशरी एवं आयुषी कुमारी क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक विनय दुबे, संजीव कुमार, मुकेश भारती, खुर्शीद आलम, नरेंद्र सिन्हा, नीरा शर्मा, सरिता दूबे, सुषमा केशरी, उज्जवल शुक्ला, शिवानी कुमारी, सुषमा तिवारी, रिजवाना शाहिन, सुनीता कुमारी एवं संतोष प्रसाद की भूमिका सरहानीय रही।

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन,प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय, (रोजगार कार्यालय) गढ़वा।

दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजनान्तर्गत भर्ती कैम्प–2023
सूचना

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, गढ़वा के तत्वावधान में दिनांक–25.01.2023 (दिन–बुधवार) को पूर्वाह्न–10.30 बजे से अपराहन् 4.00 बजे तक जिला नियोजनालय परिसर, गढ़वा में एक दिवसीय "दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजनान्तर्गत भर्ती कैम्प–2023" आयोजित किया जा रहा है।
भर्ती कैम्प में निम्न नियोजक ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है:–

| S. No. | Name and Add. Of the Employer | Name of the Post | No. Of Vacancy | Qualification | | Experience | Age | Salary | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Essential | Desirable | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | | 9 |
| 1 | Credit Access Grameen Limited. Ranchi | Trainee Kendra Manager | 50 | 12th pass | ITI/ Graduate | Fresher | 19-29 year | 11,525/- CTC And incentive, Fuel | Personal Bike Mandatory with DL |

भर्ती कैम्प में भाग लेने वाले निजी नियोजकों एवं उनसे प्राप्त रिक्तियों की विस्तृत विवरणी से संबंधित सूचना झारखण्ड सरकार के वेबसाईट –www.rojgar.jharkhand.gov.in एवं garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।
**भर्ती कैम्प में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है।** यदि वे पूर्व में निबंधित न हो तो भर्ती कैम्प तिथि के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में जा कर या स्वयं अधिकृत वेबसाईट–www.rojgar.jharkhand.gov.in पर जा कर लें। भर्ती कैम्प के दिन निबंधन का कार्य स्थगित रहेगा। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, इसलिए रिक्ति के शर्तों के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहे है। भर्ती कैम्प में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा।
विशेष जानकारी के लिए जिला नियोजनालय,गढ़वा से सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 288179 (Labour Employment and Traning) 22-23 (D)

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
(पशुपालन प्रभाग), झारखण्ड सरकार,
कार्यालय, पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, काँके, राँची–834006
(OFFICE OF THE INSTITUTE OF ANIMAL HEALTH & PRODUCTION KANKE, RANCHI – 834006)
Email id – iahp.kankeranchi@yahoo.com

निविदा संख्या – 03/2022–23
"पक्षियों के लिए रानीखेत टीकौषधि हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना"

विभागीय राज्यादेश संख्या 19 रा० (वि०) दिनांक 17.08.2022 के द्वारा वित्तीय वर्श 2022–23 में स्वीकृत पशुधन रोगों को कमबद्ध ढ़ंग से नियंत्रित करने की योजना अन्तर्गत पक्षियों के लिए (1.) रानीखेत 'एफ' स्ट्रेन टीकौषधि (26,00,000 खुराक) एवं (2.) रानीखेत 'आर टु बी' स्ट्रेन टीकौषधि (3,00,000 खुराक) के कय हेतु अनुज्ञप्तिधारी सरकारी प्रतिष्ठानों/गैर सरकारी निर्माताओं/अधिकृत विक्रेताओं (डिस्ट्रीब्यूटर्स) से मुहरबंद टंकित निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड अलग–अलग सीलबंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय द्वारा आमंत्रित की जाती है।

निविदा से संबंधित मुख्य तिथियाँ :–
1. निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि 06.02.2023 को अपराह्न 4:00 बजे तक।
2. निविदा के तकनीकी बीड के खुलने की तिथि 09.02.2023 को 12:00 बजे मध्याह्न।
3. निविदा की वित्तीय बीड खोलने की तिथि बाद में निर्धारित की जाएगी।
4. निविदा दस्तावेज का मूल्य 2000/– रुपये (दो हजार) रुपये है, जो अप्रत्यार्पणीय है। निविदा दस्तावेज अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से नगद भुगतान नाजीर रसीद के माध्यम से दिनांक 04.02.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय अवधि अन्तर्गत प्राप्त किया जा सकेगा। डाउनलोडेड निविदा दस्तावेज भी उक्त भुगतान के आधार पर मान्य होगा।
5. निविदा से संबंधित सूची कार्यालय सूचनापट्ट एवं विभागीय वेबसाईट (http://Jharkhand.gov.in/ agriculture) पर देखी जा सकती है।

पशु टीकौषधियों की सूची :–
1. रानीखेत 'एफ' स्ट्रेन भैक्सीन–( 200 डोज भायल) – दर प्रति खुराक
2. रानीखेत 'आर टु बी' स्ट्रेन– भैक्सीन (100 डोज भायल) – दर प्रति खुराक

निदेशक,
पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, काँके, राँची।

PR.NO.288109 Animal Husbandry(22-23):D

बैठक : चातुर्मास श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के आयोजन को लेकर श्री जीयर स्वामी जी महाराज ने की श्रद्धालुओं के साथ बैठक

# यज्ञ स्थल का चयन एवं यज्ञ कमेटी की घोषणा की गयी

हमसब काफी सौभाग्यशाली है कि हमें महान संत का सान्निध्य मिलेगा : अनंत प्रताप देव



आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** भारत के महान मनीषी संत श्री श्री 1008 श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के कृपा प्राप्त शिष्य श्री श्री 1008 पूज्य पाद श्री जीयर स्वामी जी महाराज के पावन सान्निध्य में श्रद्धालुओं की बैठक शनिवार को जतपुरा हाई स्कूल के मैदान में हुई। बैठक में पाल्हे कला जतपुरा में 2023 में आयोजित चातुर्मास श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के आयोजन को लेकर पूज्य श्री जीयर स्वामी जी के द्वारा स्थल चयन किया गया एवं उनके निर्देश पर अधिवक्ता अरुण कुमार तिवारी ने यज्ञ कमेटी की घोषणा की। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि 1993 में जतपुरा में हुए चातुर्मास यज्ञ के 30 वर्ष बाद पूरे पलामू प्रमंडल में पहली बार उस तरह महायज्ञ हमारे क्षेत्र में होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमसब काफी सौभाग्य शाली है कि हमें महान संत का सान्निध्य इस वर्ष पांच माह तक मिलेगा। बैठक को शारदा महेश प्रताप, कन्हैया चौबे, राजेश प्रताप देव, रामकृपाल द्विवेदी, सुनिल चौबे, शैलेष चौबे, श्यामबिहारी शुक्ला, मथुरा राम, जितेंद्र पाण्डेय, घनश्याम शुक्ला आदि ने संबोधित किया। बैठक में दीपक प्रताप देव, रामानंद पाण्डेय, गदाधर पाण्डेय, लक्ष्मण राम, अशोक प्रसाद, ओमप्रकाश गुप्ता, कामेश्वर प्रसाद, मंदीप प्रसाद, बैजनाथ तिवारी, राकेश विश्वकर्मा, सुजीत अग्रवाल, उमेश लाल, राजेंद्र चौबे, अलखनाथ पाण्डेय, दयावंत शर्मा, सनोज सिंह, रजनी सिंह, धनन्जय सिंह, विजय ठाकुर, ओमप्रकाश विश्वकर्मा सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

**यज्ञ समिति में कौन कौन हुये शामिल :** वीरेंद्र चौबे को यज्ञ समिति अध्यक्ष, अनीश कुमार शुक्ला को सचिव, अमित कुमार शुक्ल, रामश्रृंगार चौबे, शैलेश कुमार चौबे, मथुरा राम, बनारसी राम, बाचा महतो, बालेश्वर ठाकुर, मनोज कुमार राम एवं अमरेश गुप्ता को उपाध्यक्ष, श्यामबिहारी शुक्ल को कोषाध्यक्ष, शिवनारायण चौबे एवं प्रदीप कुमार शुक्ल को उप कोषाध्यक्ष, स्वागत समिति में शशिकांत शुक्ल, राजेश कुमार पांडेय, नरसिंह नारायण शुक्ल, राजेश कुमार देव, शिव कुमार पांडेय, मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, अरुण कुमार चौबे को रखा गया है। सुनील कुमार चौबे(रि. कैप्टन), नवनीत कुमार शुक्ल, विभूति भूषण चौबे, कमेश राम, हरिहर राम, विजय कुमार ठाकुर, उमेश मेहता, चंद्रकेतु कुमार, अनिल विश्वकर्मा को उप सचिव, रजनीश कुमार मंगलम, राधेरमण चौबे, धर्मेन्द्र कुमार चौबे को मीडिया प्रभारी, उमेश कुमार शुक्ल, राकेश कुमार चौबे को संयुक्त सचिव, धीरेन्द्र कुमार चौबे को लेखा प्रभारी बनाया गया है। विजेंद्र कुमार चौबे, पीयूष कुमार शुक्ल, अनुपम कुमार चतुर्वेदी, धीरेन्द्र कुमार शुक्ल, शंकर महतो, शिवबचन राम, शंभू राम, हरिहर पासवान, अमीचंद गुप्ता, राजनारायण शुक्ल, छोटेलाल शुक्ल, बिमलेश कुमार शुक्ल, अखिलेश कुमार शुक्ल, पंकज कुमार शुक्ल आदि को कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है।

### मुख्य संरक्षक होंगे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

यज्ञ को लेकर मुख्य संरक्षक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं अति विशिष्ट संरक्षक नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी को बनाया गया है। वहीं अति विशिष्ट संरक्षक मंडल में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, यूपी के मंत्री संजीव गोंड़, दुद्धी विधायक वरामदुलारे गोंड़, सांसद विष्णु दयाल राम, सांसद सुनील कुमार सिंह, विधायक सरयू राय, भानू प्रताप शाही, सीपी सिंह, रामचंद्र चंद्रवंशी, सोनभद्र विधायक भूपेश चौबे, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव आदि को रखा गया है। यज्ञ आयोजन समिति संरक्षक शंभू नाथ शुक्ला को बनाया गया है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची

ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा सूचना, (अठवां कॉल)

जिसका PR No. 255948 (Drinking Water and Sanitaion) 2021–22 है।
Tender Reference No. - DWSD/RW/SVS-05/2021-22 Date - 21.01.2023

| S. No | Name of the Work | Cluster Name | Sub Cluster /Group No. | Block | Estimate Cost (in Lac) | Ernest money (in Lac) | BOQ cost (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Construction of Solar Based Mini Water Supply Schemes (SVS) in Different Block, comprising of suitable R.C.C. / Framed structure ESR, Distribution Lines, Source (as required) and FHTC all complete job in the Different Block of District Ranchi under Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West, Ranchi for the year of 2021-22 (on Turn Key Basis) | 1A | 1A (ii) | Mandar | 834.84 | 8.35 | 10000.00 |
| 2 | | 5A | 5A(iii) | Nagari | 504.35 | 5.05 | 10000.00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 09 Months + 1 months (trial and run) | | | | | |
| 4 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 24-01-2023 at 04:00 P.M | | | | | |
| 5 | बीड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 30-01-2023 up to 04:00 P.M | | | | | |
| 6 | निविदा की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय/स्थान | 31-01-2023 up to 04:00 P.M कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पश्चिम, राँची/अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची। | | | | | |
| 7 | बीड खोलने की तिथि/समय | 01-02-2023 up to 04:00 P.M | | | | | |
| 8 | निविदा प्रकाषित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता। | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पश्चिम, राँची। | | | | | |
| 9 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-2491247 | | | | | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtendars.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtendars.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा में प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि मान्य होगा।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची

PR 288158Drinking Water and Sanitation(22-23)#D

# एयर इंडिया पर डीजीसीए का जुर्माना

एविएशन रेग्युलेटर डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) का बुजुर्ग महिला सहयात्री पर एक व्यक्ति के कथित तौर पर पेशाब करने के मामले में एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया पर जुर्माना लगाने का फैसला सही है। डीजीसीए ने उस फ्लाइट के पायलट इन कमांड का लाइसेंस सस्पेंड करते हुए और एयरलाइन कंपनी की डायरेक्टर ऑफ इन-फ्लाइट सर्विसेज को अपने दायित्व का निर्वाह नहीं करने का दोषी पाया और उन पर भी 3 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। यह पहली बार है, जब डीजीसीए ने फ्लाइट के दौरान किसी यात्री के बुरे बर्ताव की वजह से किसी एयरलाइन कंपनी को इस तरह की सजा सुनाई है। जुमार्ने की रकम छोटी रखना भी ठीक है। दरअसल, रेग्युलेटर का मकसद यहां सभी विमानन कंपनियों को ऐसे मामलों को लेकर एक संदेश देना है। संदेश यह है कि इस तरह के मामलों को लेकर वे अपने क्रू मेंबर्स को अवेयर करें। इसके साथ उसने यह मेसेज भी दिया है कि अगर इस तरह का आगे कोई मामला आता है तो उसमें एयरलाइन कंपनी को भी दोषी माना जाएगा। एयर इंडिया मामले में एयरलाइन कंपनी के क्रू पर गंभीर सवाल उठे थे। यह माना गया था कि क्रू मेंबर्स अगर तत्परता दिखाते तो इस शर्मसार करने वाली घटना को रोका जा सकता था। यह बात ठीक भी थी, क्योंकि यात्रियों के गलत व्यवहार को फ्लाइट में रोकने की बड़ी जिम्मेदारी उनकी ही बनती है। वैसे, डीजीसीए के जुर्माना लगाने के बाद कंपनी ने भी पॉजिटिव सिग्नल दिये हैं। एयरलाइन कंपनी ने कहा है कि वह रेग्युलेटर के आदेश को देख और समझ रही है। कंपनी ने माना कि इस मामले की शिकायत दर्ज कराने में उससे थोड़ी बहुत चूक हुई, उसे वह स्वीकार करती है। आगे इस तरह की भूल ना हो, इसके लिए वह जरूरी कदम भी उठा रही है। इसके साथ एयर इंडिया यात्रियों की ओर से गलत बर्ताव के बारे में क्रू मेंबर्स को नियमों के मुताबिक क्या करना है, यह भी बता रही है। उन्हें बताया जा रहा है कि ऐसी स्थिति को कैसे हैंडल करना है। इसे भी मानना चाहिए कि भले ही शुरुआत में कंपनी से कहीं जो चूक हुई, उसके बाद उसने सही कदम उठाये। इससे पहले कंपनी ने कथित तौर पर बुजुर्ग महिला सहयात्री पर पेशाब करने वाले व्यक्ति पर चार महीने तक हवाई यात्रा करने पर पाबंदी भी लगायी थी। दरअसल, यात्रियों के गलत बर्ताव पर एयरलाइन कंपनी के लिए नियम स्पष्ट हैं और उनका क्रू मेंबर्स की ओर से पालन किया जाना चाहिए। साथ ही, भले ही यह फैसला एयर इडिया को लेकर रेग्युलेटर की ओर से दिया गया है, लेकिन यह दूसरी एयरलाइन कंपनियों के लिए भी नजीर की तरह काम करेगा। जिस तरह से कथित आरोपी के हवाई यात्रा करने पर चार महीने की पाबंदी लगायी गयी है, उससे गलत बर्ताव करने वाले यात्रियों को भी एक सबक मिलेगा।

**कंपनी ने माना कि इस मामले की शिकायत दर्ज कराने में उससे थोड़ी बहुत चूक हुई, उसे वह स्वीकार करती है। आगे इस तरह की भूल ना हो, इसके लिए वह जरूरी कदम भी उठा रही है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**जब तुलसीदास ने रामचरितमानस की रचना की तो उनके खिलाफ बनारस के पंडितों के एक वर्ग ने भारी हंगामा किया था। उन पर हमला हुआ था। तब उन पर यह आरोप लगाया गया था कि उन्होंने जन-जन की भाषा हिंदी में राम के चरित्र का वर्णन क्यों किया, संस्कृत में क्यों नहीं। किसी भी व्यक्तित्व और उसके कृतित्व पर बहस की गुंजाइश है और होनी भी चाहिए, लेकिन यह आलोचना मुट्ठी भर उन लोगों द्वारा की जानी चाहिए जिन्हें तुलसी साहित्य के बारे में जानकारी ही नहीं है।**


# न तुलसी में विवाद रहा न कबीर में

बृजेश शुक्ल

गोस्वामी तुलसीदास ने लिखा था 'राम के भक्तन की रीति नीति सीधी सी, सबसे सनेह सबको सम्मानीये।' यानी राम के भक्तों की रीति-नीति सीधी होनी चाहिए कि सभी से प्रेम स्नेह करें और बिना भेदभाव सभी का सम्मान करें, कुछ लोगों द्वारा उन पर सवाल उठाय जा रहे हैं। उन पर आरोप लगाये जा रहे हैं कि तुलसी दास जी की रामचरित मानस समाज में भेदभाव फैलाने वाली है। लेकिन तुलसी पर सवाल पहली बार नहीं उठाये जा रहे हैं। जब तुलसीदास ने रामचरितमानस की रचना की तो उनके खिलाफ बनारस के पंडितों के एक वर्ग ने भारी हंगामा किया था। उन पर हमला हुआ था। तब उन पर यह आरोप लगाया गया था कि उन्होंने जन-जन की भाषा हिंदी में राम के चरित्र का वर्णन क्यों किया, संस्कृत में क्यों नहीं। किसी भी व्यक्तित्व और उसके कृतित्व पर बहस की गुंजाइश है और होनी भी चाहिए, लेकिन यह आलोचना मुट्ठी भर उन लोगों द्वारा की जानी चाहिए जिन्हें तुलसी साहित्य के बारे में जानकारी ही नहीं है। चंद लाइनें इधर-उधर से उठा कर और उसी पर बहस छेड़ दी जाये। क्या तुलसी महिला विरोधी थे क्या दलित विरोधी थे।

**तुलसी तो अपनी उस पत्नी की प्रशंसा करते हैं, जिसके कटाक्ष के कारण उन्होंने घर छोड़ा था।**

इसमें कोई दो-राय नहीं कि किसी कवि और लेखक की कृतियों में समकालीन समाज का असर पड़ता है और कुछ लाइनें ऐसी आ जाती हैं, जिस पर किसी को भी आपत्ति हो सकती है। लेकिन व्यापकता से देखने पर तुलसी के राम, उस शबरी के राम हैं, जो दीन भाव में आकर अपने को नारी और नीच बता देती है तत्काल राम उसका खंडन करते हैं और कहते हैं।




**तुलसी राम भरोसे हैं, जो राम का है, वही उनका है। जब बनारस के पंडितों ने तुलसी पर हमला किया तो उन्होंने उन्हें भी कुछ नहीं कहा। तुलसी के खिलाफ उन्हीं लोगों ने बगावत की थी जिन्होंने रामानंद के खिलाफ की थी। जिन्होंने कह दिया था कि जात पात पूछे नहीं कोई, हरि का भजे सो हरि का होई।**

**अधम ते अधम अधम अति नारी।**
**तिन्ह महं मैं मतिमंद अघारी॥**
**कह रघुपति सुनु भामिनि बाता।**
**मानऊं एक भगति कर नाता॥**

जो अधम से भी अधम हैं स्त्रियां, उनमें भी अत्यंत अधम हूं, और उनमें भी हे पापनाशन! मैं मंदबुद्धि हूं। इसका जवाब देते राम कहते हैं कि हे भामिनि! मेरी बात सुन! मैं तो जाति पाति का नहीं केवल एक भक्ति ही का संबंध मानता हूं। जहां तक शबरी के कथन का सवाल है कोई भी किसी के घर जाता है तो वह इसी भाव से अपने अतिथि का सत्कार करता है कहां आप कहां मैं। आप मेरे घर पधारें।

तुलसी तो अपनी उस पत्नी की प्रशंसा करते हैं, जिसके कटाक्ष के कारण उन्होंने घर छोड़ा था। वह लिखते हैं कि 'हम तो चाखा प्रेम रस पत्नी के उपदेश।' यानी पत्नी के उपदेश के चलते इस राम रस को मैं पी रहा हूं। निषादराज केवट राम को श्रेष्ठ मानकर दूर से दंड प्रणाम करता है, लेकिन राम उसे गले से लगा लेते हैं। यही नहीं ऋषि वशिष्ठ से भी केवट दूर से प्रणाम करता है। तुलसी लिखते हैं कि 'प्रेम पुलक केवट कहि नामू किन्ह दूर से दंड प्रणामू। राम सखा ऋषि बरबस भेंटा। जनू महि लूटत सनेह समेता।' यानी निषाद राज विनय का अवतार है और वशिष्ठ स्नेह की। इसमें कोई आपस में भेदभाव नहीं है दोनों समान धरातल पर खड़े हैं।

तुलसी राम भरोसे हैं, जो राम का है, वही उनका है। जब बनारस के पंडितों ने तुलसी पर हमला किया तो उन्होंने उन्हें भी कुछ नहीं कहा। तुलसी के खिलाफ उन्हीं लोगों ने बगावत की थी जिन्होंने रामानंद के खिलाफ की थी। जिन्होंने कह दिया था कि जात पात पूछे नहीं कोई, हरि का भजे सो हरि का होई।

तुलसीदास पर जब बनारस के कुछ पंडितों ने हमला बोला तो उन्होंने लिखा

**'धूत कहौ, अवधूत कहौ, रजपूत कहौ, जोलहा कहौ कोऊ।**
**काहू की बेटी सो बेटा न ब्याहब, काहू की जाति बिगार न सोऊ॥**
**तुलसी सरनाम गुलामु है राम को, जाको रुचै सो कहव सब कोऊ।**
**मांगि कै खैबौ, मसीत को सोइबो, लैबो को एकु न दैबे को दोऊ॥**

यानि चाहे कोई धूर्त कहे अथवा परमहंस कहे; राजपूत कहे या जुलाहा कहे, मुझे किसी की बेटी से तो बेटे का ब्याह करना नहीं है, न मैं किसी से सम्पर्क रख कर उसकी जाति ही बिगाड़ूंगा। तुलसीदास तो राम का प्रसिद्ध गुलाम है, जिसको जो रुचे सो कहो। मुझको तो मांग के खाना और मस्जिद में सोना है; न किसी से एक लेना है, न देना है।

वह आगे लिखते हैं कि :-

**मेरे जाति-पांति न चहौं काहू की जाति-पांति,**
**मेरे कोऊ काम को न हौं काहू के काम को।**
**लोकु परलोकु रघुनाथ ही के हाथ सब,**
**भारी है भरोसो तुलसी के एक नाम को॥**
**अति ही अयाने उपखानो नहि बूझें लोग,**
**ह्यसाह ही को गोतु गोतु होत है गुलाम को।**
**साधु कै असाधु, कै भलो कै ᑭ गोच, सोचु कहा,**
**का काहू के द्वार परौं, जो हौं सो हौं राम को॥**

यानि मेरी कोई जाति-पाति नहीं है और न मैं किसी की जाति-पाति चाहता हूं। कोई मेरे काम का नहीं है और न मैं किसी के काम का हूं। मेरा लोक-परलोक सब राम के हाथ है। तुलसी को तो एकमात्र रामनाम का ही बहुत बड़ा भरोसा है। लोग अत्यंत गंवार हैं-कहावत भी कोई परवाह नहीं है। कबीर को बहुत ही साहसी दृष्टि और रूढियों को तोड़ने वाला माना गया है। इसमें कोई विवाद नहीं है। लेकिन वही कबीर लिखते हैं कि 'नारी की झांई पड़त, अंधा होत भुजंग कबिरा तिन की कौन गति, जो नित नारी को संग'

यानी नारी की झाईं पड़ते ही सांप तक अंधा हो जाता है, फिर साधारण इंसान की बात ही क्या जो रोज ही नारी के साथ रहता है। तो क्या कबीर को भी कटघरे में खड़ा करने का प्रयास होगा। महान संतों और उनकी रचनाओं को संपूर्णता के परिप्रेक्ष्य में देखना होगा।

इस तरह सवाल उठाने वाले शायद भूल जाते हैं कि साहित्यिक रचनाओं में देश काल परिस्थिति का भी कुछ असर आ जाता है और इनकी रचनाओं में कुछ अनपढ़ लोगों ने भी अपनी बातें डाल दी हैं।

## जमशेदपुर की खबरें

### पंचायत समिति की बैठक में शामिल हुए विधायक

# खतियानी जोहार यात्रा को सफल बनाना कार्यकर्ताओं के साथ हम सबकी भी जिम्मेदारी है : मंगल कालिंदी

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में खतियानी जोहार यात्रा का तैयारी जोरों पर है। जमशेदपुर में 31 जनवरी को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन यात्रा की शुरूवात करेंगे। बीते दिनों झामुमो जिला कमेटी की बैठक के बाद जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के विधायक मंगल कालिंदी ने खातियानी जोहार यात्रा को भव्य बनाने की तैयारी में जुट गए है। विधायक ने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव का दौरा कर ग्रामीणों को खातियानी जोहार यात्रा में शामिल होने के लिए अपील की। वही शनिवार को विधायक मंगल कालिंदी ने परसुडीह शंकरपुर स्थित देवराज पैलेस में जुगसलाई बिधानसभा क्षेत्र के पंचायत समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में परसुडीह, सरजामदा, मकदमपुर, हलुड़वनी, घोड़ाबंदा, गोबिंदपुर, राहरगोड़ा, खाकरीपाड़ा, हुडलूंग और हितकु पंचायत के सक्रिय झामुमो कार्यकर्ता शामिल हुए।

मौके पर विधायक ने 31 जनवरी को खातियानी जोहर यात्रा को सफल बनाने के लिए रूप रेखा तैयार की। विधायक ने कहा जिले में खातियानी जोहर यात्रा की शुरुआत राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को हर हाल में सफल बनाना है। उन्होंने कहा सभी कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में ग्रामीणों के साथ सीधे संपर्क कर हजारों हजार की संख्या में 31 जनवरी को 11 बजे कदमा स्थित उलियांन में शामिल होंगे। उन्होंने कहा पार्टी के कार्य मे कार्यक्रम को सफल बनाना कार्यकर्ताओ के साथ हम सबका जिम्मेदारी बनता है। जुगसलाई विधानसभा के कार्यकर्ता हर हाल में खातियानी जोहार यात्रा को सफल बनाने का काम करेगी। विधायक मंगल कालिंदी ने बैठक में पंचायत स्तर के सभी नेताओं का हौसला अफजाई करते हुए हजारों हजार की संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति दर्ज कराने का निर्देश दिया। बैठक में पंचायत स्तर के सभी नेताओं ने विधायक के समक्ष एक सुर में तन मन से सहमति जतायी।

वहीं विधायक ने जुगसलाई बिधानसभा के सभी कार्यकर्ताओं को अपने अपने क्षेत्र में ग्रामीणों के साथ मधुर संबंध स्थापित करते हुए एकजुट होकर कार्यक्रम को दफल बनाने की अपील की। मौके पर मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष पलटन मुर्मू, झामुमो नेता मिथुन चक्रवर्ती, झामुमो के बरिष्ठ नेता मनुवर हुशैन, बबलू महतो, विकास स्वर्णकार, सागर महतो, मनोज यादव, पप्पू ठाकुर, राकेश चक्रवर्ती, विजय राव, संजय दास, शिव शंकर कालिंदी, कन्हैया पांडे, मोहम्मद चिड्ढू, मोहम्मद शकील, अख्तर हुशैन उर्फ चिकू, जलेश्वर साह, सिमरन भाटिया, कार्तिक मछुआ, राजेन हासदा, मोहम्मद शमिम, ज्ञान राज, विमल पाल, राजा बास्के, सुखपाल सिंह, चमन तिवारी,वीर सिंह कलुंडीह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

### श्री राम मंदिर की तृतीय वर्षगांठ पर समिति का गठन

# मुख्य संरक्षक ने किया सूर्य मंदिर समिति की वेबसाइट का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** सूर्य मंदिर समिति की आमसभा सह बैठक का आयोजन किया गया। शनिवार को बैठक में समिति के अध्यक्ष भूपेंदर सिंह एवं मुख्य संरक्षक रघुवर दास एवं संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह उपस्थिति रहे। बैठक में श्रीराम मंदिर स्थापना की तृतीय वर्षगांठ पर समिति का गठन किया गया। इस अवसर पर मुख्य संरक्षक रघुवर दास ने सूर्य मंदिर के वेबसाइट का शुभारंभ किया। बैठक में मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंदर सिंह ने श्री राम मंदिर की स्थापना की तृतीय वर्षगांठ पर कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया महोत्सव का शुभारंभ 22 फरवरी को दोपहर 12 बजे होगा। 28 फरवरी की संध्या 7:30 बजे से महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। 22 फरवरी को दोपहर 12 बजे बिरसानगर स्थित तीन नंबर जोन कुआं मैदान से एक भव्य शोभा यात्रा निकलेगी, जो सूर्य धाम के महोत्सव स्थल पर पहुंचकर संपन्न होगी। इसी दिन से 28 फरवरी तक लगातार श्रीराम कथा की मर्मज्ञ कथा वाचिका अयोध्या निवासी पंडित गौरांगी गौरी शंख मैदान में श्रीरामचरित मानस की संगीतमय कथा प्रस्तुत करेंगी। राम कथा प्रत्येक दिन अपराह्न तीन बजे संध्या 7:30 बजे तक चलेगी। बैठक में मिथिलेश सिंह यादव, संजीव सिंह, कमलेश सिंह, खेमलाल चौधरी, दिनेश कुमार, गुंजन यादव, कुलवंत सिंह बंटी, गुरदेव सिंह राजा, पवन अग्रवाल, समाजसेवी शिवशंकर सिंह, अनिल ठाकुर, विपिन झा, धर्मेंद्र प्रसाद, मुन्ना अग्रवाल, संतोष ठाकुर, बबलू गोप, हेमंत सिंह, ध्रुव मिश्रा, अजय सिंह, सुरेश शर्मा, प्रोबिर चटर्जी राणा, श्रीराम प्रसाद, पप्पू मिश्रा, रमेश नाग, दीपक झा, राकेश कुमार, बबुआ सिंह, पप्पू सिंह, विनोद सिंह, अमरजीत सिंह राजा, रूबी झा, शशिकांत सिंह, कंचन दत्ता, बंटी अग्रवाल, संतोष यादव, कृष्ण मोहन सिंह, लक्ष्मीकांत सिंह, प्रमोद झा, सुशांतो पांडा, कमलेश साहू, ईश्वर लाल तिवारी, सरयू गोस्वामी, महेंद्र यादव, बोल्टू सरकार, टुनटुन सिंह, राकेश सिंह, दीपक कुमार, अश्विनी सिंह, रामेश्वर सिंह, हेमंत साहू, तजिन्दर सिंह जॉनी, अमित अग्रवाल, ओम पोद्दार, अमित उपाध्याय, अजय कुमार, पप्पू उपाध्याय, रानी ठाकुर, धीरज पासवान, रमेश पांडेय, रॉकी सिंह, रमेश विश्वकर्मा, ममता सिंह, रीना तिवारी, मधु तांती, भारती कुमारी, सुधा यादव, चंद्रकांता सिंह, सुशीला साहू, उर्मिला दास, मीरा झा, संध्या रानी महतो, रूपा देवी उपस्थित थी।

# डीसी ने डीडब्ल्यूओ और गुड़ाबांधा सीओ को किया शोकॉज, 24 घंटे में जवाब देने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने पर जमशेदपुर की उपायुक्त द्वारा जिला कल्याण पदाधिकारी को स्पष्टीकरण किया गया है। स्पष्टीकरण का जवाब 24 घंटे के भीतर देना है अन्यथा अनुशासनात्मक कार्रवाई की बात कही गयी है। एक अन्य मामले में अंचल अधिकारी गुड़ांबादा को भी स्पष्टीकरण करते हुए 24 घंटे के भीतर जबाव समर्पित करने का आदेश दिया गया है। गौरतलब है कि 21 जनवरी को जमशेदपुर की उपायुक्त द्वारा अंचल स्तर पर निर्गत होने वाले जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र एवं आवासीय प्रमाण पत्र के निष्पादन की समीक्षा की गयी जिसमें अंचल अधिकारी गुड़ाबांदा शामिल नहीं हुए। उपायुक्त के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी घाटशिला द्वारा अंचल कार्यालय में जाकर जांच किया गया, तो वहां भी अंचल अधिकारी अनुपस्थित पाये गये। प्रखंड मुख्यालय से अनुपस्थित रहने की सूचना मात्र प्रखंड के वरीय पदाधिकारी को एसएमएस के माध्यम से दी गई तथा पटना में होने की बात बताई गयी। विदित हो कि राजस्व संबंधी मामलों के निष्पादन में अंचल अधिकारी के खराब प्रदर्शन तथा पूर्व में भी अपने दायित्यों का निर्वहन भी सही प्रकार से नहीं करने, प्रखंड मुख्यालय से गायब करने की शिकायत प्राप्त होती रही है, उक्त को लेकर स्पष्टीकरण किया गया है।

# गालूडीह, खड़िया टुसू मेले में उमड़ा जनसैलाब, दिखी संस्कृति की झलक

**गालूडीह (आजाद सिपाही)।** शनिवार को अनुमंडल के कई स्थानों पर टुसू मेला का आयोजन किया गया। इधर सार्वजनिक टुसु कमिटी खड़िया कॉलोनी की ओर से खड़िया कॉलोनी टुसू मेला मैदान में भव्य टुसू मेले का आयोजन किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी बिसु मुंडा मौजूद थे। अतिथियों ने मादर बजा कर टुसू मेले का आनंद उठाया। समाजसेवी बिसु मुंडा ने मेला में आयीं विभिन्न टुसू प्रतिमाओं को नकद राशि प्रदान कर पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि टुसू मेला झारखंडी संस्कृति का अभिन्न अंग है। राज्यभर में टुसू पर्व धूमधाम से मनाया जाता है. टुसू हमारी सभ्यता और परंपरा से जुड़ा हुआ त्योहार है, जिसे लेकर ग्रामीण महिला-पुरुष और बच्चों में उत्सुकता रहती है। आने वाले दिनों में टुसु मेला और भव्य रूप लेगा। वहीं मेले में घोड़ा नाच, झुमुर नाच, बूगी-बूगी डांस, छऊ नाच ने लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया. मेले में पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन पर महिलाएं, पुरूष व युवाओं की टोली झूम रही थी। टुसू प्रतिमा के आगे टुसू गीत गाये जा रहे थे। बता दें कि टुसू मेला देखने के लिए दूर-दराज से हजारों लोग पहुंचे थे।

# जमशेदपुर में प्रशासन ने लिया एक्शन अवैध होर्डिंग को काट कर हटाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में लगाये गये होर्डिंग के खिलाफ कार्रवाई की गयी। जमशेदपुर जिला प्रशासन द्वारा अवैध होर्डिंग्स पर कार्रवाई की गयी। जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के विशेष पदाधिकारी के निर्देश पर कदमा पोस्ट ऑफिस, धातकीडीह कम्युनिटी सेंटर एवं बौद्ध मंदिर के समीप लगे अवैध होर्डिंग्स पर कार्रवाई करते हुए काटकर हटा दिया गया। ज्ञात हो की उक्त स्थल के सभी विज्ञापनकर्ता को पूर्व में नोटिस किया गया था।

विदित हो की जमशेदपुर शहर में जितने भी अवैध होडिंग्स है उनके विज्ञापनकर्ता कार्रवाई से पूर्व स्वयं से अवैध होर्डिंग हटा ले अन्यथा अवैध होर्डिंग्स को काट कर हटा दिया जाएगा। इस अभियान में विज्ञापन शाखा के जमशेदपुर अक्षेस के नोडल पदाधिकारी अनय राज, नगर प्रबंधक, जॉय गुड़िया, नगर प्रबंधक एवं उड़नदस्ता दल के लोग शामिल थे।

## पांडिपुडिंग जलप्रपात में डूबने से किशोर की मौत

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तपकरा थाना क्षेत्र के पांडिपुडिंग जलप्रपात में डूबने से शिवम मिश्रा (18) नामक किशोर की मौत हो गयी। वह हजारीबाग का रहने वाला था। वर्तमान में रांची में रहकर पढ़ाई कर रहा था। वह डोरंडा कॉलेज में 12वीं का छात्र था। जानकारी के अनुसार शनिवार को डिजिटल कोचिंग रांची के छात्र-छात्राएं पिकनिक मानाने पंडिपुडिंग जलप्रपात गए थे। वहां घूमने के क्रम में शिवम जलप्रपात के ऊपरी हिस्से की ओर चला गया। वहां सेल्फी लेने के क्रम में पैर फिसल जाने से जलप्रपात में गिर गया। घटना की जानकारी मिलने पर पर्यटन मित्रों का दल वहां पहुंचा और जलप्रपात से शिवम को बाहर निकला। उसे बस से तोरपा के रेफरल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव का अंत्यपरीक्षण रविवार को खूंटी सदर अस्पताल में कराया जाएगा।

## 15 गरीब व जरूरतमंद लोगों में कंबल वितरण

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ पश्चिमी पंचायत अंतर्गत विधवा एवं असहाय बुजुर्ग महिला एवं पुरुषों (15 लोगों) के बीच मुखिया प्रतिनिधि हीरा मुंडा की अगुवाई में गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। इस मौके पर महिला समूह के अन्य सदस्य भी शामिल थे।

### केंद्रीय ग्रामीण सचिव ने किया समेकित आजीविका कृषि फार्म का अवलोकन

# पूरे देश में कर्रा फार्म का मॉडल विकसित करने का किया जायेगा प्रयास: शैलेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** केंद्रीय ग्रामीण विकास विभाग के सचिव शैलेश कुमार सिंह, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव प्रशांत कुमार, मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी, जेएसएलपीएस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सूरज कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने शनिवार को कर्रा स्थित आजीविका कृषि प्रणाली (मनरेगा पार्क) का अवलोकन किया। केंद्रीय सचिव ने कर्रा पार्क की सराहना करते हुए कहा कि पार्क के मॉडल को पूरे देश में विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर केन्द्रीय ग्रामीण विकास सचिव ने कहा कि हम सभी का लक्ष्य होना चाहिए कि हम बहुमुखी प्रगति के पथ पर अग्रसर हो सकें। उन्होंने कहा कि राष्ट्र भर में विभिन्न राज्यों से किसानों को कर्रा पार्क में एक्सपोजर विजिट कराया जाएगा। साथ ही कर्रा पार्क के मॉडल को पूरे राष्ट्र भर में विकसित किए जाने के प्रयास होंगे। उन्होंने कहा कि इस माध्यम से किसान सतत विकास के साथ-साथ बदलते जल वायु परिवर्तन और आधुनिक खेती से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखण्ड में कृषि के क्षेत्र में बहुत संभावनाएं हैं। उन्होंने इन कार्यों को सफल रूप प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन और सखी मण्डल की दीदियों के साथ जनसामान्य की भी सराहना की है। साथ ही इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच और सक्रिय मुहिम से झारखंड के खूंटी जिले की तस्वीर बदल रही है। किसान पाठशाला की सोच को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में धरातल पर उतारने का लक्ष्य है। पिछले वर्ष मुख्यमंत्री ने कर्रा पार्क का उद्घाटन किया था। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिले के सभी प्रखंड में कर्रा पार्क की तर्ज पर समेकित आजीविका कृषि प्रणाली विकसित की जा रही जा रही है। राज्य भर में एक सौ किसान पाठशाला खोलने का निर्णय लिया गया है। ज्ञात हो कि समेकित आजीविका कृषि फार्म 25 एकड़ भूमि पर फैला है। इस परियोजना में विभिन्न प्रकार की नगदी फसलों का उत्पादन और किसानों को प्रशिक्षण देने का प्रवाधान है। इसमें विभिन्न प्रकार के फलों व फूलों का उत्पादन आधुनिक तरीके से किया जा रहा है। इसमें चीकू, पपाया, सीडलेस लेमन, ऐपल, सेव बैर, कॉफी, ड्रेगन फ्रूट, ग्वाभा, ओवकैडो, पाइनएपल, कीनू व गन्ने की खेती को बढ़ावा मिल रहा है। साथ ही कृषि से जुड़ी जीविकोपार्जन की तमाम गतिविधियां जैसे कि दुग्ध उत्पादन, मनरेगा के तहत शेड निर्माण, गिर गाय पालन, मुर्रा भैंस का पालन, मुर्गी पालन, इटालियन मधुमक्खी पालन सह शहद उत्पादन पर खासा जोर, आधुनिक रूप से मछली पालन के साथ ही बत्तख पालन की समन्वित खेती, मशरूम उत्पादन एवं केचुआ खाद की इकाइयों को बढ़ावा मिला। किसानों को इसका प्रशिक्षण देकर उनकी आय को दोगुणा करने का लक्ष्य है। इसके अलावा हॉर्टिकल्चर के साथ यहां अन्य कृषि गतिविधियों पर प्रयोग तथा शोध किए जा रहे हैं तथा सब्जियों को सुरक्षित रखने के लिए सोलर कोल्ड स्टोरेज का संचालन किया जा रहा है।


निरीक्षण करते केंद्रीय ग्रामीण विभाग के सचिव शैलेश सिंह व अन्य।

### किसान पाठशाला

पार्क की किसान पाठशाला को अत्याधुनिक बनाने के साथ लोगों को प्रशिक्षित करने के लिए यहां 30 बेड का हॉस्टल बनाया जा रहा है, जहां लोग आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। पूरे खूंटी जिले में हार्टिकल्चर-फलों की बागवानी पर विशेष ध्यान दिया गया है। प्रसंस्करण के लिए फूड प्रोसेसिंग प्लांट लगाए जायेंगे। इसके प्रथम चरण में आम, कटहल, स्ट्रॉबेरी, टमाटर, लेमनग्रास व जेरेनियम का तेल निकालने की आसवन इकाइयों की भी व्यवस्था की जायेगी।

## सुदेश महतो ने किया शहीद की प्रतिमा का अनावरण



**राहे (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चैनपुर गांव में शनिवार को विधायक सुदेश महतो ने शहीद नील मोहन महतो के प्रतिमा का अनावरण किया। शहीद नीलमोहन महतो 21 जनवरी 2012 को गढ़वा जिला के भड़रिया थाना क्षेत्र में लैंड माइंस विस्फोट में शहीद हुए थे। प्रतिमा अनावरण के बाद शहीद के परिजनों के अलावा क्षेत्र के बुद्धिजीवी वर्ग ने पुष्प अर्पित माल्यार्पण किया। साथ ही सभी ने मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में विधायक सुदेश महतो ने कहा कि दोकाद पंचायत में चार युवक शहीद हुए हैं। इन शहीदों के सम्मान के लिए सामूहिक रूप से एक सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान विधायक ने शहीदों के गांव में स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली और पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर बीडीओ हारून रशीद, सांसद प्रतिनिधि चितरंजन महतो, प्रखंड प्रभारी संजय सिद्धार्थ, रंग बहादुर महतो, उमेश महतो, प्रकाश सिन्हा, क्षेत्र मोहन महतो, सुभाष महतो, प्रकाश महतो, विकास कुमार महतो और प्रमोद सिंह, सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## पुलिस ने पांच एकड़ में लगी अफीम की फसल को किया नष्ट



**राहे (आजाद सिपाही)।** राहे ओपी क्षेत्र के होटलो पंचायत अंतर्गत के फुलवार व बेहराबेड़ा गांव के जंगल में पांच एकड़ में लगे अवैध अफीम (पोस्ता) की खेती को राहे पुलिस ने अभियान चलाकर नष्ट कर दिया। राहे ओपी प्रभारी रामरेखा पासवान ने बताया कि सीनियर एसएसपी के निर्देश व गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने क्षेत्र के कई गांवों में जाकर अफीम के पौधों को नष्ट किया। अफीम के पौधों को किसने लगाया पूछताछ किया जा रहा है। अभियान में राहे ओपी प्रभारी रामरेखा पासवान, एएसआई राजकपूर समेत राहे ओपी के जवान उपस्थित थे।

## भोलवा टुंगरी मेला सह स्व. काशीनाथ महतो मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली के मोदीडीह गांव के भोलवा टुंगरी परिसर में शनिवार को भोलवा टुंगरी मेंला सह स्व काशीनाथ महतो मेमोरियल फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। मेले में पांता नाच, मुर्गा लड़ाई, टुसू (चौड़ल) एवं फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फुटबॉल प्रतियोगिता के विजेता टीम तोरांग फुटबॉल क्लब को विधायक सुदेश महतो एवं उप विजेता खेरडीह के टीएम को स्व काशीनाथ महतो के पुत्र डॉ अमित महतो और प्रतियोगिता में तृतीय स्थान और चतुर्थ स्थान प्राप्त टीमों को गूंज संयोजक जयपाल सिंह व सुशील महतो ने नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। चौड़ल प्रतिभागियों को प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक, उप प्रमुख आरती देवी ने पुरस्कार दिया। वहीं भोलवा टुंगरी पहाड़ पर स्थापित शिव मंदिर तक जाने के लिए विधायक ने सीढ़ी निर्माण की आधारशिला रखी। अब लोग सुगमता से मंदिर तक पहुंच पायेंगे। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद फारुख मोमिन एवं धन्यवाद ज्ञापन सुभाष महतो ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विकास महतो, हराधन महतो, विशाल महतो, मनोहर महतो, सुभाष महतो, शिशुपाल महतो, मधुसूदन महतो, वंशीधर उरांव, धीरेंद्र महतो समेत ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा।

## अवैध बालू ढुलाई में लगे दो ट्रैक्टर एवं एक टर्बो जब्त

**अड़की (आजाद सिपाही)।** अड़की पुलिस ने शनिवार को सारगेया घाट में अवैध बालू की ढुलाई में लगे दो ट्रैक्टर व एक टर्बो को जब्त कर थाने ले गई। एक ट्रैक्टर पर नंबर तक नहीं लगा था। उस पर माइनिंग एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह जानकारी थाना प्रभारी इकबाल हुसैन ने दी। दूसरी ओर, अड़की पुलिस ने खूंटी-तमाड़ पथ पर सिदरी में एनटी क्राइम जांच अभियान चलाया।

# ददई दुबे 25 को पहुंचेंगे सीसीएल के एनके एरिया दौरे की तैयारियों को लेकर आरसीएमएस की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व सांसद चंद्रशेखर दुबे (ददई दुबे) सीसीएल के एनके एरिया के दो दिवसीय दौरे पर 25 जनवरी को डकरा पहुंचेंगे। उनके दौरे की तैयारी को लेकर डकरा में शनिवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ एनके एरिया की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता एरिया अध्यक्ष बीएन पांडे ने की। बैठक में एरिया सचिव अब्दुल्ला अंसारी की उपस्थिति में निर्णय लिया गया कि इंटक के राष्ट्रिय अध्यक्ष सह पूर्व सांसद चंद्रशेखर दुबे (ददई दुबे) का स्वागत एनके एरिया डकरा स्थित वीआइपी गेस्ट हाउस के समीप जोरदार तरीके से किया जायेगा। बैठक का संचालन जसवंत पांडे ने किया। बैठक में यूनियन के मुमताज अहमद, बसंत मुंडा, पजू महतो प्याहरी भगत, यशवंत पांडे, जयंत पांडे, सोनू पांडे, सुनील कुमार सिंह, कोलेश्वर माझी, संतोष पांडे, संतोष पांडे, अरविंद पांडे, महेश प्रजापति, बालमुकुंद पांडे, अजय कुमार, अरविंद चैबे, अवध बिहारी पांडे, विनय सिंह, मनोज भुइयां, पीएन दूबे, भगवान जैना, कोलेश्वर महतो, मोहम्मद अंली, संदीप पांडे, नवीन पाठक, कुलदीप साव, राजकुमार, रंजीत चौहान, मो ईशा, बालमीकि पांडे, प्रमोद कुमार, बिजय उरांव सहित सभी शाखा के अध्यक्ष और सचिव के अलावा संगठित और असंगठित मजदूर उपस्थित थे।


बैठक के दौरान उपस्थित यूनियन के लोग।

## 26 जनवरी तक होगा कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी का गठन

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस की बैठक शनिवार को जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें पार्टी की जिला कमेटी के विस्तार पर चर्चा की गई। बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा भी उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित कांग्रस जनों के साथ प्रत्येक पद के लिए कई नामों पर चर्चा हुई और 26 जनवरी तक जिला कार्यकारिणी कमेटी को अंतिम रूप देने का निर्णय लिया गया। बैठक में रामकृष्ण चौधरी, विल्सन तोपनो, नरेश तिर्की, मरियम आईंद, मीनाक्षी तोपनो, नईमुद्दीन खां, विनायक राय, पौलुस पूर्ति, बसंत सेठ, पुनीत हेमरोम, देवजीत देवरिया, सुशील सांगा आदि थे।



## बूथ सशक्तीकरण को लेकर भाजपा की बैठक

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** भाजपा जिला कार्यालय में शनिवार को बूथ सशक्तीकरण को लेकर बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर गुप्ता ने की। बैठक में प्रदेश भाजपा के अमित चरण उपस्थित थे। जिलाध्यक्ष ने बूथ को कैसे मजबूत करें, इस पर कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिया। प्रदेश भाजपा के अमित चरण ने इस विषय पर आवश्यक सुझाव दिए। कार्यक्रम का संचालन संयोजक सह उपाध्यक्ष संजय साहू ने किया। धन्यवाद ज्ञापन सोशल मीडिया प्रभारी महावीर राम ने किया। बैठक में सह संयोजक सह जिला उपाध्यक्ष कैलाश, आईटी संयोजक सचिन कश्यप, मंडल अध्यक्ष क्रमशः सुरेश जायसवाल, निखिल कंडुलना, रामध्यान सिंह, मदनमोहन गोप, पुरेंदर मांझी, मोती पातर, प्रखंड महामंत्री कलिंद्र राम, विजय राम के अलावा सभी आठ मंडलों के संयोजक, सह संयोजक, सोशल मीडिया प्रभारी और आइटी प्रभारी उपस्थित थे।



### बैठक में निर्णय, रोजगार की मांग को लेकर 25 को रैयत विस्थापितों का धरना

# प्रबंधन के खिलाफ सभी को होना होगा एकजुट, तभी मिलेगा अधिकार: बिगन

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा एनके एरिया के तत्वावधान में पुरनाडीह जामडीह में रैयत विस्थापितों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता धनराज भोगता एवं संचालन शिवनाथ भोगता ने किया। बैठक में रैयत विस्थापित मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता एवं उपाध्यक्ष अमृत भोगता मौजूद थे। जहां पुरनाडीह कोल डंप से रोजगार को लेकर चर्चा की गई। विस्थापित नेताओं एवं ग्रामीणों ने कहा कि पुरनाडीह कोयला खदान खोलने के समय रैयत विस्थापितों को रोजगार के लिए रोड सेल के तहत कोल डंप चालू किया गया था और लोगों को कोल डंप से रोजगार और रोजी रोटी चल रहा था। लेकिन वर्तमान समय में कोल डंप चालू हुआ लेकिन रैयत विस्थापितो को रोजगार नहीं मिल रहा है और रोजी रोटी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण विस्थापितों में काफी आक्रोश व्याप्त है। कोल डंप के माध्यम से ग्रामीणों के रोजगार उपलब्ध कराने के लिए पूर्व में एक ज्ञापन सौंपा गया था लेकिन आजतक पहल नहीं किया गया। जिससे रैयत विस्थापितों में बेहद नाराजगी है। बिगन सिंह भोगता ने कहा कि विस्थापितों को एकजुटता और ताकत प्रबंधन को दिखाना होगा, तभी अपना अधिकार मिल पाएगा। प्रबंधन को रैयत विस्थापितो को कोल डंप में रोजगार देना होगा। बैठक में निर्णय लिया गया की कोल डंप में रोजगार को लेकर जोरदार आंदोलन किया जाएगा। जिसके तहत 25 जनवरी को पुरनाडीह परियोजना कार्यालय के समक्ष धरना दिया जाएगा। बैठक में सोमर गंझू, रवि उरांव, शिवा गंझू, प्रभु गंझू, राजेंद्र उरांव, संजय गंझू, धर्मा उरांव, धर्मवीर ठाकुर, नारायण गंझू, वीरेंद्र महतो, रामविलास गंझू, सुनीता देवी, सुनीता सिन्हा, बिपता गंझू, महेंद्र गंझू, अरविंद कुमार, विजय लोहार, जतरु गंझू, सुरेश करमाली, मुटु गंझू, गोपाल उरांव, खेटा मुंडा, पवन गंझू, रीना देवी, फुलमनी देवी, बंधनी देवी, रुकमणी देवी, सधनी देवी, मलती देवी, पूनम देवी, तेतरी देवी, सीता देवी, किरण देवी, मनीषा देवी, रीता देवी, मीना देवी, विनीता, सीमा सहित काफी संख्या में महिलाएं एवं पुरूष मौजूद थे।



## महत्वपूर्ण न्यूज

## सरस्वती पूजा को लेकर पिपरवार थाना में शांति समिति की बैठक, भाईचारे के साथ त्योहार मनाने का निर्णय



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सरस्वती पूजा के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बरकरार रखने को लेकर पिपरवार थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पिपरवार पुलिस निरीक्षक रंजीत रोशन एवं संचालन अवर निरीक्षक रुपेश कुमार महतो ने की। पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने शांति समिति की बैठक में उपस्थित लोगों से पूजा के आयोजन स्थलों की जानकारी लेते हुए शांति व्यवस्था की स्थिति की जानकारी ली। बैठक में शामिल लोगों से पूजा के दौरान सीसीएल द्वारा सड़कों पर पानी के छिड़काव, लाईटिंग के साथ पर्याप्त पुलिस पेट्रोलिंग कराने की मांग की गई। क्षेत्र में पूर्व के सांप्रदायिक सद्भाव के इतिहास को देखते हुए लोगों ने एक बार पुन: एक मिशाल कायम करने की बात कही। बैठक में मौजूद लोगों में पिपरवार पुलिस निरीक्षक रंजीत रोशन, थाना प्रभारी गोविंद कुमार, पुअनि रुपेश कुमार महतो दिलीप बास्की सअनि उपेंद्र नारायण सिंह, आनंद खंडैत, गीता एक्का, रीना कुमारी, सीसीएल के क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अरुण महतो, श्रमिक प्रतिनिधि रविन्द्र नाथ सिंह, संजय सिंह, भीम सिंह यादव, इकबाल हुसैन, निर्मल उरांव, जेपी महाराज, रविंद्र सिंह, गणेश भुइंया, सुरेश महतो, सोनू तिवारी, उमेश मेहता, सुरेश कुमार, इंद्रदेव ठाकुर, रामचन्द्र उरांव, जितेंद्र कुमार, महेश प्रसाद साहू, अभय सिंह, कृष्णा यादव आदि मौजूद थे।

## अब्दुल्ला अंसारी ने की तीन जरूरतमंदों की आर्थिक मदद



**खलारी (आजाद सिपाही)।** मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने तीन परिवारों को आर्थिक मदद किया। चुरी दक्षिणी पंचायत के टिकेटरी निवासी स्वर्गीय बंधन गंझू का एक सप्ताह पूर्व अज्ञात बीमारी से निधन हो गया था। इधर बमने पंचायत के डुंडु निवासी मनकू महतो का सड़क दुर्घटना में एक सप्ताह पूर्व मौत हुई थी। जानकारी मिलने पर मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी दोनों परिवार के घर जाकर संवेदना व्यक्त करते हुए परिवार वालों को आर्थिक मदद किया। साथ ही खाद्य सामग्री भी दिया। अब्दुल्ला डुंडु निवासी मनोज महतो के बीमारी की सूचना पाकर उनके घर पहुंचे और इलाज के लिए 10 हजार रुपया देकर आर्थिक मदद की। उन्होंने तीनों परिवारों को आगे भी हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर सुनील सिंह, सोनू पांडेय, राजेश महतो, मनोज बैठा, शेखर महतो, चंदन महतो शामिल थे।

## प्रखंड प्रमुख के प्रयास से राष्ट्रीय राजमार्ग-7 पर बने गड्ढों को भरने का शुरू हुआ काम



**खलारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा के प्रयास एवं पहल के बाद शनिवार को एस एच 07 में बने गड्ढों को भरने का कार्य शुरू कर दिया गया। एसएच-7 सड़क का निर्माण कर रही कंपनी द्वारा डकरा पुल के साथ-साथ डकरा पेट्रोल पंप सहित खलारी से टण्डवा मुख्य मार्ग पर कई जगहों पर सड़क के गड्ढों में कोलतार एवं चिप्स से भर कर दुरुस्त बनाया जा रहा है। प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा ने कहा कि मार्ग में गड्ढा होने के वजह से कई जानलेवा घटनाएं घट चुकी हैं और कई लोगों की जाने भी जा चुकी हैं। साथ ही इस मुख्य मार्ग में स्कूल की बसों, हजारीबाग से रांची यात्री बसों के साथ कई कंपनियों के वाहन एवं चार पहिया और दो पहिया वाहनों के साथ-साथ पैदल चल रहे राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। लोगों की इस समस्या को देखते हुए उन्होने कंपनी से गड्ढों को भरने का कार्य षुरू करने को कहा था। जिसके बाद कंपनी द्वारा आज से सड़क निर्माण कंपनी के द्वारा गड्ढों को भरने का काम किया जा रहा है। सड़क निर्माण कंपनी द्वारा गड्ढों में चिप्स और कोलतार के जरिए मरम्मत कर चलने योग्य बनाया जा रहा है। वहीं कंपनी की ओर से आष्वास्त किया गया है कि जल्द ही इस सड़क के निर्माण को पुरा कर लिया जाएगा। इधर राहगीरों और खलारी के ग्रामीणों के द्वारा प्रखंड प्रमुख का आभार प्रकट करते हुए इस कार्य के लिए सराहना की है। मौके पर श्याम जी महतो. आनंद, अजय, राहुल भगत आदि थे।

## डकरा के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हुआ संकुल स्तरीय आचार्य सम्मेलन का आयोजन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** डकरा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में संकुल स्तरीय आचार्य सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि विद्या विकास समिति के रांची विभाग के विभाग निरीक्षक फन्नीनद्रनाथ झा, निर्णायक जितेंद्र तिवारी, विद्यालय उपाध्यक्ष अवधेश सिंह, समाजसेवी रघुवंश नारायण सिंह, शिक्षक मनोज जी की ओर से संयुक्त रूप से किया गया। डकरा संकुल के पांच विद्यालयों में डकरा, पिपरवार, मैकलुस्कीगंज, पुरानी राय, करकट्टा के कुल 145 आचार्य बंधु-भगिनी के साथ सभी विद्यालय के प्रधानाचार्य जिनमें गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा, गणेश महतो, अभिमन्यु पासवान, लखन गुप्ता, शालिग्राम सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम को तीन सत्रों में सम्पन्न किया गया। जिसमें प्रथम सत्र में प्रश्न मंच प्रतियोगिता, दूसरे सत्र में आशु भाषण में आदर्श आचार्य की संकल्पना, राष्ट्रीय स्वयं संघ, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, अभिभावक संपर्क का महत्त्व, प्रभावी वंदना सभा, दिवसाधिकारी का दायित्व, कक्षाचार्य का दायित्व, शिशु/बाल/किशोर/तरुण सभा का महत्त्व, संगणक शिक्षा का महत्त्व, शून्य कालांश के विषयों पर प्रतियोगिता और तीसरे सत्र में सामूहिक गीत की प्रतियोगिता हुई। पूरे कार्यक्रम में मंच संचालन में राजेंद्र कामत द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन सत्र में सभी विद्यालयों के शिक्षकों ने अपना अनुभव कथन रखा। इसके बाद प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे प्रतिभागियों को अधिकारियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। अंत में प्रधानाचार्य गोपाल मिस्त्री विष्वकर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वीरेंद्र झा, वीरेंद्र पाठक, अजय मिश्रा, राजू सिंह, हरिनंदन कुमार, लक्ष्मण महतो, विजय प्रजापति, निकु वर्मन, जिक्षु शर्मा, आनंद जैसवाल, मनोरंजन ओझा, भरत राय, अनुराग कुमार, ऋषिकेश सिंह, शशि रंजन, शेषनाथ शर्मा, राजेश वर्मा, रामनिवास पांडेय, रीता दास, सिकंदर झा, मोहन राय, मनबोध कुमार, अर्चना कुमारी, सरिता कुमारी, अनिता सिंह, अर्चना सिंह, हेमंत यादव, नवीन सिंह, विजय उपाध्याय, संदीप कुमार का सराहनीय सहयोग रहा।

## ऊर्जा मेले में बिजली बचाने की अपील, अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे उपभोक्ता



हुसैनाबाद,(आजाद सिपाही)। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड द्वारा हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय के समीप नव निर्मित पावर सब स्टेशन परिसर में शनिवार को ऊर्जा मेला लगाया गया। इसमें उपभोक्ताओं के विभिन्न समस्याओं का समाधान किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से विधायक कमलेश कुमार सिंह ,विधायक प्रतिनिधि अजित सिंह,विभाग के एसडीओ संजय कुमार,कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारी और कर्मी मौजूद थे। काफी संख्या में उपभोक्ता अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर मेला में पहुंचे और आवेदन दिया।कई लोगों की समस्याओं का समाधान ऑन द स्पॉट किया गया। मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने सभी उपभोक्ताओं से समय पर बिजली बिल जमा करने का आग्रह किया। कहा कि लोगों को सहूलियत देने के लिए उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। झारखंड सरकार द्वारा सौ यूनिट बिजली मुफ्त में दिया जा रहा है। क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बकाया बिजली बिल किस्त में जमा करने की सहूलियत भी दी गयी है। क्षेत्र में बिजली से जुड़ी जितनी भी समस्याएं हैं। उसे दूर करने का प्रयास हो रहा है। विद्युत विभाग से समन्वय बनाकर आगे भी छोटी-मोटी समस्या को दूर किया जायेगा। मौके पर मानव दिवस कर्मी जितेंद्र ठाकुर,उबैत अंसारी,संतोष सिंह समेत काफी संख्या में बिजली उपभोक्ता मौजूद थे।

## शिव मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर पथरा में निकली कलशयात्रा



हुसैनाबाद(आजाद सिपाही)। प्रखंड के पथरा पंचायत के पथरा गांव में नवनिर्मित शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलशयात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया परम्परागत ढोल-बाजे के साथ जयकारों के साथ यात्रा में शामिल लोग कररबार नदी पहुँचे। जहां आचार्य अजीत शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जलभरी की प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद लोग जल लेकर मंदिर परिसर पहुंचे। पूजा मंडप में कलश की पूजा कर स्थापना की गयी। मौके पर पंचायत के मुखिया नरेश पासवान ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भक्ति पूर्ण कार्य से शांति मिलती है। हम सब को तन-मन-धन से सहयोग के लिये सक्रिय रहने की जरूरत है। मुखिया ने कहा कि प्रभु कृपा से ही खुशहाली आयेगी। मौके पर मुख्य रूप से संजय कुमार, बिजय पासवान, दिनेश पासवान, अरविन्द कुमार, सोनू कुमार, उदय पासवान, गुड्डु कुमार, बिनय पासवान समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी चलायेगा रक्तदान जागरूकता अभियान : नवीन तिवारी



मेदिनीनगर। सदर अस्पताल में भर्ती मंझिआंव प्रखंड अंतर्गत खरसोता निवासी स्व प्रभु साव की पत्नी अनिता कुंवर को एबी पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता की जानकारी मिलने पर सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा के आग्रह पर लेस्लीगंज निवासी राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के पलामू जिला संगठन मंत्री राज पांडे ने सदर अस्पताल स्थित बल्ड बैंक में रक्तदान किया।श्री मिश्रा नें राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी से जुडे. राज पांडेय से रक्तदान करवा कर मरीज को रक्त उपलब्ध कराया।मौके पर उपस्थित राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी ने रक्तदान महादान के प्रति धीरज मिश्रा के द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्यों पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि रक्तदान जीवनदान के समान है। परशुराम सेना युवा वाहिनी द्वारा रक्तदान जागरूकता अभियान चलाया जायेगा।रक्तदान के अवसर पर उपस्थित धीरज मिश्रा ने रक्तदाता राज पांडेय का हौसला अफजाई करके आभार प्रकट करते हुए कहा कि रक्तदान महादान को लेकर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने के परिणाम स्वरूप अब लोग जागरूक होकर लोगों की जान बचाने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं। श्री मिश्रा ने सभी निजी,सरकारी एवं स्वयंसेवी संस्थाओं से रक्तदान शिविर का आयोजन करने का अपील किया है। इस दौरान युवा वाहिनी के कोर कमेटी सदस्य संजय मिश्रा,अनुशासन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष तिवारी,प्रमंडलीय संरक्षक राकेश पांडेय,प्रमंडलीय प्रभारी पंडित चंदन तिवारी,जिला उपाध्यक्ष कौशल शुक्ला मौजूद थे।

## आनंदमार्गियों ने शिक्षा की जागरूकता के बारे में दी जानकारी

मेदिनीनगर। आनंद मार्ग जागृति परिसर में प्रथम फेज प्रथम डायोसिस सेमिनार के दूसरे दिन ट्रेनर आचार्य सिद्धविद्यानंद अवधूत के द्वारा शिव की शिक्षा पर विस्तार रूप से लोगों को इसकी जानकारी दी गयी। शिव की 12 शिक्षा पर मुख्य रूप से प्रकाश डाला गया। पहली शिक्षा है वर्तमानेषू वर्तेत यानी मनुष्य को वर्तमान की भीति पर खड़े होकर अपने वर्तमान के समृद्धि में लगाना है और भविष्य की परिकल्पना इस तरीके से करना है कि मानवीय ऐश्वर्य ठोस रूप ग्रहण कर सके। दूसरी शिक्षा है कर्मणा बद्धते जीवः विद्या तू प्रमुच्यते अर्थात् मनुष्य के द्वारा कोई भी कार्य बिना प्रज्ञा के समर्थन के बिना नहीं करना चाहिए। तीसरी शिक्षा में शिव में स्त्री को कलत्र का दर्जा दिया है। कलत्र के मन में अपने पति के प्रति हित की भावना होगी तभी परिवार में मधुरता रहेगी और फूस जैसे घर में सोने का संसार होगा। चौथी शिक्षा है क्रोध मानुष का महान शत्रु है।

# एनएचएम कर्मियों की हड़ताल से पांचवे दिन भी ओपीडी रही बंद, मरीज परेशान

**बिश्रामपुर(पलामू)** बिश्रामपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के एनएचएम कर्मियों का अनिश्चित कालीन हड़ताल पांचवे दिन भी जारी रहा। जिससे ओपीडी सेवा लगातार पांचवें दिन भी बंद रहा। ओपीडी बंद रहने से मरीजों को काफी परेशानी हो रही है। हड़ताल के दौरान एनएचएम कर्मी हॉस्पिटल परिसर में शनिवार को धरना भी दिया। एनएचएम कर्मी का कहना है कि सरकार अपने वादे से मुकर रही है। हमारा एक सूत्री मांग नियमित करने का है। जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होती तब तक हड़ताल जारी रहेगा। मौके पर सभी एनएचएम कर्मी मौजूद थे।



हड़ताल पर बैठे एनएचएम कर्मी

## ठंढ में गरीबों को कंबल वितरण करना पुण्य का कार्य : लवली गुप्ता



**पांकी (पलामू)** बढ़ती ठंड को देखते हुए पूर्व जिला पार्षद सह भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती लवली गुप्ता ने केकरगढ पंचायत के सुदूरवर्ती जांजो गांव पहुंचकर गरीब व असहायो के बीच में कंबल वितरण किया श्रीमती गुप्ता ने कहा कि कड़कड़ाती ठंड में जरूरतमंदों के बीच में कंबल वितरण करना पुण्य का कार्य है। समर्थ लोगों को इस तरह का कार्य करना चाहिए। सेवा कार्य करने से मन को शांति मिलती है। श्रीमती गुप्ता ने बताया कि इस तरह के सामाजिक कार्यों में हमेशा बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है। मौके पर समाजसेवी अनूप गुप्ता,उपेंद्र गुप्ता,अनिल दुबे, विकास सिंह, करमजीत सिंह, शंकर प्रसाद आदि कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मां शतचंडी महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

**यज्ञ से सम्पूर्ण श्रृष्टि का कल्याण होता है: विधायक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** प्रसिद्ध देवी धाम हैदरनगर से भव्य कलश यात्रा के साथ शनिवार को दस दिवसीय श्री मां शतचंडी महायज्ञ प्रारंभ हो गया। यह यज्ञ वैष्णव संप्रदाय के संत श्री श्री 1008 श्री सुंदर राज स्वामी के अगुवाई में हो रहा है। जो 30 जनवरी को संतों की विदाई व भव्य भंडारा के साथ समापन होगा। कलश स्थापना को लेकर गाजे बाजे के साथ सुबह दस बजे भव्य जलयात्रा में हजारों की संख्या में महिलाएं, कुंवारी कन्याओं सहित पुरुष श्रद्धालुओं ने भी भाग लिया। इस कलश यात्रा में मुख्य रूप से विधायक कमलेश सिंह, भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह, कर्नल संजय कुमार सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, राकांपा नेता बीनू सिंह, समाजसेवी उपेंद्र सिंह, अजित कुमार सिंह,भाजपा नेता रविंद्र सिंह उर्फ बबलू सिंह,कर्नल संजय सिंह, समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार आदि शामिल हुए। कलश यात्रा देवी धाम परिसर से निकलकर जपला मुख्य पथ होते देवरी सोन नदी के तट तक पैदल 13 किलोमीटर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने कलश में जलभराई की। यात्रा में शामिल विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि यज्ञ से सम्पूर्ण श्रृष्टि का कल्याण होता है। जलभराई में आचार्य दिनेश शुक्ला, अखलानंद त्रिवेदी, विनोद शास्त्री, आशीष मिश्रा ने विधि विधान के साथ कलश में जल भरवाया। इस कलश यात्रा में चार किलो मीटर लंबी कतार लगी रही।

## सरईडीह मोड़ पर पलटा ट्रैक्टर, सड़क जाम

छतरपुर ( पलामू) : जिले के छतरपुर में एनएच 98 सरईडीह मोड़ के पास जर्जर सड़क में फंस कर भूसा लदे ट्रैक्टर के पलटने से सड़क जाम हो गई। इस दुर्घटना में लोग भी बाल बाल बच गए। भूसा लदी गाड़ी मनहु के अजित साव की बतायी जाती है। सूचना मिलते ही इलाके के युवा समाजसेवी अरविंद गुप्ता मौके पर पँहुचे और जाम हटाने की कमान संभाली। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना सीओ, थाना प्रभारी और कार्यपालक अधिकारी को दी। करीब एक घंटे के बाद जाम हटाया जा सका। आपको बताते चलें कि नगर पंचायत से गुजरने वाली एनएच 98 सरईडीह मोड़ के पास की सड़क अत्यंत जर्जर अवस्था में है। जिससे हमेशा दुर्घटना होती रहती है।

## शिव प्राण-प्रतिष्ठा यज्ञ, भव्य कलश यात्रा निकाली गयी



**पांकी(पलामू)** शनिवार को नीलाम्बर -पिताम्बरपुर ( लेस्लीगंज )अंतर्गत पचामो में शिव प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ भव्य कलश यात्रा निकाली गई ! कलश यात्रा में मुख्य अतिथि विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के अनुपस्थिति में उनके निजी सचिव प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, अधिवक्ता लाला यादव, मुखिया अरविंद शुक्ला, तरहसी भाजपा मंडल अध्यक्ष अजित प्रसाद गुप्ता एवं अरविंद यादव ने कलश यात्रा में शामिल हुए ! यज्ञ कार्यक्रम चार दिनों तक चलने वाली 22 नवम्बर दिन रविवार को नगर भ्रमन जलाधिवास एवं बेदी पूजन की जाएगी वहीं 23 नवम्बर दिन सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ पूर्ण सूती एवं भंडारा की आयोजन की जाएगी।

## नगर पंचायत ने चलाया डस्टबिन वितरण अभियान,150 हितग्राहियों को किया वितरित

**शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सबकी सहभागिता जरूरी : नगर अध्यक्ष**

आजाद सिपाही संवाददाता



डस्टबिन का वितरण करते नपं अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष व नगर प्रबंधक

**हुसैनाबादः** हुसैनाबाद नगर पंचायत द्वारा नगर के प्रत्येक वार्डों में घर घर हितग्राहियों को डस्टबिन वितरण किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज वार्ड -2 में डस्टबिन वितरण अभियान चलाया गया। नगर प्रबंधक नजीबुल्लाह अंसारी ने बताया की नगर में स्वच्छता अभियान को लेकर नगर पंचायत की ओर से घर-घर डस्टबिन का वितरण किया जा रहा है इस अभियान का शुभारंभ शनिवार को वार्ड-2 के स्टेशन रोड से किया गया। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष शशि कुमार, नगर उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, नगर प्रबंधक नजीबुल्लाह अंसारी,नपं कर्मी रवि यादव आदि ने हितग्राहियों को डस्टबिन प्रदान कर नगर को स्वच्छ रखने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा की नगर वासी नगर पंचायत का सहयोग कर नगर को स्वच्छ सुंदर नगर बनाने में सहयोग प्रदान करे। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही नपं क्षेत्र के सभी वार्डो में डस्टबिन का वितरण किया जाएगा। नगर उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी ने कहा की नगर पंचायत के कर्मचारियों व स्वच्छता कर्मियों की मेहनत और श्रम से निरंतर नगर में साफ-सफाई का क्रम जारी है। शहर के सभी वार्डों में स्वच्छता हो इसे लेकर घर घर डस्टबिन दिए जा रहे है। जिससे की सुविधा के साथ घर का कचरा गाड़ी में डाला जाए।

## समाज के उत्थान से देश का होगा विकास: बच्चन ठाकुर



मेदिनीनगर।अच्छी सोच, मानसिक रूप से मजबूती एवं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने से विकास का मार्ग प्रसस्त होता है। इसके लिए लोगों को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। यह बातें राष्ट्रीय नाई महासभा के जिला अध्यक्ष बच्चन ठाकुर ने कही। वे शनिवार को नावाबाजार प्रखंड के इटको मोड आईटीआई कॉलेज के समीप आयोजित नाई परिवार मिलन समारोह-सह- वनभोज कार्यक्रम में बोल रहे थे। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय नाई महासभा नवाबाजार इकाई द्वारा आयोजित किया गया। जिला अध्यक्ष बच्चन ठाकुर ने समाज में एकजुटता बढ़ाने के लिए युवाओं को आगे आने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करते हुए शिक्षा को अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज, राज्य एवं देश के विकास के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण है। समाज के लोग आगे आएं और शिक्षा को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि समाज की एकजुटता से शीघ्र ही जिलास्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। राष्ट्रीय नाई महासभा के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर ने कहा कि समाज के विकास के लिए शिक्षा जरूरी है। शिक्षा के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं भी संचालित की जा रही है। इसका लाभ लेकर एवं समाज के अग्रणी व्यक्तियों के मार्गदर्शन से आगे बढ़ने की आवश्यकता है।मिलन समारोह-सह-वनभोज कार्यक्रम में उपस्थित व्यक्तियों का स्वागत राष्ट्रीय नाई महासभा नावाबाजार ईकाई के सचिव एवं शिक्षक रविन्द्र नाथ ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में पत्रकार बिजय कुमार ठाकुर ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश ठाकुर, सुदेश्वर ठाकुर,प्रदीप ठाकुर ने विशेष रूप से सहयोग किया। मौके संत कुमार ठाकुर, विकास ठाकुर,सरयू ठाकुर,भिखारी ठाकुर,विश्वनाथ ठाकुर, अंकित ठाकुर सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।

## डिप्टी कलेक्टर बनने पर पूर्व जिप सदस्या व बसपा नेता ने दी बधाई



हरिहरगंज/ पलामू । जेपीएससी प्रथम सीमित प्रतियोगिता परीक्षा में पीपरा प्रखंड के पीपरा बाजार स्थित अपग्रेडेड उवि के प्रधानाध्यापक विजय राम को डिप्टी कलेक्टर ( अपर समाहार्ता) के पद पर चयनित होने पर हरिहरगंज के पूर्व जिप सदस्या आशा कुमारी और बसपा नेता प्रमोद कुमार रवि ने शुक्रवार को शहर स्थित उनके आवास जाकर गुलदस्ता भेंट कर उन्हें सम्मानित करते हुए बधाई दी । साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयन होने के बाद इलाके भर के प्रतिभावान विद्यार्थियों और प्रतियोगियों को प्रेरणा मिली है। उन्होंने कहा कि पलामू जिले के पीपरा प्रखंड जैसी पिछड़े इलाके में भी प्रतिभावान व्यक्तियों की कमी नहीं है। इनके डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित होने से पीपरा प्रखंड का नाम जिले और राज्य भर में रौशन हुआ है। मौके पर अविनाश कुमार, नीलम कुमारी आदि मौजूद थे।

## छतरपुर में वनवासी क्षेत्र में सेवा कार्य के लिए धन संग्रह की शुरुआत

छतरपुर (पलामू )वनवासी कल्याण केन्द्र झारखंड के द्वारा संपूर्ण प्रांत में वनवासी क्षेत्र में सेवा कार्य के लिए धन-संग्रह की शुरूआत नगर पंचायत क्षेत्र छतरपुर में भी हो गई है। कार्यक्रम में प्रांत श्रद्धा जागरण सह प्रमुख रामजी उरांव, नगरीय कार्य प्रमुख ब्रजमणि पाठक, छतरपुर ईकाई अध्यक्ष वैद्यनाथ सिंह,सह कोषाध्यक्ष अशोक सिंह,सह सचिव मनोज गुप्ता इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।


**कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा**
(जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, गढ़वा)
सदर अस्पताल कैम्पस, कचहरी रोड, गढ़वा
Phone No :- 06561- 222050, 222051 Email :- Cs.garhwa@gmail.com

पत्रांक.............................गढ़वा / दिनांक...........................................

**Walk In Interview**

अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड रांची के पत्रांकः– 128(MD) दिनांकः–15.01.2022 के आलोक में गढ़वा जिलान्तर्गत शहरी क्षेत्रों में 02 नये अटल क्लिनीकों के संचालन हेतु चिकित्सकों की सेवा प्राप्त करने हेतु जिला स्तर पर निजी चिकित्सकों को सूचीबद्ध किया जाना है। इच्छुक निजी चिकित्सकों से निम्नांकित शर्तों के अधीन आवेदन आमंत्रीत किये जाते है।

| क्र0सं0 | विवरणी | आवश्यक शर्ते |
|---|---|---|
| 1 | न्युनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कांउसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से MBBS की डिग्री। |
| 2 | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैद्यता एक वर्ष के लिए मान्य होगी। |
| 3 | मानदेय | रू0 36400.00 (1400.00 / दिन) |
| 4 | कार्य का समय | 08:00 बजे पूर्वाहन् से 12:00 बजे मध्याहन् तक या अपराहन् 04:00 बजे से अपराहन् 08:00 बजे तक। |
| 5 | साक्षात्कार की तिथि एवं समय | 27.01.2023 (समय 11:00 बजे पूर्वाहन्) |
| Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | | |

नोटः– सूचिबद्ध किये गये चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

इच्छुक उम्मीदवार Walk In Interview के लिए अपना बायोडाटा एवं सभी मूल प्रमाण प्रत्र एवं छायाप्रति प्रति के साथ सिविल सर्जन कार्यालय सभागार कक्ष गढ़वा में दिनांक 27.01.2023 को पूर्वाहन 11:00 बजे से उपस्थिति होना सुनिश्चित करेंगे।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा

PR 288120 Health Med Edu and Family Welfare (22-23)_D






तमिलनाडु और ओडिशा के बीच खेल के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

# एफआइएच पुरुष हॉकी विश्वकप से बाहर हुए मिडफील्डर हार्दिक सिंह



**भुवनेश्वर, 21 जनवरी।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मिडफील्डर हार्दिक सिंह हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण ओडिशा में चल रहे एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप से बाहर हो गये हैं। हार्दिक की जगह वैकल्पिक जगह खिलाड़ी राज कुमार पाल लेंगे। रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के महत्वपूर्ण क्रॉसओवर मैच से पहले, हॉकी इंडिया ने एक बयान में मिडफील्डर हार्दिक के प्रतिस्थापन की घोषणा की। जो 15 जनवरी को इंग्लैंड के खिलाफ भारत के मैच के दौरान घायल हो गए थे। वेल्स के खिलाफ मैच और उसके बाद के आंकलन के बाद हार्दिक को अब एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 भुवनेश्वर-राउरकेला से बाहर कर दिया गया है। टीम प्रबंधन द्वारा लिये गये फैसले के बारे में बात करते हुए मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा, न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को होनेवाले मैच और उसके बाद के विश्वकप मैचों के लिए हार्दिक सिंह को भारतीय टीम से बाहर करने का कठिन निर्णय हमें रातोंरात करना पड़ा। उन्होंने कहा कि उनकी चोट उतनी गंभीर नहीं थी, समय हमारे पक्ष में नहीं था और हमारी पूरी तरह से चल रही रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया और कार्यात्मक और ऑन-फील्ड मूल्यांकन के बाद, यह निर्णय लिया गया है कि हम हार्दिक की जगह राज कुमार पाल को लेंगे। हालांकि व्यक्तिगत रूप से हार्दिक के लिए यह बेहद निराशाजनक है, यह देखते हुए कि उन्होंने हमारे पहले दो मैचों में कितना अच्छा खेला, हम विश्व कप के शेष मैचों के लिए राज कुमार के समूह में शामिल होने की संभावनाओं से उत्साहित हैं। सात अंक, दो जीत और एक ड्रा के साथ पूल डी में दूसरे स्थान पर रहने के बाद भारत को एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 भुवनेश्वर-राउरकेला के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए रविवार को क्रॉसओवर मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत दर्ज करनी होगी।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची।**
**ई–प्रोक्योरमेंट अल्पकालीन निविदा सूचना**
**(द्वितीय कॉल)**

जिसका PR No. 285740 (Drinking Water and Sanitaion) 2022–23 है।
Tender Reference No. - DWSD/RW/SVS-15/2022-23 Date - 21-01-2023

| S.No | Name of the Work | Cluster Name | Sub Cluster/Group No. | Block | Estimate Cost (in Lac) | Ernest money (in Lac) | BOQ cost (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Construction of Solar Based Mini Water Supply Schemes (SVS) in Different Block, comprising of suitable R.C.C. / Framed structure ESR, Distribution Lines, Source (as required) and FHTC all complete job in the Different Block of District Ranchi under Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West, Ranchi for the year of 202 2-23 (on Turn Key Basis) | 1C | 1C (i) | Mandar | 742.24 | 7.43 | 10000.00 |
| 2 | | | 1C (ii) | Mandar | 714.13 | 7.15 | 10000.00 |
| 3 | | 3C | 3C (i) | Burmu | 964.60 | 9.65 | 10000.00 |
| 4 | | | 3C (ii) | Burmu | 917.43 | 9.18 | 10000.00 |
| 5 | | | 3C (iii) | Burmu & khelari | 940.30 | 9.41 | 10000.00 |
| 6 | | 7C | 7C | Bero, itki & Lapung | 905.24 | 9.06 | 10000.00 |
| 7 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | | | 09 Months + 1 months (trial and run) | | | |
| 8 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | | | 25-01-2023 at 04:00 P.M | | | |
| 9 | बीड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि / समय | | | 31-01-2023 up to 04:00 P.M | | | |
| 10 | निविदा की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि / समय / स्थान | | | 01-02-2023 up to 04:00 P.M कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पष्चिम, राँची / अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची। | | | |
| 11 | बीड खोलने की तिथि / समय | | | 01-02-2023 up to 05:00 P.M | | | |
| 12 | निविदा प्रकाषित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता। | | | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पष्चिम, राँची। | | | |
| 13 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | | | 0651-2491247 | | | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtendars.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtendars.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा में प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि मान्य होगा।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
राँची पश्चिम, राँची।

PR 288155 Drinking Water and Sanitation(22-23)D

## एसएसबी एवं अनगड़ा पुलिस ने संयुक्त अभियान चला कर अवैध अफीम की फसलों को किया नष्ट



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** एसएसबी 26वीं वाहिनी एवं अनगड़ा पुलिस ने शनिवार को थाना क्षेत्र के कनकटा, जामटोली, रामडेरा एवं कोंताटोली आदि इलाकों में अवैध अफीम की खेती के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाया। इस क्रम में करीब 11 एकड़ जमीन में फैली अफीम की खेती को नष्ट किया गया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कनकटा, जामटोली, रामडेरा, कोंताटोली सहित आसपास के जंगलों में व्यापक पैमाने पर अवैध अफीम की खेती की जा रही है। सूचना पाते ही थानेदार ब्रजेश कुमार के नेतृत्व में एक संयुक्त टीम का गठन कर उक्त क्षेत्रों में अभियान चलाकर अवैध अफीम की फसल को नष्ट किया गया।

## दिव्यांगजनों ने किया नववर्ष मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** दिव्यांग रोजगार अधिकार मंच की ओर से शनिवार को प्रखंड मुख्यालय प्रांगण में तबरेज अंसारी की अध्यक्षता में नव वर्ष मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश व जिला स्तर के दिव्यांगजन भी शामिल हुए। इस अवसर पर वनभोज का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी दिव्यांगजनों नें एक दूसरे को नव वर्ष की बधाई दी तथा वनभोज का आनंद लिया। कार्यक्रम में एस राही, आफताब आलम, मुकेश कंचन, मुकेश महतो, जाहिद अंसारी, लीला कुमारी, रामदयाल, लगनू बेदिया सहित विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा, फारूक खान आदि शामिल हुए।

## संत जगत ज्ञान एमएम पब्लिक स्कूल में विज्ञान और कला प्रदर्शनी का आयोजन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** संत जगत ज्ञान एमएम पब्लिक स्कूल के प्रांगण में शनिवार को विज्ञान व कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से लेकर दशम के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जहां छात्र-छात्राओं ने स्मार्ट सिटी, स्मार्ट विलेज, वाटर साईकल, रैन हार्वेस्टिंग, पार्लियामेंट, सोलर सिस्टम, प्लांट जैसे एक से बढ़कर एक मनमोहक मॉडल बनाये। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. इंद्र मोहन राय, इंजीनियर विक्रम कुमार विद्यालय के संस्थापक पंकज राज, प्राचार्य संदीप राज, जसवंति देवी, रोशनी कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान अतिथियों व अभिभावकों द्वारा एक-एक मॉडल को बारीकी से अवलोकन किया गया। स्कूल के संस्थापक पंकज राज ने बच्चों द्वारा लगायी गयी कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ती है और बच्चों में शिक्षा का सर्वांगीण विकास होता है। प्रदर्शनी में भाग लेने वाले प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को मेडल व शील्ड देकर मनोबल बढ़ाया गया।

## संत एग्नेस बालिका मध्य एवं उच्च विद्यालय का स्थापना दिवस मना



**इटकी (आजाद सिपाही)।** संत एग्नेस बालिका मध्य व उच्च विद्यालय का शनिवार को स्थापना दिवस मनाया गया। साथ ही पिछले वर्ष विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। मौके पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में सीएनआई चर्च के मुख्य पादरी रेव्ह आदित्य प्रताप भुइंया, सहायक पादरी रेव्ह प्रभु सहाय हस्सा, स्मिता बाला कुजूर, सीमा मिंज, सुनील खत्री, पीटर मिंज, राजन किस्पोट्टा, रीता देवी, रोज तिग्गा, अनूप टोप्पो, निशित तिग्गा, तारामनी कुजूर, मेरखा तरान सहित अन्य शामिल थे।

## बोड़ेया पंचायत सचिवालय में 13 किसानों की ऋण माफी की गयी

**कांके (आजाद सिपाही)।** बोड़ेया पंचायत सचिवालय में मुखिया सोमा उरांव व प्रखंड कर्मचारियों की उपस्थिति में झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के अंतर्गत कुल तेरह किसानों की ऋण माफी की गयी। बहुत से किसानों का नाम में त्रुटि होने के कारण ऋण माफी नहीं हो सकी। उन सभी का नाम सुधार के बाद ऋण माफी कर दी जाएगी। साथ ही साथ कई ऐसे किसान हैं जिनके पास राशन कार्ड नहीं होने के कारण उनका भी कृषि ऋण पेंडिंग रह गया। जो किसान विशेष कैंप में नहीं पहुंच पाए हैं वे बीटीएम के कार्यालय में आधार कार्ड, बैंक पासबुक व राशन कार्ड लेकर जाएंगे और कृषि ऋण माफी करा सकते हैं। झारखंड कृषि ऋण माफी योजना में मुख्य रूप से बोड़ेया पंचायत के मुखिया सह अध्यक्ष मुखिया संघ रांची जिला सोमा उरांव का अहम योगदान रहा। कार्यक्रम में बीटीएम शुक्ला सरकार, पंचायत सचिव देवनारायण सिंह मुंडा, बीएओ अब्दुल सत्तार, विश्वकर्मा पहान, वीरेंद्र तिवारी, हरिशंकर महतो, हरिवंश साहू व कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## कांके में जमीन कारोबारी को दिनदहाड़े अपराधियों ने मारी गोली, स्थिति गंभीर

**कांके (आजाद सिपाही)।** कांके थाना क्षेत्र के होचर रिंग रोड के समीप बाइक सवार दो अपराधियों ने होचर निवासी जमीन कारोबारी उम्र लगभग 32 वर्षीय राजू साहू नामक युवक को गोली मार कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। राजू साहू को कंधे के नीचे गोली लगी है। कांके थाना पुलिस के अनुसार गंभीर रूप से घायल राजू साहू को मेडिका अस्पताल में भर्ती करवाया है। जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि कांके रिंग रोड होचर ब्रिज के समीप संध्या लगभग 5 बजे की घटना है। पुलिस को दिये बयान में कहा है कि एक बाइक पर सवार दो युवक होचर ब्रिज के पास राजू साहू का पीछा करते हुये पहुंचे और राजू साहू को गोली मार कर रिंग रोड होते हुए नेवरी विकास की ओर चलते बने। राजू साहू कांके थाना क्षेत्र के होचर निवासी नरेश साहू का पुत्र है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गयी है। जानकारी के मुताबिक घटना स्थल से दो मोबाइल और एक पिस्टल बरामद हुआ है। परिजनों से मिली जानकारी अनुसार मामला जमीन कारोबार से जुड़ा हुआ है। कांके पिठोरिया क्षेत्र में आये दिन जमीन के कारोबार को लेकर यहां मारपीट की घटना होती रहती है। फिलहाल अपराधियों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है।

**कार्यक्रम : मांडर विधायक ने खुखरा गांव में किया विकास योजनाओं का शिलान्यास, कहा**

# क्षेत्र में शिक्षा, हरियाली और विकास के लिए राज्य सरकार संकल्पित है

**क्षेत्र के किसानों के आर्थिक विकास के लिए यह तालाब निश्चित रूप से वरदान साबित होगा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के खुखरा गांव के साहू टोला व रतन टोली में शनिवार को माडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कृषि, पशुपालन सहकारिता विभाग एवं भूमि संरक्षण विभाग से बनने वाले तालाब जीर्णोद्धार कार्य और जिला योजना के अनाबद्ध निधि से चचकोपी सेमर टोली में रोमिल तिर्की के घर से टंगरा तक बनने वाले पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

मौके पर विधायक ने कहा कि यह कृषि प्रधान गांव है। यहां के किसान बहुत ही मेहनती हैं। इनके आर्थिक विकास के लिए यह तालाब निश्चित रूप से लोगों के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने कहा क्षेत्र में शिक्षा, हरियाली और विकास के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। इन दोनों तालाब के बन जाने से किसानों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी। गांव के छोटे किसान समृद्ध होंगे, तो गांव खुशहाल व विकसित होगा। वहीं सड़क के बनने से लोगों को आवागमन में सुविधा होगी।

मौके पर जिप सदस्य बेरोनिका एक्का, मुखिया जतरु उरांव, उपप्रमुख मोद्दसिर हक, परवेज आलम, नवल किशोर सिंह, राजेश साहू, अभिषेक सिंह, प्रकाश साहू, तेजू दास, करमा उरांव, शंभु बैठा, मो. फहीम, तंजीर हुसैन, मीर मुस्लिम सहित कई लोग मौजूद थे।

## राधाकृष्ण मंदिर परिसर में 1001 पाठकर्ताओं ने सामूहिक सुंदरकांड का सस्वर पाठ किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** विश्व शांति और श्री राम चरित मानस के प्रचार प्रसार के उद्देश्य से शनिवार को श्री मानस प्रचार मंडल नगड़ी के तत्वावधान में नगड़ी के राधाकृष्ण मंदिर परिसर में 1001 पाठ कर्ताओं के द्वारा सामूहिक सुंदरकांड पाठ किया गया। मौके पर मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश के जैनपुर कथावाचक संजीव कृष्णा, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष यदुनंदन पाण्डेय, हटिया विधान सभा प्रभारी आजसू नेता भरत काशी, जोहार पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष कुशवाहा विजय महतो, जिला परिषद सदस्य पूनम देवी, भाजपा नेता जैनेन्द्र कुमार, समाजसेवी तपेश्वर केसरी, शशि भूषण भगत, सुनील कुमार, केदार महतो, दौलत राम केसरी, बजरंग महतो ने संयुक्त रूप से श्री रामचरित मानस में पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर पाठ का उद्घाटन किया। मौके पर मानस व्यास भाई पवन शर्मा की टीम सस्वर रामचरित मानस का पंचम सोपान सुन्दर कांड का 60 दोहा तथा हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ कराया। मौके पर आरती कर प्रसाद वितरण तथा भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में तपेश्वर केसरी, चूड़ामणि महतो, अजय महतो, कृजीवन महतो, सुरेश केसरी, रघुनंदन केसरी, अरविंद केसरी, हेमंत केसरी, कमलेश केसरी, संजीव केसरी, राजेश केसरी, रामानंद केसरी, अनंत पाठक, अखिलेश केसरी, शंभू चौधरी, नीतिश पाठक, सुमित चौधरी, संजीव केसरी, रामप्रवेश राम, अरुण प्रमाणिक, दीपक केसरी, अजय चौधरी, संजीव केसरी, अजय केसरी सहित मानस प्रचार मंडल के दर्जनों सदस्य सहित हजारों ग्रामीणों का सहरानीय योगदान रहा।

## तारूप पंचायत भवन में चिकित्सा शिविर का आयोजन

**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पश्चिमी तारूप स्थित पंचायत भवन में रविवार को श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में गरीब, असहाय व लाचार लोगों का निशुल्क इलाज किया जायेगा। बीमारी की जांच के बाद लोगों को मुफ्त में दवा भी दिया जायेगा। श्री सर्वेश्वरी समूह का प्रधान कार्यालय वाराणसी के पड़ाव नामक स्थान पर अवस्थित है। जो एक विश्व विख्यात सामाजिक व आध्यात्मिक संस्था है। श्री सर्वेश्वरी समूह के द्वारा जनमानस की सेवा के लिए प्रति वर्ष कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। शिविर में वरिष्ठ एलोपैथी चिकित्सकों द्वारा परामर्श के उपरांत संस्था द्वारा निशुल्क दवा वितरण किया जायेगा।

## वाइबीएन सेंट्रल लाइब्रेरी ने किया क्विज कंपटीशन का आयोजन

**रिजल्ट 24 जनवरी को प्रकाशित किया जायेगा एवं विजेताओं को 26 जनवरी को मुख्य अतिथि करेंगे पुरस्कृत**



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** वाइबीएन सेंट्रल लाइब्रेरी के द्वारा शनिवार को वाईबीएन विश्वविद्यालय में क्विज कंपटीशन का आयोजन किया गया। आयोजन असिस्टेंट प्रोफेसर कम चीफ लाइब्रेरियन डॉ श्याम देव गोंड और उनकी टीम ने किया। जिसमें शिवकुमार और अंजू कुमारी शामिल थी। इस क्विज कंपटीशन में करीबन 52 बच्चों ने भाग लिया जो कि वाईबीएन विश्वविद्यालय के विभिन्न शाखाओं से आये थे।

इस क्विज कंपटीशन का रिजल्ट 24 जनवरी को प्रकाशित किया जायेगा और उनके विजेताओं को 26 जनवरी को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। इस अवसर पर असिस्टेंट प्रोफेसर कम चीफ लाइब्रेरियन डॉ श्याम देव गोंड ने कहा कि क्विज आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य बच्चों को प्रतियोगी बनाना है। कहा कि वर्तमान समय प्रतियोगिता का है। सभी क्षेत्र में कंपटीशन है। इसलिए शुरू से ही बच्चे प्रतियोगी रहेंगे तो उन्हें भविष्य में किसी भी प्रतियोगिता परीक्षा में बैठने में परेशानी नही होगी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ अनुशासन पर मुख्य रूप से फोकस रहता है। वाईबीएन विश्वविद्यालय का एकमात्र उद्देश्य छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। इस वाईबीएन विश्वविद्यालय से पढ़कर निकलने वाले बच्चे लक्ष्य प्राप्त कर सके। बच्चों का सर्वांगीण विकास हो। इसे लेकर पठन-पाठन की विशेष शैली वाईबीएन विश्वविद्यालय में उपयोग में लायी जा रही है, ताकि बच्चे किसी विषय को आसानी से समझ सके और उन्हें इसमें परेशानी का सामना ना करना पड़े।

**बैठक : झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ प्रदेश कमेटी की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा**

# अनुबंध कर्मियों के नियमितीकरण की पहल का संघ स्वागत करता है

**पूर्व में संघ ने सरकार के पास कई महत्वपूर्ण मांगों को रखने का काम किया था जो अभी तक पूरा नहीं किया गया है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ प्रदेश कमेटी की बैठक शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष जॉन पीटर बागे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बागे ने कहा कि झारखंड सरकार के निर्णय संविदा अनुबंध कर्मियों के नियमितीकरण के पहल का झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ स्वागत करता है। नियमितीकरण के विषय पर विभाग कितनी गंभीर है, इस पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। पूर्व में संघ ने सरकार के पास कई महत्वपूर्ण मांगों को रखने का काम किया था जो अभी तक पूरा नहीं किया गया है। जैसे मानदेय वृद्धि , सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य बीमा, ईपीएफ कटौती। संघ ने निर्णय लिया कि अगर हमारी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया जाता है तो मजबूरन हड़ताल करने पर मजबूर हो जाएंगे। बैठक के बाद विभागीय मंत्री और मंत्री के ओएसडी संजीव कुमार लाल से संघ की लंबी वार्ता हुई। जिसमें प्रमुखता के साथ नियमितीकरण पर चर्चा हुई। मंत्री ने कहा कि सभी मनरेगा कर्मियों के नियमितीकरण का प्रस्ताव किया जा रहा है। मानदेय बढ़ोत्तरी की प्रक्रिया भी हो रही है। सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य बीमा लगभग पूरा हो गया है। जल्द ही इसका लाभ मिलने लगेगा। संघ ने ग्रामीण विकास मंत्री को ज्ञापन भी सौंपा। मनरेगा कर्मियों की नियुक्ति 2007 में सभी माप दंड, सरकारी प्रक्रिया को पूरा करने के पश्चात सक्षम पदाधिकारी के द्वारा किया गया है।

## द्वारिका हॉस्पीटल में निशुल्क जांच शिविर आज

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** द्वारिका हॉस्पीटल एंड रिसर्च सेंटर की ओर से निशुल्क मेडिकल कैंप रविवार को द्वारिका नगर महिलौंग स्थित द्वारिका हॉस्पीटल में लगाया जायेगा। द्वारिका हॉस्पीटल के सहयोग से लगने वाले इस शिविर में हर प्रकार की ब्लड जांच, पेट में हर्निया, किडनी की पथरी, गॉल ब्लैडर की पथरी, पेट में बराबर दर्द, हाइडोशील, बवासीर, मोतियाबिंद, शिशु रोग से लेकर सभी तरह के रोगों की जांच की जायेगी। सुबह दस से दोपहर दो बजे तक कैंप लगेगा।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## दयानंद आर्य विद्या पब्लिक स्कूल में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन



**मांडर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्थित दयानंद आर्य विद्या पब्लिक स्कूल में शनिवार को विद्यालय में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता चार दलों के बीच में हुई। इनमें शामिल दलों के नाम अरविंदो हाउस, स्वामी विवेकानंद हाउस, रामकृष्ण परमहंस हाउस एवं दयानंद सरस्वती हाउस हैं। इन चारों हाउस के सभी बच्चों ने बड़े ही उत्सुकता पूर्वक इस कार्यक्रम में भाग लिया और अपने-अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। अंततः इस प्रतियोगिता के स्वामी विवेकानंद हाउस तथा रामकृष्ण परमहंस हाउस को संयुक्त रूप से घोषित किया गया। मौके पर बोलते हुए प्राचार्य ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में ज्ञान और तर्कशक्ति की वृद्धि होती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बाघवार अकादमी के बच्चों ने किया जैव विविधता उद्यान का भ्रमण

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** चान्हो स्थित बाघवार अकादमी की ओर से शनिवार को कक्षा आठ से कक्षा 10 तक के बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस क्रम में बच्चों को जैव विविधता उद्यान रांची ले जाया गया। यात्रा से पूर्व बच्चों को विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार एवं प्रधानाचार्य अरुण बाघवार ने भ्रमण के आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उद्यान में सभी बच्चों ने औषधीय पौधों के बारे में जानकारी प्राप्त की। पार्क में प्रवेश करने से पूर्व सभी बच्चों को लंच कराया गया। लौटने से पूर्व सभी बच्चों एवं शिक्षकों का सामूहिक फोटो लिया गया। इस यात्रा को लेकर बच्चों सहित सभी अभिभावकों में काफी उत्साह था। सभी अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन से प्रत्येक वर्ष ऐसे सामूहिक भ्रमण आयोजित करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण के आयोजन से बच्चों की बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। बच्चों की देखभाल के लिए विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अजय उरांव, शिक्षक हरे कृष्णा सिंह, मसी प्रकाश, अनुज उरांव, अजय सिंह, फरहत जहां, संगीता एक्का, पिंकी कुमारी, आमला तिर्की, मीनाक्षी कुमारी, जीविका टोप्पो, वीणा कुमारी, जूली विश्वकर्मा, प्रिया केरकेट्टा, रानी कुमारी, सुमन कुमारी, जोलेन सोय, शालिनी टोप्पो सहित विद्यालय के अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

## टोटी झरना टुसू मेला के सफल आयोजन को लेकर बैठक

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** 24 जनवरी को चाड़ू पंचायत के रोहनडीह गांव स्थित टोटी झरना में आयोजित टुसू मेला के सफल आयोजन को लेकर शनिवार को रोहनडीह के जोड़ा करम में आयोजन समिति के सदस्यों व ग्रामीणों की बैठक समिति के अध्यक्ष मनीष महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में भव्य तरीके से टुसू मेला का आयोजन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का सफल आयोजन करने का निर्णय लिया गया। टुसू मेला के मुख्य अतिथि आजसू सुप्रीमो सह पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो होंगे। इस की जानकारी आयोजन समिति के सचिव शिबू महतो ने दी। मौके पर पंचायत समिति सदस्य अनिल कुमार महतो, जिला परिषद सदस्य सरिता देवी, मुखिया रोजलिन लकड़ा, बुधनलाल महतो, किशन महतो, शिवधर रजवार, प्रकाश यादव, बबलू महतो, पवन महतो, रवि महतो, फुलेश महतो, बीरेंद्र मुंडा, प्रदीप यादव, करमा भोगता, नंदलाल राम व मुकेश यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## टाटी एवं सुरसू पंचायत में आजसू पार्टी ग्राम प्रभारियों की बैठक आयोजित

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** प्रस्तावित जोन्हा प्रखंड के टाटी एवं सुरसु पंचायत अन्तर्गत सिंगारी एवं बंधुवाडीह के ग्राम प्रभारियों की बैठक टाटी मैदान में जिला परिषद् सदस्य राजेंद्र शाही मुण्डा की अध्यक्षता में की गई। बैठक का संचालन पंचायत अध्यक्ष संजय महतो के द्वारा किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी ग्राम प्रभारी एक सप्ताह के अंदर अपने ग्राम के चूल्हा प्रमुखों के साथ बैठक कर लेंगे। फरवरी माह में दोनों पंचायत के चूल्हा प्रमुखों की बैठक आयोजित की जाएगी। साथ ही साथ बुद्धिजीवी प्रखंड कमेटी का निर्माण भी अगले माह कर लिया जाएगा। बैठक में सबों ने संगठन की मजबूती पर अपने विचार दिये। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र भोगता सहित जिला सचिव वीरेंद्र मुंडा, शंकर बेदिया, धर्म देव रजवार, श्याम सुंदर बेदिया, अमर सिंह मुंडा मनोज महतो सहित ग्राम प्रभारी मौजूद थे।

## रातू में ऊर्जा मेला का आयोजन, 5.5 लाख रुपये बकाया की हुई वसूली

**रातू (आजाद सिपाही)।** विद्युत आपूर्ति प्रमंडल अन्तर्गत रातू के सुण्डील पंचायत भवन, नगड़ी बाजार, मुड़मा माण्डर एवं बेड़ो में ऊर्जा मेला का आयोजन किया गया। उक्त मेला में विद्युत उपभोक्ताओं को मीटर से बिजली उपयोग करने, मीटर धारी उपभोक्ताओं को सरकार द्वारा दी जाने वाली 100 यूनिट तक की मुफ्त बिजली, विद्युत बकाया किस्तों में भुगतान, निशुल्क मीटर लगवाना, कृषि कार्य हेतु नया विद्युत कनेक्शन इत्यादि के संबंध में जानकारी दी गई। ऊर्जा मेला में ग्रामीणों की ओर से 397 आवेदन दिया गया। जिसमें 140 आवेदनों का त्वरित कार्रवाई करते हुए निष्पादन कर दिया गया। वहीं बाकी बचे 257 लोगों का भी हफ्ते के अंदर निष्पादन करने का भरोसा दिलाया गया। कार्यक्रम के दौरान विभाग की ओर से उपभोक्ताओं से बकाया 5.5 लाख रुपए की वसूली की गई। कार्यक्रम में एक्जक्यूटिव इंजीनियर हिमांशु कुमार, जेई अशोक प्रिय, एसडीओ प्रशांत कुमार, विवेक द्विवेदी, प्रवीण रजक आदि लोग मौजूद थे।

## लापुंग में गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर बीडीओ ने की बैठक

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** बीडीओ एमानुएल जयविरस लकड़ा की अध्यक्षता में प्रखंड कार्यालय में गणतंत्र दिवस पर झंडोतोलन का समय निर्धारण को लेकर बैठक की गयी। समय सारिणी के अनुसार प्रखंड सह अंचल कार्यालय में 9.30 बजे, थाना में 9.50, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, स्टेट बैंक व ग्रामीण बैंक में 10.15, राजकीय मवि, उच्च विद्यालय, कस्तूरबा विद्यालय, इंटर महाविद्यालय में 10.30 बजे व स्टेडियम लापुंग में 10.45 बजे झंडोतोलन किया जाएगा। इसके अलावे सभी पंचायत सचिवालय में झंडोतोलन किया जाएगा। अंचलाधिकारी अविनाश पूर्णेन्दु ने सभी संस्थान के प्रधान को निर्देश दिया गया कि अपने संस्थान में साफ-सफाई करने, सम्मानित सदस्यों की उपस्थिति पर ध्यान देने का निर्देश दिया। साथ ही सभी संस्थान के पादाधिकारी व बच्चों के स्टेडियम में भाग लेना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।


झारखंड की विरासत
हमर झारखंड
सुंदर झारखंड
पतरातु डैम , पतरातु रामगढ़
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
26TH January
Republic Day
वन्दे मातरम
निवेदक
रामगढ़ परिवार

## कार्रवाई : लोग अपनी बाइक में अतिरिक्त लॉक जरूर लगायें : एसएसपी

# मुख्य सरगना समेत अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह के दो शातिर गिरफ्तार, चोरी की 11 बाइक बरामद

**दोनों शातिर चोरों के खिलाफ राज्य के विभिन्न थानों में दर्ज हैं कई आपराधिक मामले**

## धनबाद, जामताड़ा व गिरिडीह समेत आसपास से जिलों से चोरी करते थे गाड़ियां

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद पुलिस ने बाइक चोर गिरोह के मुख्य सरगना को अंततः गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों की पहचान नंद किशोर चौधरी और बकरीद मियां के रूप में हुई है। नंद किशोर बरवाअड्डा के खरनी, जबकि बकरीद मियां जामताड़ा के करमाटांड़ का रहने वाला है। इनकी निशानदेही पर पूर्व में विभिन्न जगहों से चोरी की गई 11 बाइक और चाभी का एक गुच्छा भी बरामद हुआ है। इसकी जानकारी धनबाद एसएसपी संजीव कुमार ने दी। वे शनिवार को पुलिस मुख्यालय स्थित अपने कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि शहर में लगातार बाइक चोरी की सूचना मिल रही थी। पुलिस की कार्रवाई में सिर्फ गिरोह के छोटे-छोटे सदस्य ही पकड़ में आते थे, जबकि मुख्य सरगना हर बार बच निकलता था। एक बार फिर से जिले भर में बाइक चोरी के मामले में वृद्धि हुई, जिसे देखते हुए ग्रामीण एसपी रेशमा रमेशन और डीएसपी मुख्यालय-1 अमर पांडेय के नेतृत्व में एक टीम गठन किया गया था। इनके नेतृत्व में आखिरकार गिरोह के सरगना समेत दो को गिरफ्तार कर लिया गया। एसएसपी ने बताया कि नंद किशोर बाइक चोरी करने में माहिर है। यही चोरी कर गाड़ियां लाता था, जिसे बकरीद मियां खपाता था। इन लोगों द्वारा धनबाद, जामताड़ा, गिरिडीह सहित आसपास के कई जिलों में बाइक चोरी की घटना को अंजाम दिया जाता था। वहीं इन गाड़ियों को जामताड़ा नारायणपुर में बकरीद मियां द्वारा सस्ते दामों में बेच दिया जाता था। इसके अलावे नंद किशोर चौधरी और बकरीद मियां का पुराना आपराधिक इतिहास भी रहा है। बकरीद मियां पर देवघर और गिरिडीह जिले के विभिन्न थानों में कई मामले दर्ज हैं, जबकि नंद किशोर चौधरी के नाम पर गिरिडीह के निमियाघाट, हरलाडीह, सहित धनबाद के कतरास, राजगंज, बैंक मोड़, गोविंदपुर थाने में कई कांड अंकित हैं। प्रेस वार्ता के दौरान एसएसपी संजीव कुमार ने जिले वासियों से अपील की कि सभी अपने बाइक में अतिरिक्त लॉक जरूर लगाएं ताकि बाइक चोरी करने वालों को मौका ही ना मिले। इस मौके पर सिटी एसपी रेशमा रमेशन बरवाअड्डा थाना प्रभारी विक्रम कुमार सिंह सहित कई अन्य पुलिस के जवान मौजूद थे।



गिरफ्तार बाइक चोर गिरोह के सदस्यों की जानकारी देते एसएसपी व अन्य।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### कतरास पुलिस की छापामारी, अवैध कोयला लदे ट्रक, चार बाइक सहित तीन को किया गिरफ्तार



कतरास (आजाद सिपाही)। कतरास क्षेत्र में इन दिनों अवैध कोयले का खेल धड़ल्ले से जारी है। पुलिस की लाख कोशिशों के बावजूद कोयले का काला कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार की रात कतरास पुलिस ने सिलेक्टर के बंद कोयला खदान से अवैध कोयला उत्खनन करते हुए तीन धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान नगेंद्र यादव, ज्वाला और नईम शेख के रूप में हुई है। इनके पास से अवैध कोयला लदे ट्रक के अलावा चार बिना नंबर की बाइक और10 टन संग्रहित कोयला जब्त कर पुलिस कतरास थाने ले गई। पुलिस ने मामले में कानूनी कार्रवाई करते हुए माइंस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर तीनो धंधेबाजों को जेल भेज दिया। वहीं ट्रक चालक व मालिक सहित दो अन्य नामजद की तलाश जारी है। दूसरी ओर, कतरास थानेदार रणधीर कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सिलेक्टर स्थित बंद कोल माइंस में छापेमारी कर कोयला लोड ट्रक, 4 बगैर नंबर की बाइक व 5 नामजद में से 3 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### फुसरो नप अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने किया सड़क का निरीक्षण



फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। फुसरो नगर परिषद की ओर से पटेलनगर चौक से न्यू भागलपुर स्कूल तक मुख्य सड़क पर पेवर ब्लॉक बिछाया जा रहा है। यह योजना लगभग 24 लाख रुपये की है। जिसका फुसरो नप अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह और उपाध्यक्ष छेदी नोनिया ने शनिवार को निरीक्षण किया। फुसरो नप अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने गुणवत्ता पूर्वक कार्य होने की बात कही। कहा कि सड़क निर्माण कार्य में बालू, गिट्टी आदि कचरे का कही-कही जमवाडा हो गया है, इसे जल्द सफाई करवाकर सड़क का उद्घाटन किया जायगा। यह सडक नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 22, 23, 24 में आती है और कई गांवों व कॉलोनियों को जोड़ती है। इस पर भारी वाहनों और हजारों लोगों का आवागमन होता है। सड़क पर लगाने के लिए लाये गये पेवर ब्लॉक गुणवता पूर्ण है। दोनों अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि उक्त सड़क पर घर के नाले का पानी नहीं बहाएं। इस मौके पर वार्ड पार्षद भरत वर्मा, राजीव कुमार और राकेश सिंह आदि मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री सारथी योजना प्रचार वाहन को डीसी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




बोकारो (आजाद सिपाही)। सरकार की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत युवा पीढ़ी को विभिन्न कौशलों में प्रशिक्षित किए जाने एवं इसे लेकर उनमें जागरूकता लाने को लेकर समाहरणालय परिसर से मुख्यमंत्री सारथी योजना जागरूकता रथ को रवाना किया गया। डीसी कुलदीप चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री सारथी योजना में सक्षम झारखण्ड कौशल विकास योजना, दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र एवं इंप्लॉयबिलिटी एक्सीलेंस विद कॉलेज एजुकेशन एंड लर्निंग सहित बिरसा योजना समाहित है। इनके तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए तय आहर्ता/पात्रता क्या है, कैसे पंजीकरण करना है आदि की जानकारी युवाओं तक पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री सारथी योजना प्रचार वाहन (जागरूकता रथ) को रवाना किया गया। यह रथ सभी प्रखंडों में भ्रमण करेगा, साथ ही विभाग के कर्मियों द्वारा युवाओं के बीच इससे संबंधित पर्चा वितरण किया जाएगा। रथ जिले के सभी पंचायत क्षेत्रों का भ्रमण करें इसे सुनिश्चित करने को जिला कौशल विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया है। वहीं, जिला कौशल विकास पदाधिकारी प्रवीन कुमार ने कहा कि झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाईटी द्वारा हेल्थ सेक्टर,इलेक्ट्रानिक्स, इलेक्ट्रीकल्स,अपैरल, आइटी, ब्यूटी एंड वेलनेस, आटोमोटिव, प्लम्बिंग, कंसट्रक्शन तथा अन्य में प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रचार वाहन के माध्यम से इससे संबंधित युवाओं को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1800 1233444 पर अथवा जिला कौशल पदाधिकारी एवं जिला नियोजन पदाधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकते है।

## शराब कारोबारी हत्याकांड में तीन गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** जिले के हरला थाना क्षेत्र में विगत 15 जनवरी की रात अवैध शराब कारोबारी ओम प्रकाश गोसाई की पचौरा रोड में गला रेतकर व चाकू से गोदकर की गई हत्या के मामले का पुलिस ने उद्भेदन करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान संतोष मुर्मू, सुंदर अली उर्फ सफी अहमद और अर्जुन राम उर्फ अर्जुन बांसफोर के रूप में हुई है। इसकी जानकारी बोकारो के सिटी एसपी ने दी। वे शनिवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातें कर रहे थे। उन्होंने बताया कि अवैध शराब कारोबार में बर्चस्व की लड़ाई को लेकर शराब कारोबारी ओम प्रकाश गोसाई की 15 जनवरी को हत्या कर दी गई थी, जिसका शव 16 जनवरी को पुलिस ने झाड़ियों से बरामद किया था। सिटी एसपी ने बताया कि आपसी बर्चस्व में दोनों गुट को काफी नुकसान भी उठाना पड़ा था। ओमप्रकाश छोटू मोदी का दाहिना हाथ था और शराब कारोबार चलाता था। जिस कारण संतोष मुर्मू काफी परेशान था। इसी का बदला लेने के लिए 15 जनवरी की रात ओम प्रकाश को एक साजिस के तहत बुलाया गया। पहले सभी लोगों ने चाय पी। इसके बाद अर्जुन, सुंदर और संतोष ने ओमप्रकाश की गला रेत कर हत्या कर शव झाड़ियों में फेंकर फरार हो गए थे।



हत्या के आरोप में गिरफ्तार लोगों की जानकारी देते सिटी एसपी।

## तेनुघाट से चोरी के 40 पाइप सहित ट्रक जब्त

**तेनुघाट (आजाद सिपाही)।** तेनुघाट ओपी प्रभारी सुनील कुमार ने छापामारी कर एक ट्रक को जब्त किया है, जिसपर चोरी के 40 पाइप लदे थे। थाना प्रभारी ने बताया कि कोडरमा के सतगांवा थाना अंतर्गत मरचोइ निवासी जय हिंद पांडे जो एसके कंस्ट्रक्शन हजारीबाग में मुंशी के पद पर कार्यरत है। जिसकी वर्तमान में घरवाटांड छपरगढ़ में चल रहे कंपनी के कामकाज की देखभाल कर रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार की देर रात दो बजे जानकारी दी कि इनकी घरवाटांड छपारगड़ा में पानी टंकी का काम चल रहा है। रात में अपने सहयोगी मदन यादव और मतुकधारी यादव के साथ कस्टन पाइप की देखभाल को निकले थे। जब उन्होंने टॉर्च जलाकर देखा तो अज्ञात चोरों द्वारा कस्टन पाइप चोरी कर वहां खड़े ट्रक पर लोड किया जा रहा है। इसकी सूचना पाते ही तेनुघाट ओपी ओपी प्रभारी सुनील कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस को आता देख चोर ट्रक लेकर भागने लगे। पर पुलिस ने पीछा कर दिया। जिसके बाद चोर अंधेरे का फायदा उठाते हुए ट्रक को छोड़कर भाग निकले। इसके बाद पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया और उसपर लदे 40 कसटन पाईप को बरामद कर लिया। ओपी प्रभारी ने बताया कि जल्द ही चोरों का पता लगाकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



## काले धुंए से इलाके में पसरा अंधेरा, दहशत में लोग

# इस्ट बसुरिया के गड़ेरिया में भू-धसान और गैस रिसाव से मची अफरा-तफरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोयाबाद।** गड़ेरिया बस्ती मस्जिद के पास बंद पड़े नमक फैक्ट्री के समीप शनिवार की दोपहर अचानक भू-धंसान और काले गैस रिसाव से अफरा-तफरी मच गई। करीब 10 फिट गड्ढा बन गया और आग की लपटें व घना-काला धुंआ निकलने लगा, जिससे पूरा इलाके में अंधेरा फैल गया। हालांकि इस घटना में किसी के आहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन ग्रामीण दहशत में है। उधर, इसकी सूचना पाकर इस्ट बसुरिया कोलियरी पीओ सहदेव माजी सहित बीसीसीएल के अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान आक्रोशित रैयतों और ग्रामीणों ने बीसीसीएल अधिकारियों को घेर लिया। अधिकारियों ने गैस रिसाव स्थल की भराठी कराना चाहा जिसका रैयत और ग्रामीणों ने विरोध किया। रैयतों ने आरआर पॉलिसी के तहत जमीन के बदले नौकरी, पुर्नवास और मुआवजा के साथ ही भू धंसान स्थल को कंटीली तार से घेराव कराने की मांग की। पीओ ने कंपनी के प्रावधान के तहत उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया और तार से भू धंसान क्षेत्र की घेराबंदी का आश्वासन दिया।



### अग्नि प्रभावित है क्षेत्र

उक्त क्षेत्र अग्नि प्रभावित है। बीसीसीएल प्रबंधन ने इस क्षेत्र को असुरक्षित घोषित किया हुआ है। लोगों को यहां से हट जाने के लिए नोटिस भी दिया गया है। एक साल पूर्व भी उक्त स्थान पर आग और गैस रिसाव की घटना घटी थी। वैसे तीन चार दशक पहले भू-धसान एवं गैस रिसाव की घटना हुई थी। प्रबंधन द्वारा ट्रेंच कटिंग एवं अन्य माध्यम से आग पर काबू पा लिया गया था। इस जगह 250 रैयत और करीब 150 ग्रामीणों का आवास है।

### जल्द हो वैकल्पिक व्यवस्था : पवन महतो

मार्क्सवादी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन महतो ने कहा कि गडेरिया पूर्ण रूप से असुरक्षित है। जल्द व्यवस्था नहीं की गई तो किसी बड़ी घटना से इन्कार नहीं किया जा सकता है।


## उपायुक्त, –सह– जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला।

(नजारत शाखा)

वाहन नीलामी सूचना संख्या–....................../2023

उपायुक्त, गुमला एवं पुलिस अधीक्षक, गुमला के निदेशानुसार गुमला जिलान्तर्गत विभिन्न थानों में लावारिस पड़े विभिन्न प्रकार के वाहनों के वाहन स्वामीयों को अपना दावा प्रस्तुत करने के संबंध में स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में उक्त सूचना का प्रकाशन कराया गया है, परन्तु उक्त सूचना के उपरांत भी निम्नअंकित वाहनों के स्वामियों के द्वारा अपना दावा प्रस्तुत नही किया गया। इस संबंध में अंतिम रुप से दावा से संबंधित थाना से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में जो है, जहां जिस स्थिति में है, के आधार पर निम्नअंकित वाहनों के लिये नीलामी खुली डाक दिनांक 30.01.2023 को 11.00 बजे पूर्वा0 में स्थान– चन्दाली अवस्थित पुलिस लाईन, गुमला में निविदा समिति की उपस्थिति में आयोजित की जायेगी।

| क0सं0 | वाहन का पंजीयन संख्या (चेसिस संख्या/इंजन नं0 सहित) | वाहन का प्रकार | सम्बद्ध थाना का नाम | न्यूनतम आरक्षीत मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 101 | JH01AU5425 Chasis No.- MD2A14AZ9CPC73310 Eng. No.-JBZPCC31802 | DISCOVER | बसिया | 1800/- |
| 102 | JH01AM4235 Chasis No-MBLHA11EPB9C03583 | HERO HONDA CD DELUXE | बसिया | 2000/- |
| 103 | JH01BT4891 Chasis No -MD634KF47F2G6531712 | TVS APACHE | बसिया | 3000/- |
| 104 | JH07D0937 Chasis No.- MD625MF58B3A13564 Eng. No.-CF5NA1573479 | TVS STAR SPORT | बसिया | 1600/- |
| 105 | JH11K1159 Chasis No.- MD2A36FZ1CC634373, Eng. No.-JLZCCG33611 | BAJAJ PULSER | बसिया | 2000/- |
| 106 | JH01E2350 Chasis No.- 03C20C22786 Eng. No.-03C18M25139 | SPLENDER | बसिया | 1200/- |
| 107 | JH01CX7375 Chasis No.- MDLJAR022JGC05905 Eng. No.-JA06ERGJC06847 | GLAMOUR | बसिया | 2000/- |
| 108 | JH01CD8012 Chasis No.- MBLHA10BSGHH07512, Eng. No.-HA10EVGHH19230 | PASSION PRO | बसिया | 2000/- |
| 109 | JH07C6899 Chasis No.- MD2DHDJZZSCL34018 Eng. No.-DJGBSL53650 | BAJAJ PULSER | बसिया | 1500/- |
| 110 | JH01AL5508 Chasis No.- MBLHA11ERB9D03039, Eng. No.-HA11ECDB9D04829 | CD DELUX | बसिया | 1500/- |
| 111 | JH01DA7262 Chasis No.- MBLHAR070JHF16656 Eng. No.-HA10AGJHF 20363 | SPLENDER | बसिया | 2000/- |
| 112 | JH20C0834 Chasis No.- MBLHA10BFFHD43879, Eng. No.-HA10ERFHD58975 | SPLENDER PRO | बसिया | 2000/- |
| 113 | JH01AL5112 Chasis No - MBLJA85EEA9A11955 | SUPER SPLENDER | बसिया | 2000/- |
| 114 | JH07D6017 Chasis No.- MD2A116Z1CC08793 Eng. No.-DHZCCC08103 | BAJAJ PULSER | बसिया | 2000/- |
| 115 | JH04M8720 Chasis No.- MBLJAR035H9D22367 Eng. No.-JA05EGH9D22669 | SUPER SPLENDER | बसिया | 2500/- |
| 116 | JH07K2680 Chasis No.- MD2B68BX9LRF03619 Eng. No.-DHXRLF76849 | PULSER 125 DTS | बसिया | 3000/- |
| 117 | JH01AZ6253 Chasis No.- NBLHA10AWDHE08664 Eng-no HA01ENDHD86701 | PASSION PRO | बसिया | 3000/- |
| 118 | JH01X7645 Chasis No - ME4JC476AC7029742 | STRUNNER CBF | बसिया | 1500/- |
| 119 | OR05AD3362 Chasis No.- ME4JC476AC7029712, Eng. No.-JC47E2105328 | HONDA CB TWISTER | बसिया | 1800/- |
| 120 | JH01U3647 Chasis No.- 07H05C52352 Eng. No.-07H05M55215 | PASSION PLUS | बसिया | 1600/- |
| 121 | JH07C8304 Chasis No.- MD265MF5391D32151 Eng. No.-CF5D91240818 | TVS STAR SPORT | बसिया | 1500/- |
| 122 | JH01AT2791 Chasis No.- MD625NF14C1D51513, Eng. No.-AF1DC1563805 | STAR CITY | बसिया | 1500/- |
| 123 | JH01BA7976 Chasis No.- MBLHA10ASDHF37755 Eng. No.-HA10ELDHF56747 | SPLENDER PRO | बसिया | 1600/- |
| 124 | OR14S4418 Chasis No.- MBLHA10EJ8HL11822, Eng. No.-HA10EA8HL26836 | HERO HONDA SPLENDER | बसिया | 1600/- |
| 125 | DL8SZ3047 Chasis No.- DDFBKG05162, Eng. No.-DDMBKG06057 | CALIBER 155 | बसिया | 1500/- |
| 126 | JH01AM7947 Chasis No.- MD2DHDHZZUCC77530, Eng. No.-DHGBUC58860 | PULSER DTSI | बसिया | 1800/- |
| 127 | JH02C1608 Chasis No.- 03D21C11946 Eng. No.-03D21M09809 | HERO HONDA PASSION | बसिया | 1200/- |
| 128 | JH01BK2580 Chasis No.- ME4JF392JE8061509, Eng. No.-JF39E80061458 | HONDA DIO | बसिया | 2200/- |
| 129 | JH07B8696 Chasis No.-07FDNF12409 , Eng. No.-07FDME00803 | HERO HONDA SPLENDER | बसिया | 1500/- |
| 130 | JH07B4300 Chasis No.- DUFBMF62530, Eng. No.-DUMBMF 86251 | CT100DX | बसिया | 1200/- |
| 131 | JH01V5771 Chasis No.- MBLHA10EJ8GB03883, Eng. No.-HA10EA8GB03543 | SPLENDER PLUS | बसिया | 2500/- |
| 132 | JH01AH5828 Chasis No.- MBLKC12ECAGK04570, Eng. No.-KC12EBAGK03952 | CBZ XTREME | बसिया | 2500/- |
| 133 | JH07A1663 Chasis No.- 8201F140499, Eng. No.-9201M195976 | SUZUKI MAX 100R | बसिया | 1200/- |
| 134 | OR14S7243 Chasis No.- MD2DHDHZZRCL85008, Eng. No.-DHGBRL83873 | BAJAJ PULSER | बसिया | 2000/- |
| 135 | JH01M3653 Chasis No.- AD625KF5851K07111, Eng. No.-AF5H51007155 | TVS STAR | बसिया | 1500/- |
| 136 | OR14G4375 Chasis No.- DFFBJA43763 , Eng. No.-DFFBJA38287 | BAJAJ BOXER AT | बसिया | 1200/- |
| 137 | JH01X5835 Chasis No.-MD2DDDZZZPWL67371 | BAJAJ PLATINA | बसिया | 1500/- |
| 138 | JH07C1369 Chasis No.- MBLHA10EL8GD0D2615, Eng. No.-HA10EB8GD04001 | PASSION PLUS | बसिया | 1500/- |
| 139 | JH01CM4274 Chasis No.- NBLJFW016H4C23715, Eng. No.-JF3F3ABH4C23228 | MAESTRO EDGE | बसिया | 1500/- |
| 140 | JH01AA0560 Chasis No.- MBLJF16EC9JB05768, Eng. No.-JF16EA9GB05793 | PLEASURE | बसिया | 1500/- |
| 141 | JH01X7645 Chasis No.- MBLHA10EJ8HK054F72, Eng. No.-HA10EA8HK10038 | SPLENDER PLUS | बसिया | 1800/- |
| 142 | JH07D3354 Chasis No.- ME154B011B2023063, Eng. No.-54B1023043 | SZ | बसिया | 1500/- |
| 143 | JH01AF8218 Chasis No.- MD634KE4XA2N42889, Eng. No.-OE4NA2210090 | APACHE | बसिया | 2000/- |
| 144 | JH01BA-7976 Chasis No.- MBLHA10ASDHF37755, Eng. No.-HA10ELDHF56747 | SPLENDER PLUS | बसिया | 1800/- |
| 145 | OR14L6570 | TVS SCOOTY POP | बसिया | 1200/- |
| 146 | JH07A3196 Chasis No.- 9209F360755, Eng. No.-E3209M416820 | TVS MAX 100 | बसिया | 1000/- |
| 147 | JH07E 8441 | DIO | बसिया | 2000/- |
| 148 | OR14S4418 Chasis No.-MBLHA10EJ8HL11822, Eng. No.-HA10EA8HL26836 | HERO HONDA SPLENDER PLUS | बसिया | 1600/- |
| 149 | OR14F3541 Chasis No.-DFFBGL84092, Eng No-DEMBGL15211 | BAJAJ BOXER | बसिया | 1500/- |
| 150 | JH20A9037 Eng. N0-HA10EFBHJ73293, Chasis No.-MBLJA10EYBHJ70347 | SPLENDOR + | बसिया | 2000/- |

निविदा की शर्त्त एवं अन्यान्य सूचनायें निम्न है:–

1. डाकवक्ता को जमानत की राशि 500.00 (पांच सौ) रुपये मात्र का बैक ड्राफ्ट उपायुक्त, गुमला के पदनाम से जमा करना होगा, साथ ही डाकवक्ता का आधार कार्ड की अभिप्रमाणित प्रति दिनांक 28.01.2023 को कार्यालय कार्यावधि तक जमा करना होगा, तभी वे डाक में भाग ले सकेगें।
2. असफल डाकवक्ता को जमानत राशि वापस कर दी जायेगी एवं डाक में सफल डाकवक्ता के जमानत राशि को उनके डाक राशि में समायोजित कर दी जायेगी।
3. सफल डाकवक्ता को जमानत राशि को छोड़कर अन्तर राशि को उपायुक्त, गुमला के पदनाम से 03 (तीन) दिनों के भीतर जिला नजारत शाखा, गुमला में जमा कर नाजीर रसीद प्राप्त करने के उपरांत वाहन को संबंधित थाना से प्राप्त कर लेगें।
4. निर्धारित न्यूनतम मूल्य के अतिरिक्त उससे कम राशि पर वाहन की नीलामी नही की जायेगी।
5. नीलामी को किसी भी समय रदद करने एवं डाक बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार उपायुक्त, गुमला के पास सुरक्षित रहेगा।
6. नीलामी के संबंध में विशेष एवं विस्तृत जानकारी हेतु श्री अनुप बी0पी0 केरकेट्टा, प्रभारी सी0सी0आर0–सह– नोडल पदाधिकारी, वाहन नीलामी समिति, गुमला के दूरभाष संख्या– 8757762863 से सम्पर्क स्थापित कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

जिला नजारत उप समाहर्त्ता, गुमला।

PR 288092 (Transport) 22-23 (D)

# हल्के में न लें दांत की परेशानियों को

## दांतों में हो सकती हैं ये बीमारियां, ऐसे रखें ख्याल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दांत हमारे शरीर का ऐसा अंग होते हैं, जो ना सिर्फ चेहरे की सुंदरता को बढ़ाते हैं, बल्कि आपके स्वास्थ्य में भी अहम किरदार निभाते हैं। दांत यदि स्वस्थ्य होंगे, तो आप अच्छे से भोजन को बचा कर खा सकते हैं। इससे भोजन पहने में आसानी में होती है और आप स्वास्थ्य रहते हैं। इसके अलावा कमजोर दांत वालों को फलों यादि को खाने में भी दिक्कत होती है। अब बात करते हैं दांतों को होने वाली बीमारियों की। दांतों को नुकसान क्यों पहुंचता है इस बात को समझने से पहले ये जानना जरूरी है कि दांत होता क्या है।



दांत, हड्डी के नहीं बने होते बल्कि ये अलग-अलग घनत्व व कोठर ऊतकों या टिशुओं से बने होते हैं। विभिन्न खाद्य पदार्थों में मिलावट के चलते बड़े पैमाने पर लोगों में दांतों की बीमारियां देखने को मिल रही हैं। आपको मालूम होना चाहिए कि दांतों की बीमारियों का संबंध शरीर की अन्य बीमारियों से भी होता है।

**हैलिटोसिस–** हैलिटोसिस को आमतौर पर मुंह की दुर्गंध के रूप में जाना जाता है। मुंह से दुर्गंध आना सबसे शर्मनाक दांत की समस्याओं में से एक है। यह सामाजिक शर्मिंदगी का कारण भी बन सकता है। हैलिटोसिस के कारण दांतों को क्षति पहुंच सकती है।

**पायरिया–** शरीर में कैल्शियम की कमी होने, मसूड़ों की खराबी और दांत-मुंह की साफ सफाई में कमी रखने से होता है। इस रोग में मसूड़े पिलपिले और खराब हो जाते हैं और उनसे खून आता है। सांसों की बदबू की वजह भी पायरिया को हीन माना जाता है। पायरिया होने पर जब आप दांतों को ब्रश करते हैं, तो उस समय मसूड़ों से खून निकलता है। सांसों से बदबू आने लगती है। दांत ढीले हो जाते हैं या दांतों की स्थिति में परिवर्तन हो जाता है। चबाने पर दर्द महसूस होता है। दांतों के बीच अंतराल बढ़ जाता है और दांत टूट कर गिरने लगते हैं। अपने मुंह का स्वाद परिवर्तित हो जाता है।

**कैविटी–** इसमें दांतों में कीड़े लग जाते हैं, जो धीरे-धीरे दांत को कमजोर कर देते हैं। ये बीमारियां विशेषतौर पर तब होती हैं, जब खाना दांतों पर चिमका रह जाता है। बहुत ज्यादा चॉकलेट, टॉफी को खाने वाले बच्चों में ये बीमारी ज्यादा पाई जाती है। इस बीमारी में दांत कमजोर हो जाते हैं और टूट कर गिर भी जाते हैं।

**एनामेलोमास–** एनामेलोमास दांतों की वह असामान्यता है, जिसमें दांतों के कुछ हिस्सों पर इनामेल पाया जाता है जहां इनामेल नहीं होना चाहिए। यह जड़ों के बीच के हिस्सों में पाया जाता है, जिसे दाड का विभाजन भी बोलते हैं।

**हाइपोडंटिया–** दांतों की वह असामान्यता है जिसमें 6 या 6 से अधिक प्राथमिक दांत, स्थिर और पक्के दांत या फिर दोनों प्रकार के ही दांत विकसित नहीं हो पाते हैं। यह एक अनुवांशिक रोग है जो किसी-किसी मनुष्य में पाया जाता है।

**पीरियडोंटल या मसूड़ों की बीमारी–** यह लाल रंग के सूजे हुए, दर्दनाक गम और संवेदनशील दांतों के लक्षण होते हैं। इसे नियमित रूप से सुबह और रात को ब्रश करने और दांतों को फ्लॉस करने से रोका जा सकता है। इसके अलावा शरीर की अन्य बीमारियों का असर भी दांतों पर पड़ता हैं। इन बीमारियों में भी दांत कमजोर हो जाते हैं।


**डायबिटीज के दौरान दांत कमजोर होना–** मधुमेह के रोगियों में मसूड़ों में सूजन, दांतों का ढीलापन और मुंह से बदबू आना आदि की समस्या पायी जाती है। इन रोगियों में मुंह की लार में पाये जाने वाले कीटाणु अधिक सक्रिय हो जाते हैं। इसलिए उनके मसूड़ों और जबड़े की हड्डी में संक्रमण हो जाता है। ऐसे में दांत कमजोर हो जाते हैं।

**गर्भावस्था के दौरान मसूड़ों में सूजन–** गर्भावस्था के दौरान हॉर्मोनल परिवर्तन के कारण मसूड़ों में सूजन एवं खून आने की शिकायत जिसे प्रग्नेंसी जिंजीपाइटिस कहते हैं, पायी जाती है। इसलिए गर्भवती महिलाओं को अपने दांतों का चेकअप करवाते रहना चाहिए। इसके अतिरिक्त अर्थराइटिस, अस्थमा आदि में भी दांतों का खास ध्यान रखना चाहिए।

**ऐसे रखें दांतों का ख्याल :** हमेशा नरम बालों वाले ब्रश का उपयोग करें। नियमित रूप से प्रातः एवं सोने से पूर्व ब्रश करें। ब्रश करने में लगभग दो मिनट का समय दें। बहुत देर तक ब्रश करना दांतों के इनेमल के लिए हानिकारक होता है। अच्छे फ्लोराइड युक्त टूथपेस्ट का प्रयोग करें। ब्रश को प्रत्येक चार महीने में बदल दें। दांतों की दरारों को साफ करने के लिए डेंटल फ्लॉस अथवा मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध इंटर डेंटल ब्रश का उपयोग करें। माउथवॉश का नियमित रूप से प्रयोग करें।

## मोतियों जैसे चमकायें अपने दांत

दुनिया में किसी भी इंसान की मुस्कुराहट उसके व्यक्तित्व का प्रतीक होती है। मुस्कुराहट में चार चांद हमारे दांत ही लगाते हैं, मगर अगर आपके दांतों पर पीलापन है, तो ये मुस्कुराहट आप किसी दूसरे व्यक्ति के सामने दिखाने पर हिचकिचाने लगते हैं। कई बार आपके पीले दांत आपको खुलकर हंसने की इजाजत नहीं देते हैं। आपके लिए पीले दांत बेइज्जती का सबब बन सकते हैं। हमारे खानपान में की गयी कुछ गलतियों का असर दांतों पर दिखने लगता है। धूम्रपान के ज्यादा सेवन, चाय, काबोर्नेटेड पेय, जामुन के सेवन आदि से दातों पर दाग पड़ जाते हैं और दांत खराब दिखने लगते हैं। कई बार महंगे से महंगा टूथपेस्ट इस्तेमाल करने के बाद भी दांतों में पीलापन रह ही जाता है। ऐसे में घर पर मौजूद कुछ चीजें आपके दांतों में मोतियों जैसी चमक लौटा सकती हैं। दांतों की समस्या के लिए नीम का इस्तेमाल काफी अच्छा रहता है। दांतों से पीलापन दूर करने के लिए नीम के दातून का इस्तेमाल करें इससे आपके दांत और ज्यादा मजबूत भी होंगे। नीम में दांतों को सफेद बनाने और बैक्टीरिया को खत्म करने के गुण पाये जाते हैं। बेकिंग सोडा और नींबू दांतों की चमक को बढ़ा सकता है। इसका इस्तेमाल करने के लिए 1 चम्मच बेकिंग सोडा लें. इसमें थोड़ा सा नींबू का रस मिक्स कर लें। इसके बाद इसे अपने दांतों पर रगड़ें। फिर नॉर्मल पानी से कुल्ला करें। इससे आपके दांत काफी चमकने लगेंगे।




## श्री डेंटल क्लिनिक में दांतों का फ्री चेक अप



डॉ चंचला रानी

**रांची।** श्री डेंटल क्लिनिक की तरफ से दांतों का फ्री चेक अप छात्र-छात्राओं एवं आर्मी के लोगों को दिया जाता है। दांतों की झनझनाहट, दर्द, सड़न एवं कैविटीज न हो इसलिए हर तीसरे महीने चेक अप कराते रहना चाहिए। मगर अधिकतर लोग दांतों की परेशानी जब तक बढ़ न जाये तब तक डॉक्टर के पास नहीं जाते हैं। जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ता है।

### ब्लड प्रेशर मरीज सावधान

**ब्लड** प्रेशर की बीमारी- इन रोगियों में मसूड़ों से खून आना, दुर्गंध और मुख में सूखापन आदि की समस्या पाई जाती है। अतः इन रोगियों को अपने रक्तचाप को नियंत्रण में रखना चाहिए। हृदय रोग में होने वाले दर्द को आमतौर पर कभी-कभी दांत के दर्द से जोडकर देख लिया जाता है।

### असावधानी ही कारण

दांतों की सही तरीके से देखभाल न करने से आज बच्चे से लेकर युवा तक कई बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। इसमें युवा ज्यादा हैं। जिन बीमारियों की चपेट में ये आ रहे हैं उनमें दांतों में कीड़ा लगना, पायरिया, मसूड़ों में सड़न, दांतों में असहनीय दर्द होना, कैविटी, दांतों में सफेद धब्बे, झनझनाहट, दांतों का पीला पड़ना आदि हैं।

### पायरिया

शरीर में कैल्शियम की कमी होने, मसूड़ों की खराबी और दांत-मुँह की साफ सफाई में कमी रखने से होता है. इस रोग में मसूड़े पिलपिले और खराब हो जाते हैं और उनसे खून आता है।
















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**